आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

■ रायपुर,रविवार 30 जून 2024 ■ आषाढ़ कृष्ण पक्ष-9 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-093 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 1 जुलाई 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

phone: 0771-2543112

## ऑनलाइन होगी नीट परीक्षा

**नई दिल्ली,30 जून।** नीट पेपर लिक मामला सरकार के लिए परेशानी का सबब बन गया है। इसे लेकर पूरे देश में विरोध प्रदर्शन हो रहा है। इससे सरकार बैक फुट पर है। पेपर लीक को लेकर मचे हंगामे के बीच इसके फॉर्मेट में बदलाव की भी बात सामने आई है। खबर है कि सरकार अगले साल से नीट परीक्षा ऑनलाइन कराने पर विचार कर रही है। इसे लेकर जल्द ही शिक्षा मंत्रालय बड़ा फैसला ले सकती है।

बता दें कि पेपर लीक के मुद्दे पर केंद्र की हाई लेवल कमेटी ने छात्रों और अभिभावकों से सुझाव मांगे हैं। कमेटी ने इनसे परीक्षा में सुधार और एनटीए को लेकर सुझाव मांगे हैं। नीट मामले में केंद्र ने सात सदस्यीय कमेटी बनाई थी। छात्रों और अभिभावकों की ओर से भेजे गए सुझाव में ऑनलाइन परीक्षा भी शामिल है। वर्तमान में नीट यूजी एग्जाम पेन और पेपर मोड में करवाया जाता है। इस पेपर का फॉर्मेट एमसीक्यू वाला होता है, जिसमें छात्रों को आंसर चुनने के लिए ऑप्शन दिए जाते हैं। छात्र अपने आंसर को एक ओएमआर शीट पर लिखते हैं, जिसे बाद में स्कैन किया जाता है। हालांकि, स्वास्थ्य मंत्रालय ने कई मौकों पर नीट यूजी एग्जाम को ऑनलाइन मोड में करवाने पर असहमति जताई है। स्वास्थ्य मंत्रालय की तरफ से




ही नीट एग्जाम को नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) आयोजित करवाती है।

अभी आईआईटी और इंजीनियरिंग कॉलेजों में दाखिले के लिए ज्वाइंट एंट्रेंस एग्जाम (जेईई) मेन्स और अडवांस्ड एग्जाम ऑनलाइन मोड में करवाए जाते हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, केंद्र सरकार ने एनटीए में सुधार और एग्जाम प्रोसेस में समीक्षा करने के लिए इसरो के पूर्व अध्यक्ष के. राधाकृष्णन की अध्यक्षता में सात सदस्यीय पैनल का गठन किया। इस पैनल की पिछले एक हफ्ते में हुई कम से कम तीन हाई लेवल की बैठकों में जेईई एग्जाम के फॉर्मेट पर चर्चा की है।

दरअसल, 2018 में तत्कालीन शिक्षा मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने ऐलान किया था कि नीट 2019 से ऑनलाइन और साल में दो बार आयोजित किया जाएगा। हालांकि, स्वास्थ्य मंत्रालय ने इस ऐलान पर आपत्ति जताई और कहा कि उसकी परामर्श के बिना फैसला लिया गया है। फिर शिक्षा मंत्रालय ने अपने फैसले को मजबूरन वापस ले लिया। स्वास्थ्य मंत्रालय इस बात को लेकर चिंतित था कि अगर ऑनलाइन एग्जाम करवाए जाते हैं तो इससे गरीब और ग्रामीण छात्रों को नुकसान होगा।

## हेमंत सोरेन के बयान पर बिफरे मुख्यमंत्री साय

### कहा- आदिवासी समाज का न करें अपमान

**रायपुर,30 जून।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को उस बयान पर आड़े हाथों लिया है, जिसमें उसने भाजपा शासित राज्यों के आदिवासी मुख्यमंत्रियों को रबर स्टाम्प बताया है. सोरेन के इस बयान पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पलटवार करते हुए सोरेन परिवार को जनता को लूटकर गाढ़ी कमाई करने वाला परिवार कहा है. मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स में लिखा है कि देश भर में जिस तरह से भाजपा, सक्षम आदिवासी नेतृत्व दे रही है, ऐसा इससे पहले कभी नहीं था. ऐसे में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आदिवासी मुख्यमंत्रियों के बारे में अनर्गल प्रलाप निंदनीय है. यह देश भर के आदिवासी और पिछड़े समाज का अपमान है. जीवन भर अपने कृत्यों से सोरेन परिवार जिस तरह आदिवासी समाज को बदनाम करता रहा है, वह भी निंदनीय है. साय ने कहा कि जनता की गाढ़ी कमाई लूटकर अपनी तिजोरी भरने वाले सोरेन और उनकी पार्टी को आगामी विधानसभा चुनाव में झारखंड की जनता सबक सिखाने का मन बना चुकी है. यही कारण है कि अब वे समाज के प्रति ही अनाप-शनाप बयानबाजी पर उतारू हो गये हैं. सोरेन परिवार के रिश्वत कांड को भी अभी तक जनता भूली नहीं है. हेमंत सोरेन को यह समझ लेना



चाहिए कि महज जमानत मिल जाना अपराध मुक्ति का सर्टिफिकेट नहीं होता है. अंतिम फैसला अभी बाकी है. उन्होंने कहा कि दरअसल आदिवासियों, अनुसूचित जातियों, अन्य पिछड़ा वर्ग, महिलाओं और युवाओं के बीच भाजपा की बढ़ती लोकप्रियता से इंडी गठबंधन घबराया हुआ है. इसी कारण ऐसी बयानबाजी हो रही है. समाज को अपमानित करने वाले किसी भी बयान को जनता सहन नहीं करेगी, इसका माकूल जवाब देगी. इसके साथ ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय पीएम मोदी की 'मन की बात' को लेकर कहा कि प्रधानमंत्री ने मन की बात में मां की बात की है. लोगों से एक पेड़ मां के नाम लगाने का आह्वान किया है.

## संक्षेप

### प्रदेश में 1 से 3 जुलाई तक कार्डधारियों को नहीं मिलेगा राशन

**रायपुर,30 जून।** छत्तीसगढ़ में जुलाई के पहले सप्ताह में 3 दिन तक कार्डधारियों को उचित मूल्य की राशन दुकानों में खाद्यान्न नहीं मिलेगा. विभागीय डाटाबेस को नए क्लाउड सर्वर पर स्थानांतरित करने का कार्य 1 से 3 जुलाई तक किया जाएगा. इसके कारण तीन दिन तक प्रदेशभर की राशन दुकानों भी बंद रखी जाएंगी. खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उप. संरक्षण विभाग के अपर सचिव ने इस संबंध में 28 जून को आदेश जारी किया है. इस आदेश के तहत प्रदेश के सभी कलेक्टरों को विभागीय डाटाबेस को नवीन क्लाउड सर्वर पर स्थानांतरित किए जाने की जानकारी दी गई है. वर्तमान में खाद्यान्न पोर्टल को छोड़कर सभी विभागीय ऑनलाइन कार्यवाही राज्य डाटा सेंटर में स्थित विभागीय सर्वर के माध्यम से किया जा रहा है. एसडीसी सर्वर में लगातार आ रही समस्याओं के निराकरण के लिए नवीन क्लाउड सर्वर एनआईसी माध्यम से किराए पर लिया गया है. इसमें विभागीय डाटाबेस को स्थानांतरित किया जाएगा. इसके कारण एसडीसी स्थित विभागीय सर्वर तीन दिन तक बाधित रहेगा.

### खरीदी केंद्र से 249 क्विंटल धान गायब

**राजिम,30 जून।** धान खरीदी केंद्र में धान गायब का मामला सामने आया है. जेंजरा के धान खरीदी केंद्र में करीब 7 लाख रुपये कीमत का 249 क्विंटल धान गायब होने का खुलासा ऑनलाइन रिपोर्ट में हुआ है. इस मामले में समिति प्रबंधक नोटिस जारी किया गया है. साथ तीन दिवस के अंदर जवाब नहीं दिए जाने पर समिति प्रबंधक पर कार्रवाई की बात कही गई है. यह आदेश कार्यालय सहायक आयुक्त एवं सहायक पंजीयक गरियाबंद द्वारा जारी किया गया है.

### एक जुलाई को मिलेगी महतारी वंदन की पांचवी किस्त

**रायपुर,30 जून।** एक जुलाई को महतारी वंदन योजना की पांचवी किस्त जारी होगी. मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि महतारी वंदन योजना की पांचवी किस्त कल मिलेगी. 70 लाख से ज्यादा महिलाओं को इसकी राशि मिलेगी. महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रुपए मिल रहा है.

### शॉर्ट सर्किट से आग

**भिलाई,30 जून।** शहर में दो अलग-अलग जगहों में आग लगने की दुर्घटनाएं हुईं। एक दुर्घटना में शॉर्ट सर्किट से ऑटो पार्ट की दुकान में आग लगने से पूरा सामान जलकर राख हो गया। वहीं दूसरी दुर्घटना में एक महिला बुरी तरह झुलस गई। गंभीर हालत में महिला को जिला अस्पताल दुर्ग में भर्ती किया गया है जानकारी के मुताबिक भिलाई-3 थाना क्षेत्र के चरोदा बस्ती में दाउ रामकमल नारायण चौक के पास एक जगेश्वरी यादव नाम की महिला गोबर के उपलों में मिट्टी तेल डालकर आग लगा रही थी। वह ध्यान नहीं दे पाई और आग अचानक ही भभक गई। इससे महिला आग की चपेट में आ गई। महिला की साड़ी में आग पकड़ लेने ने वो बुरी तरह जल गई।

आसपास मौजूद लोगों ने बड़ी मुश्किल से महिला की आग को बुझाया। इसके बाद उसे इलाज के लिए लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला लाया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद महिला को जिला अस्पताल दुर्ग रेफर कर दिया गया। महिला को बर्न यूनिट में भर्ती कराया गया है। दूसरी घटना सुपेला भिलाई में घड़ी चौक से गदा चौक के बीच स्थित लक्ष्मी मार्केट की है। यहां एक कृष्णा ट्रेडर्स नाम की ऑटो पार्ट्स की दुकान है। दुकान संचालक रामदास प्रजापति ने बताया कि शनिवार रात दुकान बंद करके घर चला गया था। अचानक बिजली के प्लग में शॉर्ट सर्किट हुआ। इससे तार में आग लग गई और आग पूरे दुकान में फैल गई। दुकान से धुआं निकलता देख सामने खड़े फल विक्रेता ने उसे फोन कर सूचना दी, जब तक वह दुकान पर पहुंचा, तब तक आग ने पूरी दुकान को अपनी चपेट में ले लिया था।

## 1 जुलाई से बदलेंगी इन धाराओं की पहचान



नई दिल्ल,30 जून। देश में अंग्रेजों के जमाने से चले आ रहे तीन आपराधिक कानूनों में बड़ा बदलाव होने जा रहा है। संसद द्वारा दिसंबर 2023 में पारित तीन नए कानून - भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम - अब पूरे देश में 1 जुलाई से प्रभावी होंगे। ये नए कानून क्रमशः भारतीय दंड संहिता (1860), आपराधिक प्रक्रिया संहिता (1898) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (1872) का स्थान लेंगे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संसद में कहा था कि नए कानूनों में सजा देने के बजाय न्याय देने पर अधिक ध्यान केंद्रित किया गया है। यह बदलाव भारतीय न्याय प्रणाली में ऐतिहासिक परिवर्तन का प्रतीक है, जिससे न केवल कानून व्यवस्था में सुधार होगा बल्कि न्याय की प्रक्रिया भी अधिक न्यायसंगत और पारदर्शी बनेगी। भारतीय दंड संहिता की 511 धाराओं को घटाकर 358 धाराएं कर दी गई हैं। इसमें 20 नए अपराध जोड़े गए हैं, 33 अपराधों में सजा अवधि बढ़ाई गई है, 83 अपराधों में जुर्माने की रकम बढ़ाई गई है, 23 अपराधों में अनिवार्य न्यूनतम सजा का प्रावधान है और छह अपराधों में सामुदायिक सेवा की सजा का प्रावधान किया गया है।

### महत्वपूर्ण धाराओं में बदलाव

**धारा 124**-राजद्रोह से संबंधित धारा को अब 'देशद्रोह' कहा जाएगा। इसे राज्य के विरुद्ध अपराधों की श्रेणी में रखा गया है।

**धारा 144**-घातक हथियार से लैस होकर गैरकानूनी सभा में शामिल होने वाली धारा को अब सार्वजनिक शांति के विरुद्ध अपराधों की श्रेणी में रखा गया है।

**धारा 302**-हत्या से संबंधित मामलों को अब धारा 101 के तहत सजा दी जाएगी।

**धारा 307**-हत्या के प्रयास में दोषियों को अब धारा 109 के तहत सजा दी जाएगी।

**धारा 376**-दुष्कर्म से संबंधित अपराधों की सजा को अब धारा 63 में परिभाषित किया गया है। सामूहिक दुष्कर्म की सजा धारा 70 के तहत दी जाएगी।

**धारा 399**-मानहानि के मामले अब धारा 356 के तहत देखे जाएंगे।

**धारा 420**-धोखाधड़ी या ठगी के अपराध को अब धारा 316 के तहत रखा गया है।

### सीआरपीसी और साक्ष्य अधिनियम में बदलाव

भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता ने दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की जगह ली है। इसमें 531 धाराएं हैं, जो कि सीआरपीसी की 484 धाराओं से अधिक हैं। नए कानून में 177 प्रावधान बदले गए हैं, नौ नई धाराएं और 39 उपधाराएं जोड़ी गई हैं, और 35 धाराओं में समय सीमा तय की गई है।

### भारतीय साक्ष्य अधिनियम

नए भारतीय साक्ष्य अधिनियम में 170 प्रावधान हैं, जबकि पहले वाले कानून में 167 प्रावधान थे। नए कानून में 24 प्रावधान बदले गए हैं।

## हर किसी के जीवन में अहम होती है मां : मोदी

**नई दिल्ली,30 जून।** पीएम मोदी ने कहा कि हम अपनी मां के कर्ज को कभी चुका नहीं सकते। मां हर किसी के जीवन में अहम होती है। इसलिए हम इस बार एक नई शुरुआत करे। अपनी मां के नाम पेड़ लगाएं और तस्वीरें मुझे भेजें। मैं अपने देशवासियों से अपील करता हूं कि हर देशवासी अपनी मां के नाम पेड़ लगाकर धरती मां की रक्षा करे।

लोकसभा चुनाव में तीसरी बार जीत हासिल करने के बाद पीएम मोदी पहली बार 'मन की बात' कार्यक्रम को संबोधित किया। मोदी 3.0 में पहली 'मन की बात' में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस, पेरिस ओलंपिक, केरल का छाता, आंध्र की कॉफी समेत कई विषयों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री ने करीब चार महीने बाद उन्होंने इस कार्यक्रम के जरिए देश को संबोधित किया। यह इस कार्यक्रम का 111वां एपिसोड था।

पीएम मोदी ने कहा कि आज 30 जून का ये दिन बहुत ही महत्वपूर्ण है। इस दिन को हमारे आदिवासी भाई-बहन 'हूल दिवस' के रूप में मनाते हैं। यह दिन वीर सिद्धो-कान्हू के अदम्य साहस से जुड़ा है, जिन्होंने विदेशी शासकों के अत्याचार का पुरजोर विरोध किया था। वीर सिद्धो-कान्हू ने हजारों संथाली साथियों को एकजुट करके अंग्रेजों का जी-जान से मुकाबला किया था। तब झारखंड के संथाल परगना



में हमारे आदिवासी भाई-बहनों ने विदेशी शासकों के खिलाफ हथियार उठा लिया था। प्रधानमंत्री ने हाल ही में मनाए गए योग दिवस के महत्व को लेकर बात की और उन्होंने बताया कि ये जीवन के लिए कितना जरूरी है। उन्होंने कहा कि इस महीने पुरी दुनिया ने 10वें योग दिवस को भरपूर उत्साह और उमंग के साथ मनाया है। मैं भी जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में आयोजित योग कार्यक्रम में शामिल हुआ था। कश्मीर में युवाओं के साथ-साथ बहनों-बेटियों ने भी योग दिवस में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

पीएम मोदी ने पेरिस ओलंपिक को लेकर चल रही तैयारियों पर बात की। उन्होंने कहा कि टोक्यो में हमारे खिलाड़ियों के प्रदर्शन ने हर भारतीय का दिल जीत लिया था। अब पेरिस ओलंपिक की तैयारियां चल रही हैं. पेरिस ओलंपिक में कुछ चीजें पहली बार देखने को मिलेंगी। प्रधानमंत्री ने बताया कि शूटिंग में हमारे खिलाड़ियों की प्रतिभा निखरकर सामने आ रही हैं। टेबल-टेनिस में पुरुष और महिला दोनों टीमें क्वालिफाई कर चुकी हैं। भारतीय शॉटगन टीम में हमारी शूटर बेटियां भी शामिल हैं।

पीएम मोदी ने देशवासियों को एक खास कॉफी के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि भारत के कितने ही प्रोडक्ट्स हैं, जिनकी दुनिया-भर में बहुत डिमांड है और जब हम भारत के किसी लोकल प्रोडक्ट को ग्लोबल होते देखते हैं तो गर्व से भर जाना स्वाभाविक है। ऐसा ही एक प्रोडक्ट है अराकु कॉफी. अराकु कॉफी आंध्र प्रदेश के अल्लुरी सीता राम राजू जिले में बड़ी मात्रा में पैदा होती है। ये अपने रिच फ्लेवर और अरोमा के लिए जानी जाती है।

## वे फेल होने के बाद भी खुद को पास बता रहे: अमित शाह

**नई दिल्ली,30 जून।** लोकसभा चुनाव के बाद इस साल हरियाणा और महाराष्ट्र में होने वाला विधानसभा चुनाव भाजपा और इंडी के लिए पहली परीक्षा होगी। हरियाणा



विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने कमर कस ली है। नायाब सिंह सैनी की अगुवाई में बीजेपी हरियाणा में अकेले चुनाव लड़ेगी। चुनाव की तैयारी पर चर्चा करने अमित शाह ने पंचकूला में बीजेपी नेताओं संग बैठक की। बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस लोगों में भ्रम फैलाकर लोकसभा चुनाव में अपनी हार को छिपाने की कोशिश कर रही है। शाह ने कहा, 'हमें 100 में से 85 अंक की उम्मीद थी, लेकिन हमें 75 अंक मिले और कांग्रेसी हमें 'फेल' कह रहे हैं। उन्हें सिर्फ 25 अंक मिले और वे खुद को 'पास' कह रहे हैं। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि वे (कांग्रेस) फेल होने (केंद्र में सरकार बनाने में) के बाद भी खुद को 'पास' कह रहे हैं। भाजपा को अकेले ही पूरे इंडिया ब्लॉक जितनी सीटें मिली हैं। अमित शाह ने पंचकूला में भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ मीटिंग में आगामी हरियाणा विधानसभा चुनाव को लेकर भी कई बड़ी बातें कहीं। उन्होंने कहा कि हरियाणा में बीजेपी नायब सिंह सैनी की अगुवाई में अकेले लड़ेगी और तीसरी बार राज्य में सत्ता में आएगी। केंद्रीय गृह मंत्री ने आगे कहा कि हरियाणा में अब 'तारा, सितारा' नहीं चलेगा।

## सोमवार को संसद में जोरदार हंगामे के आसार

### विपक्ष नीट प्रश्नपत्र लीक, अग्निपथ योजना जैसे मुद्दों पर पूछेगा सवाल

**नयी दिल्ली,30 जून।** संसद की कार्यवाही के सोमवार को पुनः आरंभ होने पर, राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) प्रश्नपत्र लीक, अग्निपथ योजना और महंगाई जैसे मुद्दों पर जोरदार बहस होने की संभावना है। विपक्ष प्रश्नपत्र लीक मामले के अलावा बेरोजगारी का मुद्दा भी उठा सकता है। लोकसभा में, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदस्य और पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा की शुरुआत करेंगे। भाजपा की दिवंगत नेता सुषमा स्वराज की बेटी एवं पहली बार की लोकसभा सदस्य बांसुरी स्वराज इस प्रस्ताव का अनुमोदन करेंगी। लोकसभा ने धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के लिए 16 घंटे का समय निर्धारित किया है, जिसका समापन मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जवाब के साथ होगा। राज्यसभा में चर्चा के लिए 21 घंटे का समय निर्धारित किया गया है और प्रधानमंत्री के बुधवार को (चर्चा पर) जवाब देने की संभावना है। नीट मुद्दे पर संसद में इस सप्ताह काफी हंगामा हुआ। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने पांच मई को नीट-यूजी का आयोजन किया था, जिसमें करीब 24 लाख परीक्षार्थी शामिल हुए थे। नतीजे चार जून को घोषित किए गए, लेकिन इसके बाद बिहार जैसे राज्यों में प्रश्नपत्र लीक होने के अलावा परीक्षा से जुड़ी अन्य अनियमितताओं के आरोप लगे। राज्यसभा में चर्चा की शुरुआत करते हुए भाजपा सदस्य सुधांशु त्रिवेदी ने मोदी को ''अतुलनीय'' बताया था और कहा था कि देश के सामने आने वाले मुद्दों से निपटने के उनके दृष्टिकोण और देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू द्वारा अपनाए गए दृष्टिकोण में बहुत अंतर है। भाजपा सदस्य कविता पाटीदार ने प्रस्ताव का समर्थन किया था और चर्चा में अब तक नौ अन्य सदस्य भाग ले चुके हैं। लोकसभा में शुक्रवार को विपक्षी सदस्यों ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'नीट-यूजी' में कथित अनियमितता पर चर्चा कराने की मांग को लेकर हंगामा किया, जिस कारण सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। नीट विवाद पर चर्चा कराने की मांग को लेकर विपक्ष ने राज्यसभा में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया तथा विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे भी अपने साथी सदस्यों के साथ आसन के करीब आ गए। नीट मुद्दे पर हंगामे के बीच छत्तीसगढ़ से कांग्रेस सांसद फूलो देवी नेताम उच्च रक्तचाप के कारण अचानक बेहोश हो गईं, जिसके बाद उन्हें राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। विपक्षी दलों के सदस्यों ने सदन की कार्यवाही स्थगित न करने तथा राज्यसभा सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता न करने के लिए सरकार की आलोचना की।

## सुनीता विलियम्स की अंतरिक्ष से वापसी अब चिंता की बात नहीं

### इसरो चीफ सोमनाथ ने दी गुड न्यूज

**नई दिल्ली,30 जून।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के प्रमुख एस सोमनाथ ने भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स की अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की वापसी को लेकर अच्छी खबर दी है। उन्होंने कहा है कि उनकी वापसी चिंताजनक मुद्दा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने भरोसा दिलाया है कि अंतरिक्ष स्टेशन लोगों के लिए लंबे समय तक रहने के लिए एक सुरक्षित स्थान है। सुनीता विलियम्स महीनों तक अंतरिक्ष में रह सकती हैं। इसरो चीफ ने कहा, यह केवल सुनीता विलियम्स या किसी अन्य अंतरिक्ष यात्री की बात नहीं है। उन्हें किसी न किसी दिन वापस आना ही है। पूरा मुद्दा बोइंग स्टारलाइनर नामक एक नए क्रू मॉड्यूल के परीक्षण, वहां जाने और फिर सुरक्षित वापस आने की क्षमता के बारे में है। स्पेस एजेंसी के पास उन्हें घर वापस लाने के लिए पर्याप्त क्षमताएं हैं। यह कोई मुद्दा नहीं है। आईएसएस लोगों के लिए लंबे समय तक रहने के लिए एक सुरक्षित स्थान है। नासा के दो अंतरिक्ष यात्री बैरी विल्मोर और सुनीता



विलियम्स 14 जून को वापस लौटने वाले थे। हालांकि, बोइंग के स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान में कई समस्याएं आ चुकी हैं। इस वजह से उनकी वापसी में कई बार देरी हो चुकी है। सोमनाथ ने इस बात पर जोर दिया कि अंतरिक्ष यात्रियों की वापसी के बारे में चिंता करने के बजाय, एक नए क्रू मॉड्यूल के परीक्षण और अंतरिक्ष में यात्रा करने की इसकी क्षमता पर विचार किया जाना चाहिए। उन्होंने विलियम्स की नए अंतरिक्ष यान की पहली उड़ान भरने के साहस के लिए भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा, हम सभी को उन पर गर्व है। उनके नाम कई मिशन हैं। नए अंतरिक्ष यान की पहली उड़ान पर यात्रा करना एक साहसी बात है। वह खुद डिजाइन टीम की हिस्सा हैं और उन्होंने अपने अनुभव से इनपुट का इस्तेमाल किया है। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के दो आईएसएस पर अभी और अधिक समय तक रुकेंगे, क्योंकि वे वहां अपनी यात्रा के दौरान बोइंग के नए अंतरिक्ष कैप्सूल में आई समस्याओं का समाधान कर रहे हैं। नासा ने अंतरिक्ष यात्रियों की वापसी की शुक्रवार को कोई तारीख नहीं बताई और कहा कि वे सुरक्षित हैं। नासा के वाणिज्यिक चालक दल कार्यक्रम प्रबंधक स्टीव स्टिच ने कहा, हमें वापस लौटने की कोई जल्दी नहीं है। नासा के अनुभवी परीक्षण पायलट सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर अंतरिक्ष में घूमती प्रयोगशाला के लिए पांच जून को बोइंग के स्टारलाइनर के जरिए रवाना हुए थे। विलियम्स और बुच विल्मोर को लेकर बोइंग का 'क्रू फ्लाइट टेस्ट मिशन' वर्षों के विलंब और असफलताओं के बाद फ्लोरिडा के 'केप कैनवेरल स्पेस फोर्स स्टेशन' से रवाना हुआ था। विलियम्स और विल्मोर के करीब एक सप्ताह तक अंतरिक्ष में रहने का अनुमान था जो कैप्सूल की जांच करने के लिए पर्याप्त समय था, लेकिन अंतरिक्ष यान को चलाने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली कैप्सूल की प्रणोदन प्रणाली में समस्याओं के कारण नासा और बोइंग को उनकी धरती पर वापसी की योजना कई बार स्थगित करनी पड़ी।

### आईसीसी के टी-20 विश्वकप 2024 स्पर्धा में भारत चैंपियन

jasclaudius@gmail.com

## टीम वर्क के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन ने दिलाई विजयश्री

✍ जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कपिल देव के नेतृत्व में 1983 में एक दिवसीय विश्वकप जीत लेने के बाद भारत में क्रिकेट की जो लोकप्रियता बढ़ी वह आज तक कम नहीं हुई है। 1983 से पहले हॉकी, फुटबाल, टेनिस, एथलेटिक्स, कुश्ती ये कुछ ऐसे खेल थे जिसके माध्यम से भारत के खिलाड़ी विश्व स्तर पर अपनी पहचान बना चुके थे। 1928 से ओलंपिक खेलों के अंतर्गत हॉकी में पदक जीतने का जो क्रम आरंभ हुआ वह 1976 में आकर थम गया। 1976 के मांट्रियाल ओलंपिक में ऐसा पहली बार हुआ जब भारतीय हॉकी टीम को कोई पदक नहीं मिला। फुटबाल में 1951 से 1962 तक स्वर्ण युग के दौर में 1956 मेलबोर्न ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहने के बाद 1963 से 1984 तक की अवधि में सिर्फ 1970 में एशियन गेम्स में कांस्य पदक जीता जिसके कारण बाद में फुटबाल भारतारियों की पहली पसंद नहीं रही और फिर भारतीय फुटबाल टीम क्षेत्रीय स्तर पर सिमट कर रही गई। 1900 के पेरिस फ्रांस में सम्पन्न ओलंपिक खेलों में एथलेटिक्स के 200 मीटर तथा 200 मीटर बाधा दौड़ में नार्मन रिचर्ड ने दो रजत पदक भारत के लिए जीते। फिर मिल्खा सिंह, पीटी उषा ओलंपिक पदक से चूके, कुश्ती में 1952 में केडी जाधव ने कांस्य पदक जीता लेकिन 1920 एंटवर्प ओलंपिक में रंधीर शिंदे, 1952 में केशव मांगवे चौथे स्थान पर रहकर पदक से चूके। टेनिस में रामनाथन कृष्णन विंबल्डन में चमके। हालांकि 2000 के बाद से भारतीय खेल परिदृश्य में लिएंडर पेस, महेश भूपति,कर्णम मल्लेश्वरी, अभिनव बिंद्रा, नीरज चोपड़ा, पीव्ही सिंधू, एमसी मेरीकाम, सुशील कुमार, साक्षी मलिक जैसे खिलाड़ी उभरकर आये हैं। फिर से टेनिस, भारोत्तोलन, निशानेबाजी, कुश्ती, मुक्केबाजी, बैडमिंटन, एथलेटिक्स, हॉकी आदि खेलों में भारतीय खिलाड़ी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत का नाम रोशन कर रहे हैं। इन सबके बावजूद 1983 से क्रिकेट ने भारतीय जनमानस में जो स्थान बनाया उसके अनुरूप निरंतर भारतीय क्रिकेट सितारों ने अंतर्राष्ट्रीय




स्तर पर अपना प्रदर्शन जारी रखा है। 2007 में टी-20 अंतर्राष्ट्रीय चैंपियनशिप में विजेता बने फिर 2011 में दूसरी बार एक दिवसीय चैंपियनशिप पर कब्जा जमाया उसके पश्चात अब 2024 में संयुक्त राज्य अमेरिका और वेस्टइंडीज में आयोजित टी-20 स्पर्धा का खिताब दुबारा हासिल कर लिया है। इस प्रकार भारत में क्रिकेट की जड़े मजबूत हो चुकी है इसके लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड तथा प्रत्येक भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी, प्रशिक्षक साथ ही सपोर्ट स्टाफ बधाई के पात्र हैं। 2024 के टी-20 विश्वकप में 16 टीम को प्रवेश दिया गया था। भारतीय टीम ने इस प्रतियोगिता में 8 मैच खेले जिनमें सभी में विजयी रहे। इस सफलता के पीछे प्रत्येक खिलाड़ी का योगदान रहा। कोच राहुल द्रवड़ि और कप्तान रोहित शर्मा ने पूरी टीम को एक सूत्र में पिरो कर रखा। बल्लेबाजी हो या गेंदबाजी या क्षेत्ररक्षण सभी क्षेत्रों में खिलाड़ियों ने अपनी -अपनी भूमिका बखूबी निभाई। 2024 के टी-20 विश्वकप पर कब्जा जमाने के लिए सभी खिलाड़ियों ने टीम वर्क का प्रदर्शन किया जिसका प्रमाण है कि आठ मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के रूप में सात खिलाड़ियों को चुना गया जिसमें जसप्रीत बुरामह दो बार, अर्शदीप सिंह, सूर्यकुमार यादव, अक्षर पटेल, हार्दिक पांड्या, रोहित शर्मा तथा विराट कोहली एक-एक बार सम्मिलित थे। भारतीय टीम को मिली इस उपलब्धि का श्रेय कप्तान रोहित शर्मा को दिया जाना उचित लगता है क्योंकि खेल की रणनीति भले ही मैदान के बाहर बनाया जाता है परंतु खेल के दौरान मैदान में असली रणनीतिकार कप्तान होता है। उस दृष्टि से रोहित ने कई अवसरों पर बुद्धिमत्ता से त्वरित निर्णय टीम के हित में लिये।इस बात की पुष्टि के लिए फायनल मैच के दौरान का वाक्या बताना उचित है। दक्षिण अफ्रीका के बाए हाथ के स्पिन गेंदबाज केशव महराज ने जब अपने पहले ही ओवर में रोहित शर्मा के साथ ऋषभ पंत को आउट किया तब बल्लेबाजी में खेल की बारी शिवम दुबे की थी लेकिन कप्तान रोहित शर्मा ने चतुराई के साथ बाए हाथ के बल्लेबाज अक्षर पटेल को खेलने के लिए भेज दिया इससे न सिर्फ विकेट का गिरना रुक गया बल्कि अक्षर पटेल ने भारतीय टीम को कठिनाई से उबार दिया। संभव है इस निर्णय में सुलझे हुए कोच राहुल द्रविड़ का भी योगदान हो परंतु तारीफ करनी होगी टीम प्रबंधन की जिसने बाए हाथ के गेंदबाज के सामने बाए हाथ के बल्लेबाज को खेलने के लिए भेजा। इस प्रकार अब भारत की ओर से आईसीसी के तीन विश्वकप जीतने वाले भारतीय खिलाड़ियों में रोहित तथा विराट कोहली का नाम पहली बार जुड़ गया है। अब दोनों ही खिलाड़ियों ने टी-20 से संन्यास लेने की घोषणा की है यह निर्णय स्वागत योग्य है साथ ही कोच राहुल द्रविड़ की जीत के साथ बिदाई यादगार बन गई है।

## अमरनाथ यात्रा के बीच पाक ने किया सीजफायर का उल्लंघन, हाई अलर्ट

**पुंछ,30 जून।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले के कृष्णा घाटी सैक्टर में शुक्रवार देर रात पाकिस्तानी रेंजर्स ने बिना उकसावे के गोलीबारी की। पाकिस्तानी सेना ने अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर भारतीय चौकियों को निशाना बनाकर सीजफायर का उल्लंघन किया। हालांकि भारतीय सेना ने भी उकसावे का 'मुंहतोड़' जवाब दिया। कृष्णा घाटी में अग्रिम भारतीय चौकी पर सीमा पार से गोलीबारी की खबर मिलते ही सेना एक्शन में आ गई। पाकिस्तान के उकसावे पर नियंत्रण रेखा की सुरक्षा में तैनात सेना के जवानों ने जवाबी कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि गोलीबारी में कोई हताहत नहीं हुआ और थोड़े समय बाद यह रुक गई। सूत्रों ने बताया कि पाकिस्तानी सैनिकों द्वारा हाल ही में किया गया संघर्ष विराम उल्लंघन घुसपैठ करने वाले आतंकवादियों को कवर फायर प्रदान करने का प्रयास हो सकता है।

# हमारा विजन है कि ट्रांसपोर्ट यूनियन व समाज के लिए कर सकें अच्छा कामः इन्द्रजीत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 30 जून।** भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन का वार्षिक सम्मेलन सीसीटीए के अध्यक्ष अंजय शुक्ला के मुख्य आतिथ्य में किया गया। इस दौरान मंच पर उपस्थित सभी अतिथियों ने कहा कि इन्द्रजीत सिंह छोटू ने एसोसिएशन के कमान संभालने के बाद ट्रांसपोर्टरो को कई सौगात दिये हैं। सम्मलेन में ट्रांसपोर्टर एवं लिफ्टर सहित अन्य प्रतिनिधियों व सभी लोगों ने फुल साइज की बड़ी पुष्पमाला पहनाकर अध्यक्ष इन्द्रजीत सिंह छोटू का स्वागत किया। अध्यक्ष इन्द्रजीत सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आप सबके द्वारा किये गये स्वागत से मैं बहुत ही अभिभूत हूं। मैं यहां किसी को छोटा भाई व किसी का बडा भाई तो किसी का भतीजा हूं। एसोसिएशन को दो साल हो गये और आज एसोसिएशन का वार्षिक बैठक है, हालांकि ये यूनियन पिछले 50 सालों से चल रही है। मेरे पिता स्व. वीरा सिंह और उस समय के सीनियर ट्रांसपोर्टरों ने इसको शुरू किया था। अब नियम भी बदल गया है और काम करने का तरीका भी बदला है। पहले एसोसिएशन में 30-35 ही सदस्य है और आज यूनियन की कार्यशैली को देखते हुए 150 से अधिक लोग इसका सदस्य बनकर एसोसिएशन का लाभ ले रहे हैं। ये यूनियन आप सबकी यूनियन है, यूनियन का जो भी कार्य होता है और ट्रांसपोर्टरों के हित के लिए जो निर्णय लिया जाता है वह सभी के लिए होता है। आप लोगों के हित में एसोसिएशन बढिया काम कर रही है इसके कारण लोगों का विश्वास अपनी यूनियन के प्रति बढता है। हमारी यूनियन जो है वह किसी का काम छीनेगा नहीं और न ही किसी का रेट गिरायेगी। पहले बाहरी लोग बीएसपी का माल रेट गिराकर लेकर जाते थे और स्थानीय ट्रांस्पोर्टर धूल मिट्टी खा रहे थे और मलाई कोई और खा रहा था लेकिन आज एसोसिएशन के कारण बीएसपी प्रबंधन हमारे एसोसिएशन का महत्व दे रहा है और आज हम अच्छे रेट से बीएसपी का माल परिवहन कर रहे हैं। छोटू ने कहा कि आज लगातार ये बातें सामने आ रही है कि बोरिया गेट के पास ट्रकों का जाम लगा रहता है, इसको दूर करने के लिए हमने बीएसपी प्रबंधन से दूर करने व बोरिया गेट के पास व रेलिंग मिल का गेट जो बंद पड़ा है उसे खोल दें, ताकि सड़क पर जाम लगने की स्थिति न हो, इसपर बीएसपी प्रबंधन ने सकारात्मक रवैया अपनाते हुए आश्वासन दिया है कि इन दोनों गेटों को जल्द खोला जायेगा। हमारी एसोसिएशन सामाजिक कार्य क्षेत्र में भी अग्रणी भूमिका निभा रही है जिसका जीता जागता उदाहरण है कि हमने ड्राइवरों व हेल्परों के बेटियों के शादी के लिए एसोसिएशन द्वारा 46 लोगों को 25-25 हजार रुपये की आर्थिक मदद दी गई। सड़क सुरक्षा सप्ताह के दौरान गरीब व आर्थिक रूप से कमजोर लोग जो हेलमेट खरीदने में सक्षम नहीं थे ऐसे एक हजार लोगों को एसोसिएशन द्वारा हेलमेट वितरण किया गया। ताकि सड़कों में होने वाली दुर्घटनाओं में उनकी जान बच सके। वहीं ड्रायवरों, हेल्परों व लिफ्टरों के लिए समय समय पर चिकित्सा शिविर लगाया गया। इसके साथ ही इस साल की भीषण गर्मी में ड्राइवरों, हेल्परों व मजदूरों के लिए कंपनियों में ठंडा शरबत व पानी पिलाने का काम किया गया और ड्राइवर, हेल्पर, लिफ्टरों के लिए पांच लाख का बीमा करवाया गया है। वहीं हाल ही में एक ड्राइवर की मौत के बाद उनके बच्चों को गोद लेकर उनके पढ़ाई लिखाई का पूरा खर्चा एसोसिएशन उठा रहे है। तथा लोगों की खून की कमी के कारण किसी की जान न जाये इसलिए एसोसिएशन द्वारा कई बार ब्लड डोनेट कैम्प लगाया गया जिसमें 900 लोगों ने ब्लड डोनेट किया है। हम चाहते हैं कि हमसे जो लोग जुड़े हैं, वे आर्थिक रूप से मजबूत हों। हमारा विजन है कि हम यूनियन व समाज के लिए अच्छा काम कर सकें।

कार्यक्रम का संचालन मलकीत सिंह उर्फ लाड्डू एवं आभार प्रदर्शन अनिल चौधरी ने किया। इस दौरान प्रभुनाथ मिश्रा, अचल सिंह भाटिया, गनी खान, गोपाल खण्डेलवाल, महेन्द्र सिंह पप्पी, सुरेश जी, साजन जोसेफ, सुधीर सिंह, अनिल सिंह ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर अनिल चौधरी, जोगाराव, दिलीप खटवानी, राजदीप सिंह, मलकीत सिंह उर्फ लड्डू, शानू, संदीप सिंह, उमेश सिंह, सोम सिंह, यशराज सिह, सुब्रत डे, अभिषेक जैन सहित बड़ी संख्या में ट्रांसपोर्टर एवं सीसीटीए के संचालक उपस्थित थे।

## एक नजर

### धारदार चापड़ लहराने वाला गिरफ्तार



**भिलाई 30 जून।** नेवई थाना क्षेत्र स्टेशन मरोदा फ्लाईओवर के नीचे चापड़ लहराकर लोगों को धमकाने वाले बदमाश को नेवई टीआई आनंद शुक्ला ने बताया कि गिरफ्तार किया है आरोपित के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर जेल भेजा गया है रिसाली बस्ती नया पार निवासी आरोपित विकास देशमुख ( 22 साल ) स्टेशन मरोदा में फ्लाईओवर के नीचे चापड़ लहराकर लोगों को धमका रहा था पुलिस को इसकी जानकारी मिली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपित को गिरफ्तार किया आरोपित से चापड़ जब्त कर उसे जेल भेजा गया है।

### सूने घरों में चोरी

**भिलाई 30 जून।** शहर के दो सूने घरों में चोरी की घटनाएं हुई हैं। नेवई थाना क्षेत्र के स्टेशन मरोदा और सुपेला के कोसा नगर मराठी मोहल्ला के घरों में घुसकर आरोपितों ने सोने-चांदी के आभूषण और नकदी, रुपये चोरी कर लिए घटनाओं की शिकायत पर नेवई और सुपेला पुलिस ने प्राथमिकी कर आरोपितों की पतासाजी शुरू की है पुलिस ने बताया कि स्टेशन मरोदा चौपाटी के पास निवासी अंजू यादव ने नेवई थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है शिकायतकर्ता रोजी मजदूरी का काम करती है। 27 जून की सुबह उसकी दोनों बेटियां स्कूल चली गई थी और वह भी काम पर चली गई थी वह घर की चाबी को खिड़की के पास रखती थी दोपहर में उसकी दोनों बेटियां स्कूल से लौटीं तो उन्हें घर के दरवाजे का ताला खुला मिला अंदर जाकर देखा तो सारा सामान बिखरा हुआ था। बच्चियों ने अपने चाचा को इसकी जानकारी दी। इसके बाद पीड़िता को इसके बारे में पता चला। उसने वापस घर आकर देखा तो आलमारी में रखे आभूषण, एक मोबाइल और 10 हजार रुपये नकद गायब थे दूसरे मामले में कोसा नगर मराठी मोहल्ला निवासी रंजना बोरकर ने सुपेला थाना में शिकायत की है। पीड़िता सब्जी बेचने का काम करती है। वह 25 जून की सुबह अपने भाई के दशगात्र के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आदित्य नगर तितुरडीह दुर्ग चली गई थी। वहां से 29 जून को वापस लौटी तो उसे घर के दरवाजे का ताला टूटा मिला अंदर जाकर देखने पर आलमारी में रखे सोने-चांदी के आभूषण और कुछ नकदी गायब थे चोरी गए सामान की कीमत करीब डेढ़ लाख रुपये आकी गई है।

### ग्रामीणों ने उठाया निःशुल्क चिकित्सा शिविर का लाभ



**भिलाई, 30 जून।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के तत्वाधान में 29 जून 2024 को ग्राम परसही में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डॉ मोहनलाल, नर्स श्रीमती रेखा देव, बीपी शुगर जांच हेतु फार्मासिस्ट खिलावन कुंभकार, पंजीयन हेतु शंभू दयाल तथा सीएसआर विभाग से सहायक बुधेलाल उपस्थित थे7 इस शिविर में कुल 90 लोगों की जांच करके उनको दवाइयों का वितरण किया गया, जिसमें 36 पुरुष, 51 महिलाएं एवं 3 बच्चे लाभान्वित हुए7 प्रातः 10 बजे से प्रारंभ हुए शिविर में सामान्य जांच, शुगर, बीपी जांच के अतिरिक्त निःशुल्क दवाएं भी प्रदान की गई।

### मुख्य सचिव ने वीडियों कांफ्रेंसिंग के माध्यम से केन्द्रीय परियोजनाओं के कार्यो की समीक्षा की

**दुर्ग, 30 जून।** मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन ने आज मंत्रालय महानदी भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से छत्तीसगढ़ में संचालित केन्द्रीय परियोजनाओं में सड़क, ऊर्जा, मोबाइल टॉवर, रेल्वे और खनिज से संबंधित परियोजनाओं के कार्यो की विस्तार से समीक्षा की। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को इन महत्वपूर्ण परियोजनाओं का कार्य तेजी से पूर्ण करने के मद्देनजर परियोजनाओं से संबंधित भू-अर्जन, मुआवजा सहित अन्य राजस्व प्रकरणों का त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने सड़क परिवहन एवं राजमार्ग प्राधिकरण और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अंतर्गत विभिन्न सड़क परियोजनाओं के कार्यों के संबंध में कलेक्टरों से जानकारी ली एवं परियोजनाओं के लिए भू-अर्जन, मुआवजा, नामांतरण, बटांकन और आवार्ड प्रकरणों सहित वन भूमि के प्रकरणों पर शीघ्रता से कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कलेक्टोरेट के एनआईसी कक्ष में कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी, नगर निगम भिलाई के कमिश्नर श्री देवेश ध्रुव, एसडीएम दुर्ग श्री मुकेश रावटे, एसडीएम पाटन श्री दीपक निकुंज, संयुक्त कलेक्टर श्री हरवंश सिंह मिरी मौजूद थे।

### अवैध प्लॉटिंग,पर निगम का चला बुलडोजर

**दुर्ग 30 जून।** नगर पालिक पालिक निगम सीमा अंतर्गत जिन जिन स्थानों में अवैध प्लाटिंग किये जाने की शिकायतें निगम प्रशासन को मिल रही है वहां पर आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर तत्काल पहुँचकर स्थल निरीक्षण कर सख्ती से कार्रवाही की जा रही है इसी सिलसिले में आज भवन अधिकारी गिरीश दीवान के नेतृत्व में खसरा न.48/16 में अनावेदक अमनदीप सिंह ओबरॉय/प्रभसिंह ओबेरॉय एवं प्रितपाल सिंह ओबेरॉय द्वारा कातुलबोर्ड स्कूल साकेत कालोनी में अवैध प्लाटिंग किया जा रहा है।शिकायत के आधार पर स्थल में निर्मित रोड रास्ते एवं फेंसिंग कार्य को निगम के जेसीबी के माध्यम से ध्वस्त कर हटाया गया।भवन अधिकारी गिरीश दीवान ने बताया कि रजिस्ट्री संबंधि जानकारी एवं पंजीयन पर रोक लगाने संबंधित कार्रवाही हेतु अनुभागीय अधिकारी को पत्र प्रेषित किया जा रहा ।बता दे कि कातुलबोर्ड स्कूल के निकट साकेत कालोनी,अवैध प्लॉटिंग रोड, रास्ते पर फ्रेंसिंग कार्रवाही कर नगर निगम ने जेसीबी की मदद से अवैध कब्जा मुक्त कराया।

# संकुल स्तरीय नेवता भोजन और शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन हुआ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**उतई 30 जून।** खोपली संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन शासकीय प्राथमिक शाला खोपली में शनिवार को किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खोपली सरपंच श्रीमती मंजू वर्मा थी। अध्यक्षता घुघसीडीह सरपंच गोवर्धन बारले ने की। विशेष अतिथि पूर्व सरपंच फत्तेलाल वर्मा, शाला प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष दिनेश देशलहरे, शिक्षाविद बाबूलाल सपहा, संकुल समन्वयक उमरपोटी विजय शंकर डहरिया, प्राचार्य श्रीमती वीणा दुबे थी। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। पश्चात सरस्वती वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। संकुल समन्वयक इंद्रेश बंजारे ने स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रम में अतिथियों ने कक्षा पहली, छटवीं व नवमी के नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर तथा गणवेश व पाठ्यपुस्तक वितरण कर स्वागत किया गया। शिक्षा व खेल के क्षेत्र में प्रतिभावान छात्राओ को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मंजू वर्मा ने कहा कि स्कूल जाने योग्य सभी बच्चों को स्कूलों में दाखिला कराने समाज के हर व्यक्ति को सहयोग करना चाहिए। यह हम सब का दायित्व है कि हमारे आसपास में कोई भी बच्चा स्कूल जाने से वंचित न हो। शिक्षा बच्चों का अधिकार है। उन्हें उनका यह अधिकार मिलना ही चाहिए। इसमें सामाजिक भागीदारी का विशेष महत्व है। उन्होंने कहा कि बच्चों को स्कूल में प्रवेश दिलाने के साथ ही कक्षा बारहवीं तक उनकी नियमित उपस्थिति सुनिश्चित होनी चाहिए। इसके लिए भी समाज को आगे बढ़कर अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन करना होगा ताकि प्रदेश की भावी पीढ़ी पूरी तरह सजग और जिम्मेदार नागरिक बन सके। अध्यक्षीय उदबोधन में गोवर्धन बारले ने कहा कि प्रवेश उत्सव के माध्यम से पढ़ाई के प्रति बच्चों में रुझान पैदा करने का प्रयास किया जा रहा है। प्रवेश उत्सव एक अभिनव योजना है। जो निश्चित रूप से सार्थक पहल है। अंत मे सभी बच्चों व गणमान्य नागरिकों को न्योता भोजन के रूप खीर,पूरी,मिठाई, चांवल, दाल, सब्जी, पापड़ परोसा गया। कार्यक्रम को दिनेश देशलहरे, प्राचार्य वीणा दुबे ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन माधुरी बिजोरिया व आभार प्रदर्शन संकुल समन्वयक इंद्रेश बंजारे ने किया। इस दौरान प्रधान पाठक छबिलाल रघुवंशी, हरीशचन्द्र देवांगन, एसडी कुरैशी, मोनिका राम, दुर्गेश मेश्राम, राजेश बंजारे, वीरेंद्र सिंह मरई, अरुण खुटेल, गिरीश साहू, दीपक साहू, मनीष साहू, लोकेश साहू, कुमार साहू, गोवर्धन चंद्रवंशी, जितेन्द्र यादव, निधि गेडाम, रामती पाटील, भुनेश्वरी देवगन, रामेश्वरी चंदेल, रोशनी चन्द्राकर, संतोषी कश्यप, विजयलक्ष्मी चंद्राकर, मधुकान्ता कोर्राम, गीतांजलि चंद्राकर, राकेश टंडन, के शारदा मूर्ति, कल्पना द्विवेदी, अमृता नारंग, महेश्वरी बघेल, अम्बेश्वरी, गायत्री चंद्राकर, रानू यादव, दानेश्वरी चंद्राकर सहित सैकड़ों बच्चे मौजूद थे।

# एसएमएस-3 के सीवी-1 कास्टर में ब्लूम वजन वेइंग सिस्टम स्थापित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 30 जून।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के स्टील मेल्टिंग शॉप-3 में आंतरिक संसाधनों के माध्यम से स्थापित ब्लूम वजन (वेइंग) सिस्टम का उद्घाटन 28 जून को मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी असित साहा द्वारा मुख्य महाप्रबंधक एस के गजभिये, मुख्य महाप्रबंधक अनीश सेनगुप्ता, महाप्रबंधक व विभागाध्यक्ष ए बी श्रीनिवास, विभागाध्यक्ष राहुल श्रीवास्तव, विभागाध्यक्ष श्रीमती मधु पिल्लई तथा महाप्रबंधक व विभागाध्यक्ष नीलकंठ साहू की उपस्थिति में किया गया। इससे पूर्व एसएमएस-3 में ब्लूम वजन करने की सुविधा नहीं थी, ब्लूम के वजन के लिए मिल पूरी तरह यूनिवर्सल रेल मिल पर निर्भर थी। एसएमएस-3 के प्रबंधक द्वय लोकेश मोगरे और अभिषेक झा ने सहायक महाप्रबंधक, इंजीनियरिंग डिजाइन एंड डेवलपमेंट डी आर सोनार, उप महाप्रबंधक टी डी जॉनसन तथा सहायक महाप्रबंधक आशुतोष शुक्ला के साथ मिलकर उप प्रबंधक द्वय श्र संजय नंदी और बी एस चंदेल से आवश्यक इनपुट लेकर लेआउट बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ब्लूम वेइंग सिस्टम का निर्माण संयंत्र के इंजीनियरिंग शॉप में वरिष्ठ प्रबंधक एम एस बघेल के मार्गदर्शन में किया गया।

# छग मुक्ति मोर्चा 1 जुलाई को मनाएगा शहीद दिवस :बागडे

**भिलाई, 30 जून।** श्रमिकों की मांग को लेकर छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के हजारों लोगों द्वारा 32 साल पूर्व पावर हाउस में किये जा रहे शांतिपूर्ण आंदोलन के दौरान हुए भिलाई गोलीकांड में 17 मजदूरों के मौत को हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 1 जुलाई को शहादत दिवस के रूप में मनायेगी। उक्त जानकारी छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के भीमराव बागडे एवं पूर्व विधायक व छमुमो के अध्यक्ष जनकलाल ठाकुर ने पत्रवार्ता में दी। इस दौरान भीमराव बागडे ने बताया कि भिलाई पॉवर हाउस के छावनी थाना के पास स्थित लाल मैदान में सभी श्रमिक प्रातः10 बजे एकत्रित होकर पावर हाउस रेलवे स्टेशन के पहुंचकर दोपहर 12 बजे शहीदों की पूजा अर्चना कर उन्हें श्रद्धांजलि देंगे। उसके पश्चात वे रैली निकालकर नंदनी मार्ग से छावनी चौक होते हुए एसीसी चौक पहुंचकर शहीद शंकर गुहा नियोगी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद आमसभा का आयोजन करेंगे। उन्होंने आगे बताया कि इसमें छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के सभी संगठन तथा सहयोगी संगठनो के समर्थक गण शामिल होंगे। बागड़े ने बताया कि सभा को छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेताओं के अलावा उड़ीसा से सी.पी.आई.एम.एल. के पूर्व विधायक राधाकांत सेठी बंगलौर से कमान सिंग धामी आदि जगहों के वक्तागण संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि कॉर्पोरेट उद्योगपतियों के हितों के लिए केन्द्र सरकार द्वारा 44 श्रम कानूनों को काटकर मात्र 4 श्रम कोड रखे है। जो गुलाम बनाने की साजिश है उसके खिलाफ देश के मेहनतकशों को संघर्ष करना होगा। वार्ता में छमुमो नेताओं ने केंद्र सरकार द्वारा 1 जुलाई से लागू किये जा रहे इस कानून को काला दिवस मनाते हुए इसका विरोध करेंगी और ये काला कानून सरकार वापस नहीं लेगी तो कुछ दिनों बाद इसके विरोध में आंदोलन किया जायेगा। इस दौरान एजी कुरैशी, मंथीर साहू, मोहम्मद अली, संतोष यादव, बंशीलाल साहू, खुमराज खरे, सनत जंघेल, घनाराम साहू, दशमत बाई, पुनाराम निर्मलकर, तुलसी देवदास, पुनाराम साहू, अशोक साहू, आजूराम साहू, बरसनलाल नेताम के अलावा छमुमो के अन्य सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# कार्यपालकों एवं गैर-कार्यपालकों को सेवानिवृत्ति पर बीएसपी प्रबंधन ने दी विदाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 30 जून।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र की सेवा से जून माह 2024 में सेवानिवृत्त हो रहे कार्यपालकों एवं गैर-कार्यपालकों को 29 जून को भावभीनी विदाई दी गई। भिलाई इस्पात संयंत्र के कुल 213 कर्मचारी, जिनमें 18 कार्यपालक एवं खदान सहित विभिन्न विभागों में कार्यरत रहे 195 गैर- कार्यपालकों शामिल हैं, जो 30 जून को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। इस अवसर पर संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता के साथ कार्यपालक निदेशक पवन कुमार द्वारा सेवानिवृत्त अधिकारियों को सेवानिवृत्ति आदेश और प्रमाण पत्र सौंपे गये। निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने संयंत्र बिरादरी के सदस्यों को विदाई दी और उनके स्वस्थ और सुखी जीवन की कामना की। संयंत्र के गैर-कार्यपालक कार्मिकों के लिए विदाई समारोह का आयोजन महात्मा गांधी कला मंदिर में किया गया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनीता द्विवेदी और महाप्रबंधक सूरज कुमार सोनी द्वारा यूनियन प्रतिनिधियों के साथ सेवानिवृत्त कर्मियों को सेवानिवृत्ति आदेश और सेवा प्रमाण पत्र प्रदान किये गये।

# कलेक्टर की मौजूदगी में बाढ़ प्रभावितों को बचाने और सुरक्षित स्थान पहुंचाने का किया गया मॉकड्रिल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा 30 जून।** कबीरधाम जिले के छीरपानी मध्यम जलाशय में शनिवार को सुबह प्राकृतिक एवं बाढ़ आपदा से निपटने के लिए बाढ़ आपदा प्रबंधन और राहत कार्य का पूर्वाभ्यास किया। कलेक्टर जनमेजय महोबे और पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव की मौजूदगी में यह पूर्वाभ्यास किया गया। नगर सेनानी सहित प्रशिक्षित जवानों ने बाढ़ से घिरे लोगो को बचाने बहुत कम समय मे कैसे प्रभावितों को राहत पहुचाई जाए और प्रभावितों को कैसे किसी सुरक्षित राहत शिविरों तक पहुचाए जाए, इस सभी प्रबंधनों का भी पूर्वाभ्यास किया गया। प्रशिक्षित रेस्क्यू दल के जवानों द्वारा मोटर यान से गहरे पानी तक पहुँचकर प्रभावितों को बचाने का सफलतापूर्वक पूर्वाभ्यास किया गया। बाढ़ आपदा एवं बचाब कार्य में जिला पंचायत सीईओ श्री संदीप अग्रवाल,जिला आपदा प्रबंधन प्रभारी एवं डिप्टी कलेक्टर श्री बीआर देवांगन, प्रभारी नगर सेनानी केके श्रीवास्तव, सर्व एसडीएम,तहसीलदार,समस्त जनपद सीईओ, स्वास्थ्य विभाग से डॉ सलिल मिश्रा एवं स्वास्थ्य अमले की सहभागिता रही। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने पूर्वाभ्यास के राहत शिविर, स्वास्थ्य शिविर सहित राहत एवं बचाव कार्य के सभी संसाधनों का अवलोकन किया। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने जिले के सभी अनुविभागीय अधिकरी, तहसीलदार, जनपद सीईओ को अपने-अपने क्षेत्रों के मध्यम जलाशय के उलट एरिया, और बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों तथा नदी के किनारे बसे संभावित बाढ़ प्रभावित ग्रामो का चिन्हांकन कर उन क्षेत्रों में राहत शिविर के लिए भवन सहित सभी आवश्यक तैयारियां रखने और अपनी सूचना तंत्र को अलर्ट रखने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत शिविरों के लिए शासकीय भवन, पर्याप्त सुरक्षा स्थान, और ऐसे पहुंच विहिन क्षेत्रों में जहां बाढ़ की स्थिति में पहुंचना संभव नहीं है, ऐसे स्थानों को चिन्हांकित कर वहां पर्याप्त मात्रा में खाद्य समाग्री, नमक, कोरोसीन, जीवन रक्षक दवाइयां आदि संग्रहित करने के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए है। कलेक्टर महोबे ने बैठक में आगामी मानसून 2024 में प्राकृति आपदा से बचाव एवं राहत व्यवस्था करने के संबंध में अलग-अलग विभाग के अधिकारियों को दायित्व भी सौपे है। कलेक्टर ने जिले में स्थापित वर्षामापक यंत्रों का उचित संधारण कर नियमित जानकारी का प्रेषण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्थापित स्वास्थ्य केन्द्रों में स्वाथ्य एवं जीवन रक्षक दवाईयां भण्डारण करने के निर्देश दिए है। उन्होने बाढ़ प्रभावित एवं पहुंच विहिन क्षेत्रों के लिए डाक्टर्स की दल गठन करने के लिए स्वास्थ्य विभाग के निर्देशित किया है। साथ ही राजस्व लेखा शाखा को आवश्यक तैयारियां की जानकारी अवगत कराने सहित समस्त स्वास्थ्य केन्द्रों में मानूसन के दौरान सर्प एवं अन्य जीवन जन्तू काटने से मृत्यु होने की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए सर्प दंश के बचाव के लिए सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित रखने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने पीएचई विभाग को वर्षा ऋतु में जलजनित बीमारियों के रोकथाम एवं नियंत्रण के बचाव के लिए पेयजल की शुद्धता एवं स्वच्छता को दृष्टिगत रखते हुए कुंओ, हैण्डपंप आदि में बलीचिंग पाउडर आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है।

## समाचार संक्षेप

### पुलिस ने तीन अलग अलग अपराधों मं बदमाशों को किया गिरफ्तार




**भिलाई 30 जून।** छावनी पुलिस ने तीन अलग-अलग अपराधों में शामिल बदमाशों को गिरफ्तार किया हैइनमें एक आरोपित ने अपनी पत्नी से बदला लेने के लिए अपने ही घर में आग लगा दी थी वहीं अन्य आरोपितों में से एक ने उधार का पैसा मांगने पर मारपीट के बाद दांत से अंगुली काट दी थी और एक आरोपित ने शराब के लिए रुपये न मिलने पर मारपीट की थी छावनी पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई कर उन्हें जेल भेजा है होंडा शो रूम के पास रहने वाली मोहिनी लांजेवार ने अपने ही पति राकी लांजेवार के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी कि पति ने घर पर आग लगा दी है पीड़िता ने पूर्व में पति के खिलाफ शिकायत की थी। इसके चलते वह जेल में था पीड़िता अपने ससुराल एसीसी कंपनी के पास श्रमिक नगर जामुल गई थी। देर रात करीब एक बजे उसके पति राकी ने उसे फोन कर बताया कि उसने अपना बदला ले लिया है। इस पर पीड़िता फौरन अपने घर आई और देखा तो आरोपित ने घर में आग लगा दी थी जिससे घर में बेड, टीवी, डायनिंग टेबल सहित पूरा घरेलू सामान जलकर खाक हो गया था इसके बाद पीड़िता ने छावनी थाने में अपने पति के खिलाफ शिकायत की थी पुलिस ने आरोपित राकी लांजेवार के खिलाफ प्राथमिकी कर गिरफ्तार किया दूसरे मामले में श्रवण किराना स्टोर के पास जेपी नगर निवासी रामअवतार सिंह ने आरोपित बच्चू सिंह (35) निवासी बैकुंठ धाम कैंप-दो के खिलाफ शिकायत की थी। पीड़ित फेरी लगाकर कपड़ा बेचने का काम करता है। उसने आरोपित की उधार में कपड़े दिए थे, जिसका उसे 20 हजार रुपये लेना था आरोपित श्रवण किराना स्टोर्स के पास मिला तो पीड़ित ने उससे अपने रुपये मांगे इसी बात से नाराज होकर आरोपित ने उससे गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और दांत से उसकी अंगुली काट दी तीसरे मामले में सोनिया गांधी नगर केनाल रोड निवासी दीप सिंह से देना बैंक के पीछे स्वीपर मोहल्ला निवासी एन. सोनू (26) ने उससे शराब पीने के लिए रुपये मांगे इन्कार करने पर उससे मारपीट की थी।

### उतई में मनाया गया प्रवेश उत्सव



**उतई 30 जून।** स्वामी आत्मानंद विद्यालय नगर पंचायत उतई में मनाया गया बच्चों का प्रवेश उत्सव बच्चों के चेहरे पर खुशी देखकर शिक्षक व जनप्रतिनिधि अभिभूत हो गए स्वामी आत्मानंद स्कूल नगर पंचायत उतई में बच्चों को तिलक लगाकर मिठाई खिलाकर मनाया गया प्रवेश उत्सव ततपश्चात प्राचार्य, शिक्षकों, विद्यार्थियों व जनप्रतिनिधियों ने मिलकर नेवता भोजन किया इस दौरान नगर पंचायत के प्रथम नागरिक डिकेंद्र हीरवानी पार्षद प्रहलाद वर्मा वीरेंद्र गोस्वामी पूर्व पार्षद भूखन पटेल प्रबंधन समिति के पूर्व अध्यक्ष बहादुर सिंह नेताम वरिष्ठ नागरिक रूपनारायण शर्मा प्राचार्य महोदय श्रीमती राणे मैडम विद्यालय के सभी शिक्षक एवं सभी विद्यार्थी उपस्थित थे।

### डिलीवरी ब्वाय ने घर में घुसकर की चोरी

**भिलाई 30 जून।** नेवई थाना क्षेत्र ब्रेड और बर्गर की डिलीवरी देने के



लिए रिसाली सेक्टर पहुंचे दो डिलीवरी ब्वाय ने मौका पाकर घर में घुसकर सोने-चांदी के आभूषण और नकदी रुपये चोरी कर लिए। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने प्राथमिकी कर आरोपितों की पतासाजी शुरू की और दोनों को गिरफ्तार किया आरोपितों के पास से चोरी के सोने चांदी के जेवर और नकदी रुपये व घटना में प्रयुक्त वाहन को जब्त किया गया है दोनों के खिलाफ चोरी की धारा के तहत कार्रवाई की गई है नेवई टीआई आंनद शुक्ला ने बताया कि रिसाली सेक्टर निवासी शिकायतकर्ता प्रिया साहू ने नेवई थाना में शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़िता के पति की सेक्टर-10 में फास्ट फूड की दुकान है। इसके लिए वे रायपुर की ब्रेड क्रस्ट कंपनी से बर्गर ब्रेड और सैंडविच मंगवाते हैं गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपित मोहम्मद जावेद (26 साल ) ग्राम कुसमी थाना बनवा जिला सैरबिहार बिहार और रोहित झारिया (19 साल ) ग्राम गौरगांव थाना करेला जिला जबलपुर मध्यप्रदेश वर्तमान में रायपुर में रहकर ही काम करते हैं। वे दोनों उनके घर पर सामान की डिलीवरी करने के लिए पहुंचे थे शिकायतकर्ता ने युवकों से कहा कि वह सामान को स्टोर रूम में रख दे आरोपितों ने सामान को स्टोर रूम में रखा पीड़िता सामान का मिलान करने लगी इसी दौरान एक युवक घर में घुस गया उसे घर से बाहर निकलता देख पीड़िता ने उससे पूछा तो कहा कि वह पानी पीने के लिए गया था उनके जाने के बाद पीड़िता ने आलमारी खोलकर देखा तो सोने-चांदी के जेवर और कुछ नकदी रुपये गायब थे पीड़िता ने फौरन इसकी पुलिस से शिकायत की इसके बाद पुलिस ने तुरंत दोनों आरोपितों को गिरफ्तार किया और उनके पास से चोरी के आभूषण बरामद किए।

# अब मजदूर के बच्चे भी बनेंगे अफसर, प्रदेश के 10 जिलों में निःशुल्क कोचिंग जुलाई से होगी शुरू

■ मुख्यमंत्री की विशेष पहल से शुरु होने जा रही पीएससी, व्यापम, बैंकिंग प्रतियोगी परीक्षा की निःशुल्क कोचिंग



**रायपुर,30 जून।** श्रमिक हितैषी सरकार के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की विशेष पहल और श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन के निर्देश पर जुलाई से मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिकों के बच्चों के लिए निःशुल्क कोचिंग शुरू होने जा रही है। इस योजना के तहत पीएससी, व्यापम, बैंकिंग प्रतियोगी परीक्षा के लिए निःशुल्क कोचिंग की सुविधा श्रमिकों के बच्चों को मिलेगी। प्रदेश के 10 जिलों में इस योजना के तहत निःशुल्क कोचिंग शुरू होने जा रही है।

श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन ने बताया कि छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल के पंजीकृत हितग्राहियों के लिए मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिकों के बच्चों हेतु निःशुल्क कोचिंग सहायता योजना प्रारंभ की गई है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी के मंशानुरूप श्रमिक परिवार के बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए ठोस कदम उठाएं जाएं। श्रमिक परिवार के बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए बेहतर सुविधाओं की जरूरत है।

इसी तारतम्य में पंजीकृत श्रमिक व पंजीकृत श्रमिक के संतानों को शैक्षणिक योग्यता अनुसार लोक सेवा आयोग, छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, कर्मचारी चयन आयोग, बैंकिंग, रेल्वे, पुलिस भर्ती एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए 4 से 10 माह तक की निःशुल्क कोचिंग प्रदान की जाएगी। योजना का लाभ लेने के लिए इच्छुक एवं पात्र हितग्राही स्वयं, च्वाईस सेन्टर या श्रम कार्यालय के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत कर सकते है।

यदि हितग्राही की मृत्यु दिनांक 09 जून 2020 से पहले हुई है तो पुराने अधिसूचना के अनुसार योजना के लिए उनके बच्चे पात्र है तथा वे हितग्राही जो नवीन योजना मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना से जुड़े हुए हैं वे भी आवेदन कर इस योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

यह कोचिंग ऑनलाइन के साथ साथ ऑफलाइन भी मिलेगी। ताकि विभिन्न परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र छात्राओं को दोनों का विकल्प मिल सके। बहुत से छात्र समय या फिर दूरी की वजह से ऑफलाइन ही कोचिंग लेना चाहते हैं, उनको ये सुविधा मिलेगी।

रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, धमतरी, राजनांदगांव, कोरबा, रायगढ़, जांजगीर चांपा, महासमुंद जिले में इस योजना की शुरुआत की जा रही है। निःशुल्क कोचिंग योजना के लिए छात्र छात्राओं मे जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। प्रदेश के तीन जिले रायपुर, दुर्ग और बिलासपुर में कुल (50-50) चार बैच अब तक भरे जा चुके हैं। अन्य जिलों से आए आवेदन का परीक्षण कर बैच बनाने की प्रक्रिया तेजी से चल रही है।

## एक नजर

### तृप्ति लुनिया को नवकार विश्व रिकॉर्ड पुरस्कार



**रायपुर 30 जून।** समाजसेवी और आर्टिस्टिकवाइब्स फाउंडेशन की संस्थापक तृप्ति लुनिया को नवकार विश्व रिकॉर्ड पुरस्कार दिया गया। यह पुरस्कार उन्हें भारत में सबसे कम उम्र की सामाजिक कार्यकर्ता के लिए दिया गया है- तृप्ति विशेष बच्चों के साथ काम कर रही हैं और उन्हें ड्राइंग, पेंटिंग सिखा रही हैं। वह मनोहर जीवन कल्याण वृद्धा निवास भी चलाती हैं, जिसमें परित्यक्त वरिष्ठ नागरिक हैं, जिनकी संख्या वर्तमान में 12 है। उनके पास 100 से अधिक स्वयंसेवकों की एक बड़ी टीम भी है जो रायपुर शहर में आवारा कुत्तों और गायों को खाना खिलाती है। तृप्ति लुनिया को अपने माता-पिता से प्रेरणा और समर्थन मिलता है। उन्हें अपने गुरु श्री मुकेश शाह, छत्रपति शिवाजी स्कूल के प्रिंसिपल से प्रेरणा मिली है। उसके पिता और माता श्री रानू लाल लुनिया और श्रीमती शीलू लुनिया उसके साथ खड़े रहे और उसके लिए एक सहारा बने रहे। वरिष्ठ नागरिकों के लिए उनका निस्वार्थ प्रेम, रायपुर के सभी वरिष्ठ नागरिकों के लिए जीना इसी का नाम है जैसे कार्यक्रम का आयोजन करके यह साबित कर दिया है कि वह उनके बारे में सोचती हैं, चाहती हैं कि वे खुश रहें और उनके खेल, पुराने गाने, रेट्रो डांस और उनकी सभी चाहत के साथ इस तरह के जीवंत कार्यक्रम का आयोजन करके अपना अतीत जिएं। नवकार विश्व रिकॉर्ड पुरस्कार न केवल तृप्ति लुनिया बल्कि रायपुर और छत्तीसगढ़ के लिए भी सम्मान लेकर आया है। तृप्ति से अब नई उम्मीदें और आकांक्षाएं हैं कि वरिष्ठों को उनके जीवन के अंतिम वर्षों में खुशी और शांति के साथ रहने में मदद करें, जिसके वे वास्तव में हकदार हैं।

### जिला पंचायत में लखपति दीदी के सर्वे एवं एंट्री का दिया प्रशिक्षण

**धमतरी 30 जून।** जिला पंचायत धमतरी के सभा कक्ष में धमतरी, कुरुद, मगरलोड, नगरी विकासखंड के विकासखंड मिशन प्रबंधक, सहायक विकास विस्तार अधिकारी का लखपति दीदी के सर्वे एवं एंट्री के संबंध में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री रोमा श्रीवास्तव के निर्देश पर प्रशिक्षण आयोजित कर विकासखंड के उपस्थित अधिकारियों को लक्ष्य वितरण करते हुए समय सीमा में लखपति दीदी का एंट्री कार्य पूर्ण करने कहा। आयोजित प्रशिक्षण सत्र में सीईओ जिला पंचायत द्वारा दिये गये निर्देशों का पालन करने तथा कार्यों में प्रगति हेतु विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। वहीं माइक्रो प्लान इंटरप्राइजेस के लक्ष्य पर भी विस्तृत चर्चा हुई। लखपति दीदी के सर्वे एवं एंट्री के संबंध में जिला पंचायत की डीपीएम कीर्तिमोहन ने प्रशिक्षण दिया।

### भारतीय टीम की शानदार जीत पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने दी बधाई

**रायपुर, 30 जून।** टी -20 विश्व कप क्रिकेट के फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम द्वारा साउथ अफ्रीका को हराकर फाइनल जीतने की खुशी में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने भारतीय टीम को बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज बहुत बड़ा दिन है सभी भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया, वो इतिहास में दर्ज हो गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय टीम ने शानदार बैटिंग की और इसके पश्चात आखरी तक शानदार गेंदबाजी कर हमारे गेंदबाजों ने मैच पलट कर जीत अपने नाम दर्ज कर ली। पूरे देश को हमारे क्रिकेट खिलाड़ियों पर गर्व है।

### मुख्य सचिव अमिताभ जैन को राज्य नीति आयोग के उपाध्यक्ष का अतिरिक्त प्रभार

**रायपुर, 30 जून।** छत्तीसगढ़ राज्य शासन द्वारा मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन को उनके वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ उपाध्यक्ष, राज्य नीति आयोग, छत्तीसगढ़ का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। इस आशय का आदेश छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर अटल नगर से जारी कर दिया गया है।

### बारिश में भीगते हुए जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने किया श्रमदान

**कांकेर, 30 जून।** नगर की धरोहर के रूप में पहचान बनाने वाले तालाबों का कायाकल्प करने की पहल करने जिला प्रशासन द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर श्री नीलेश महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार जिला स्तर के अधिकारियों ने आज सुबह शहर के प्राचीन डढ़िया तालाब में अभियान चलाकर श्रमदान किया और कई क्विंटल जलकुंभी को निकाला। तेज बारिश के बीच जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ नागरिकों ने भी संयुक्त रूप से सहयोग और श्रमदान करते हुए जलकुंभी व खरपतवार से पूरी तरह पट चुके इस तालाब को साफ किया। इसमें कांकेर विधायक श्री आशाराम नेताम, पूर्व विधायक श्री शिशुपाल सोरी, राज्य मत्स्य विकास बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष श्री भरत मटियारा आदि ने भी शामिल होकर श्रमदान किया। आज सुबह 07 बजे से ऊपर नीचे रोड किनारे स्थित डढ़िया तालाब में स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें कलेक्टर श्री क्षीरसागर, डीएफओ श्री आलोक वाजपेयी, अपर कलेक्टर श्री एस. अहिरवार, जिला पंचायत सीईओ श्री सुमित अग्रवाल, एसडीएम श्री अरुण कुमार वर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने स्वच्छता अभियान के तहत डढ़िया तालाब से जलकुम्भी निकालने में बरसात की रिमझिम फुहारों के बीच सक्रिय भागीदारी निभाई। इस दौरान विधायक श्री नेताम और कलेक्टर श्री क्षीरसागर ने नगरवासियों से अपील की कि वे अपने शहर की धरोहरों व विरासतों को सहेजकर रखने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें, जिससे कांकेर जिले का नाम स्वच्छ और सुंदर शहरों में शुमार हो सके।

# बघेरा में मनाया गया विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 30 जून।** नवीन शिक्षा सत्र के आरंभ से ही सभी शालाओं में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया जाता है इसी कड़ी में ग्राम बघेरा में विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। इस प्रवेश उत्सव में बघेरा के प्राथमिक शाला, पूर्व माध्यमिक शाला एवं हायर सेकेंडरी स्कूल ने संयुक्त रूप से मनाया । इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में श्री राजेश श्यामकर (जिला पंचायत सदस्य) एवं विशेष अतिथि के रूप में श्री जागेश्वर साहू (अध्यक्ष भाजपा मंडल घुमका), ग्राम बघेरा के सरपंच श्री हरीश देशमुख जी शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला के शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्री दुर्जनलाल देवांगन जी एवं प्राथमिक शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्री अनिल मंडावी जी सम्मिलित हुए। शिक्षा विभाग की ओर से विकासखंड राजनांदगांव की विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती भारती आहूजा आर्य मैडम, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक श्री भगत सिंह ठाकुर जी एवं राजनांदगांव विकासखंड के संकुल शैक्षिक समन्वयक सम्मिलित हुए । कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना के साथ की गई और सातवी एवं आठवी की छात्राओं द्वारा नवप्रवेशी बच्चों के स्वागत में नृत्य की प्रस्तुति की गई। इसके पश्चात अतिथियों द्वारा नव प्रवेशी बच्चों को तिलक गुलाल एवं मिठाई खिलाकर निशुल्क पाठ्य पुस्तक एवं गणवेश वितरण किया गया। कक्षा नवमी के नवप्रवेशी छात्राओं को सरस्वती साइकिल योजना के तहत निशुल्क साइकिल का वितरण किया गया। समस्त अतिथियों एवं विकासखंड के अधिकारियों द्वारा बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद दिया गया। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बघेरा में युवा अनस्टॉपेबल की ओर से स्मार्ट टीवी 65 इंच प्रदान किया गया जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि श्री राजेश श्यामकर एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती भारती आहूजा आर्य मैडम के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ इस अवसर पर हल्लह के प्रतिनिधि श्री हिमांशु साहू भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर श्री अवतार साहनी जी (गीता बिल्डर) की ओर से प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला में मध्यान्ह भोजन हेतु 400 थालियां प्रदान की गई । कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन श्री ज्ञानेश्वर नेताम व्याख्याता हायर सेकेंडरी स्कूल बघेरा की ओर से एवं मंच संचालन श्रीमती मधुलिका विश्वकर्मा द्वारा किया गया।तत्पश्चात पूर्व माध्यमिक शाला में मध्यान्ह भोजन संचालन करने वाले समूह द्वारा न्योता भोज एवं शाला परिवार की ओर से स्वल्पाहार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बघेरा संकुल की प्राचार्य श्रीमती वायलेट सेमुअल मैडम, संकुल शैक्षिक समन्वयक श्री गुफरान मोहम्मद सिद्दीकी, पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक श्री तुकादास मांडले एवं प्राथमिक स्कूल प्रधान पाठक श्री अलेन वर्मा संकुल के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं एवं पालक गण उपस्थित थें।

# प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने 1 जुलाई से लागू होने वाले नये आपराधिक कानूनों के संबंध में दी जानकारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 30 जून।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती सुषमा सावंत ने जिला पंचायत के सभाकक्ष में 1 जुलाई 2024 से लागू होने वाले नये अपराधिक कानूनों के संबंध में न्यायाधीशों, राजस्व, पुलिस प्रशासन एवं अधिवक्तागणों को जानकारी दी। इस दौरान कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग उपस्थित थे। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती सुषमा सावंत ने कहा कि एक जुलाई से भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 प्रभावी होंगे। उन्होंने कहा कि नये कानून वर्तमान परिप्रेक्ष्य में सरल करने के लिए लाया गया है। नये तीनों कानून, न्याय और नागरिक सुरक्षा के लिए लाए गए हैं। उन्होंने कहा कि नये कानून के साथ हम सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ेंगे तो ज्यादा बेहतर काम कर पाएंगे। उन्होंने 1 जुलाई से लागू होने वाले नये आपराधिक कानून के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती सुषमा सावंत कहा कि प्रकरणों के निराकरण के लिए नये कानूनों में समय का निर्धारण किया गया है। पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न प्रावधान किए गए है। विशेषकर अपराधिक मामलों में तलाशी एवं जप्ती के दौरान फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी अनिवार्य रूप से की जाएगी। उन्होंने बताया कि 1 जुलाई 2024 से कानून लागू होने के बाद कोई भी अपराध होने पर नये कानून के अंतर्गत घटना या अपराध पंजीबद्ध होगा। इसके अंतर्गत अपराधों के लिए न्याय व्यवस्था अंतर्गत यह व्यवस्था की गई है कि निर्धारित समय में उनका निराकरण हो सके। इसी तरह पुलिस एवं न्यायालय के लिए पोस्टमार्टम रिपोर्ट, फॉरेंसिक रिपोर्ट समय पर देना होगा। इसमें पीड़ित पक्ष, आरोपी पक्ष सभी को फायदा होगा। उन्होंने जीरो-एफआईआर के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि पहले प्रार्थी को संबंधित थाने में ही एफआईआर दर्ज करनी होती थी, लेकिन अब जीरो एफआईआर अंतर्गत प्रार्थी को बड़ी सुविधा प्रदान की गई है और किसी भी थाने में एफआईआर दर्ज की जा सकती है। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, तृतीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं न्यायाधीश श्रम न्यायालय श्री सिद्धार्थ अग्रवाल, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रेक कोर्ट श्री विजय कुमार साहू, व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1 एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री ओम प्रकाश साहू, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री हेमंत कुमार रात्रे, अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री मुकेश ठाकुर, जिला न्यायालय के अधिकारी, राजस्व एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारीगण, अधिवक्तागण उपस्थित थे।

### अवैध शराब बिक्री करते आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**राजनांदगांव 30 जून।** पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मोहित गर्ग (भापुसे) के दिशा निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राहुल देव शर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेंद्र नायक के मार्गदर्शन में जिले में चलाए जा रहे अभियान अवैध शराब बिक्री करने वालों के ऊपर कार्यवाही के तहत आज दिनांक 29.06.2024 को चौकी प्रभारी निरीक्षक कौशलेश देवांगन के नेतृत्व में चौकी सुरगी पुलिस के द्वारा ग्राम भरेगांव शिवनाथ नदी पुल के पास ईटा भट्ठा जाने वाले मार्ग में मुखबीर सूचना पर आरोपी रामअंजोर सिंहा पिता मानसिंग सिंहा, उम्र 38 वर्ष, निवासी वार्ड नंबर 06 टिकरापारा ग्राम भरेगांव, पुलिस चौकी सुरगी, थाना बसंतपुर, जिला राजनांदगांव को अवैध रूप से मात्रा से अधिक शराब रखकर बिक्री करते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया, आरोपी के कब्जे से कुल 41 पौवा यूनिक देशी प्लेन शराब कुल मात्रा 7.380 बल्क लीटर कीमती ?3690 जप्त किया गया ! आरोपी के विरुद्ध मात्रा से अधिक शराब रखकर अवैध रूप से बिक्री करते हुए पाए जाने पर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश कर जेल दाखिल किया गया !



# डाक्टरस आन स्ट्रीट ने मनाया डाक्टरस डे




**रायपुर 30 जून।** डाक्टरस डे पर डाक्टर आन स्ट्रीट ( दोस्त ) के द्वारा एक निजी चिकित्सालय के सेमिनार हाल में डाक्टरों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया. डाक्टर आन स्ट्रीट के संयोजक सुनील शर्मा ने इस कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि प्रतिवर्ष एक जुलाई को डाक्टरस डे मनाया जाता है. समय की प्रतिबद्धता और उपलब्धता के हिसाब से यह कार्यक्रम रखा गया है. इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रमुख लोकायुक्त जस्टिस टी पी शर्मा ने डाक्टरों और समाजसेवियों का सम्मान किया . अपने संबोधन में जस्टिस टी पी शर्मा ने कहा कि समाज के स्वास्थ्य के लिये समर्पित डाक्टरों के द्वारा अपनी सुविधा को तिलांजलि देकर सेवा भावना से इलाज किया जाता है . डाक्टरों के इलाज के साथ उनका व्यवहार भी ईलाज के लिये बहुत कारगर होता है. कठिन परिस्थितियों में मानवीय जीवन की गरिमा को बनाए रखने का कार्य चिकित्सक का होता है . इस अवसर पर चिकित्सा रत्न से डॉ सत्यजीत साहू को सम्मानित किया गया. मरीज़ों के प्रति समर्पण और समाज सेवा के काम के लिये डॉ सत्यजीत साहू का अभिनंदन किया गया. इस अवसर पर उत्कृष्ट चिकित्सा सेवा के लिये डॉ एच एल चौहान। , डॉ आशा मिश्रा , डॉ गिरिश गोटिया, डॉ अर्पन जैन , डॉ तनु तिवारी, डॉ सौरभ बर्मन , डॉ मनीष साहु , डॉ मनीष गुप्ता, डॉ निरंजन आर्या, डॉ श्री निवास राव , डॉ संगीता कौशिक डॉ उर्वशी फुलझले का सम्मान जस्टिस टी पी शर्मा ने किया प्राथमिक चिकित्सा सेवा के लिये डॉ शिव साहू, डॉ भागवत, डॉ नरेन्द्र, डॉ सुषमा सहारे, डॉ यामिन मोहम्मद, डॉ फ़ातिमा कुदसिया, डॉ अशोक सार्वा का सम्मान लोकायुक्त के लीगल एडवाइज़र जस्टिस अजित राजभानु ने किया . समाज सेवा के लिये रोहित द्विवेदी, डॉ शुभम अवस्थी, स्वाती देवांगन लिली विक्टर, दुष्मंता बघेल, एडेवोकेट संतोष ठाकुर, बाल मधुमेह सेवा के लिये लक्ष्मी सोनी और पुजा सोनी का भी सम्मान किया गया . कार्यक्रम में अतिथि के रूप में आये लोकायुक्त के लीगल एडवाइज़र जस्टिस अजित राजभानु ने कहा कि समाज में सेवा कार्यों के द्वारा ही डाक्टरों का सम्मान और गरिमा है .डॉक्टर सत्यजीत साहू ने इस गरिमापूर्ण कार्यक्रम के लिये दोस्त के कमेटी का आभार व्यक्त किया।

■ कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम सहित राजस्व टीम ने छापामार भारी मात्रा गोला जब्त किया

# अवैध लकड़ी के भंडारण पर राजस्व विभाग की कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़/ मोहारा 30 जून।** जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार पेड़ उगाओ पेड़ बचाओ के तहत चलाए जा अभियान के तहत मोहारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम चैतुखपरी व ग्राम कोटरीछापर में अधिक मात्रा में कहुआ (अर्जुन), नीम व रिया जैसे वृक्षों के गोले की जप्ती बनाने में सफलता प्राप्त की है। बताया जाता है कि मुखबिर की सूचना थी कि रोड किनारे अधिक मात्रा में इमरती लकड़ियों की सूचना के बाद तत्काल उच्च अधिकारियों को अवगत करा निर्देशानुसार डोंगरगढ़ एसडीएम उमेश पटेल के नेतृत्व में नायब तहसीलदार विजय साहू व मोहारा थाना प्रभारी प्रमोद श्रीवास्तव सहित राजस्व व वन विभाग की संयुक्त टीम बना ग्राम चैतुखपरी रोड किनारे भारी मात्रा में वृक्ष के गोले व कोटरीछापर में वृक्ष के गोले जिसमें 33 नग नीम,18 नग रिया व 03 नग कहुआ अर्जुन प्रजाति के वृक्षों के गोलों की नापजोंक कर जप्ती कार्यवाही की गई है।

**जिले में ही रोजाना 10 हजार वृक्षों की हो रही कटाईः** जानकारों कि माने तो राजनांदगांव जिले में लकड़ी के इन सौदागरो के द्वारा प्रतिदिन लगभग 10 हजार हरे भरे जीवनदायिनी वृक्षों की अपने फायदे के लिए बलि दे दी जाती है। जो एक चिंतनीय विषय है।

**वृक्ष के गोलों का मालिक नदारत :** पूरी कार्यवाही के दौरान काटे हुए वृक्षों के मालिक सामने नहीं आये। ग्रामीणों की माने तो इन वृक्षों के गोले आसपास किसानों के खेत पर जीवित वृक्षों के है, जिन्हें गातापार व कोटरीछापर के लकड़ी तस्कर ठेकेदार द्वारा कटवा कर किसानों का है प्रदर्शित करते रोड के किनारे अलग अलग जगह भंडारण किया गया है।

**अवैध ईटभट्ठो की वजह से लकड़ी तस्कर सक्रिय :** जिले भर में हजारों की संख्या में अवैध ईटभट्ठे लगा लाल ईट का निर्माण किया जा रहा है जिससे अंधाधुंध पेड़ों की कटाई हो रही है और लकड़ी तस्कर अपने फायदे के लिए भोले भाले किसानो को पैसों व खेत बनाने का झांसा देकर कहुआ (अर्जुन) औषधि प्रजाति प्रतिबंधित वृक्षों की बेझिझक कटाई कर पर्यावरण के विरुद्ध शत्रु बने खड़े है। जो यक्ष सवाल है। अगर इस विषय पर शासन प्रशासन ने गंभीरता से विचार नहीं किया तो जिले के जंगलो को खेतों व प्लाटॉ में तब्दील होने समय नहीं लगेगा।

## समाचार संक्षेप

### अवैध शराब बिक्री,परीवहन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई

**राजनांदगांव 30 जून।** पुलिस अधीक्षक महोदय मोहित गर्ग के निर्देशन एंव अति पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राहुल देव शर्मा ,नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदशन मे अवैध रूप से शराब बिक्री, जुआ ,सटटा पर अंकुश लगाने व कड़ी कार्यवाही करने के मार्गदर्शन व निर्देश पर थाना प्रभारी बसंतपुर निरीक्षक सत्यनारायण देवांगन द्वारा टीम गठित कर थाना बसंतपुर स्टाफ के मुखबीर के आधार पर रेड कार्यवाही कर मोहारा ओवर ब्रीज के पास अवैध रूप से शराब बिक्री करने के लिए आरोपीगण डोमेन्द्र नोन्हारे पिता स्व0 भवर लाल नोन्हारे उम्र 24 वर्ष एंव सौरभ सेन पिता विजय सेन उम्र 21 वर्ष दोनो निवासी राजनांदगांव कैलाश नगर राम नगर पावर हाउस थाना सीटी कोतवाली जिला राजनांदगांव को शराब परीवहन करते रंगे हाथ पकडे उनके कब्जे कुल 49 पौवा देशी प्लेन शराब जुमला 8.820 बल्क लीटर कीमती 4410 रूपये एंव एक्टीवा 5त्त क्रमांक छ्त्त08ख्र966 किमती 50,000/ रूपये को जप्त कर आरोपीगण के विरूध थाना बसंतपुर मे अप0क्र0 294/2024 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपीगण को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जाता है किया गया उक्त् कार्यवाही में निरीक्षक सत्यनारायण देवांगन , सउनि डेजलाल मांडले ,आरक्षक मोहसीन खान 1318, आरक्षक 53 ललीत उइके की भूमिका सराहनीय रही।




### जल जीवन मिशन के अंतर्गत चल रहे कार्यों को गुणवत्तापूर्ण एवं निर्धारित समय-सीमा में करें पूर्णः कलेक्टर



**राजनांदगांव 30 जून।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत चल रहे कार्यों को गुणवत्तापूर्ण एवं निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में कार्यरत ठेकेदारों द्वारा कार्य समय पर पूर्ण नहीं करने पर अर्थदंड अधिरोपित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि जिले के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों, स्वास्थ्य केन्द्रों, पंचायत भवन, शासकीय स्कूलों सहित अन्य शासकीय भवनों में पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करें और इसके लिए स्थायी जल स्रोत बनाएं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में जल जीवन मिशन अंतर्गत घर तक नल के माध्यम से पेयजल की आपूर्ति अनवरत होती रहे, इसके लिए प्रत्येक गांव से एक महिला एवं एक पुरूष को कौशल विकास उन्नयन के अंतर्गत इलेक्ट्रिशयन, प्लंबर एवं पंप आपरेटरों का प्रशिक्षण देने कहा। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संरक्षण एवं भू-जल स्तर को बढ़ाने के लिए अधोसंरचना का निर्माण करें, ताकि पेयजल की समस्या नहीं हो। उन्होंने यह भी कहा कि जल संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश प्रत्येक ग्रामीण तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा, ताकि इस दिशा में बेहतर कार्य हो सकें। कलेक्टर ने अधिकारियों को जल जीवन मिशन के कार्यों को गंभीरता से पूर्ण करने एवं गुणवत्ता पर विशेष रूप से ध्यान के निर्देश दिए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी श्री समीर शर्मा, जिला जल एवं स्वच्छता समिति के सदस्य कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती गुरूप्रीत कौर, उप संचालक कृषि श्री नागेश्वर लाल पाण्डेय, जिला शिक्षा अधिकारी श्री अभय जायसवाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### टोल माफ नहीं तो विरोध प्रदर्शन चक्काजामः संजय

**सरायपाली 30 जून।** महासमुंद जिले में टोल टैक्स फ्री करने की मांग लगातार अलगङ्क्षअलग संगठनों द्वारा समयङ्क्षसमय उठाया जा रहा है। पिछले महीनों से सरायपाली के युवाओं द्वारा टोल फ्री करने आवाज उठाई जा रही है,केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें 10 जुलाई तक टोल प्रबंधन को अल्टीमेटम दिया गया है मांग पूरी नहीं होने पर 11 जुलाई से उग्र प्रदर्शन चक्काजाम करने की बात कही गई है युवाओं का नेतृत्व कर रहें संजय चौधरी जी ने कहा रोड एक तो नियम अलग अलग क्यों ? राजनांदगांव में छ्त्त 08 परमिट वाली वाहनों का टोल नहीं लिया जाता है। दुर्ग में छ्त्त 07 परमिट वाहनों का टोल टैक्स नहीं लिया जाता है,उड़ीसा में ह्रष्ठ 17 परमिट सभी वाहनों से टोल टैक्स नहीं लिया जाता है तो फिर महासमुंद जिलेवासियों से ही छलावा क्यों ? चौधरी ने कहा कि जब वाहन खरीदते समय रोड टैक्स दे रहें हैं त्रस्ञ्च अलग से दे रहें हैं तो फिर टोल टैक्स क्यों? टोल टैक्स माफ होना चाहिए,पिछले महीने भी टोल प्रबंधन,शासनङ्क्षप्रशासन को हमारे द्वारा ज्ञापन दिया गया था। जिसमें शासन प्रशासन,टोल प्रबंधन का कोई जवाब नहीं आया । अचार संहिता लागू होने के कारण प्रदर्शन की अनुमति नहीं मिल पाई। उसके बाद टोल टैक्स वसूलने वाली कंपनी बीएससीपीएल भी बदल गई,अब आरंग टोलवे लिमिटेड ढांक झलप एवं छुईपाली टोल टैक्स की वसूली कर रही है जिसके कारण हम पुनः कंपनी को ज्ञापन देने गए थे कंपनी के मैनेजर ने ज्ञापन लेने से इंकार कर दिया। महासमुंद जिलेवासियों 10 जुलाई तक टोल टैक्स माफ नहीं किया जाता है तो 11 जुलाई से उग्र विरोध प्रदर्शन चक्काजाम किया जाएगा जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी शासन प्रशासन एवं टोल प्रबंधन की होगी।



# कलाकारों ने मानसून में त्वचा की देखभाल के लिये अपने सीक्रेट नुस्खे बताये

मानसून का सीजन झुलसाने वाली गर्मी से राहत देता है, लेकिन अपने साथ कुछ चुनौतियाँ भी लेकर आता है। मानसून आपकी त्वचा के लिये खराब हो सकता है और बारिश के मौसम में आपके चेहरे पर मुंहासे, दाग-धब्बे आदि हो सकते हैं। मानसून में आपकी त्वचा ज्यादा तेलीय भी हो सकती है। खिली-खिली और चमकदार त्वचा के लिये एण्डटीवी की अभिनेत्रियां मानसून में स्किन केयर के अपने सीक्रेट्स बता रही हैं। इन कलाकारों में शामिल हैं नेहा जोशी (‘अटल’ की कृष्णा देवी वाजपेयी), गीतांजलि मिश्रा ( ‘हप्पू की उलटन पलटन’ की राजेश सिंह) और शुभांगी अत्रे (‘भाबीजी घर पर हैं’ की अंगूरी भाबी)। ‘अटल‘ की कृष्णा देवी वाजपेयी, ऊर्फ नेहा जोशी ने बताया, ‘‘किसी खाली दिन बारिश में भीगने का एहसास सबसे बढ़िया होता है। लेकिन इसका आपकी त्वचा पर असर हो सकता है। इसलिये थोड़ी ज्यादा सावधानी रखना महत्वपूर्ण है। मानसून का उमस वाला मौसम त्वचा को ज्यादा तैलीय बना सकता है। ऐसे में मेरे लिये इन चुनौतियों से निपटने के उपाय करना और प्राकृतिक चीजों का इस्तेमाल जरूरी हो जाता है।



मैं घर का बना क्लींजर लगाती हूँ, जिसमें बेसन, हल्दी और दूध होता है। यह प्राकृतिक मिश्रण सौम्यता से मेरी त्वचा को एक्सफोलियेट और साफ कर देता है और वह ज्यादा तेल तथा अशुद्धियों से रहित रहती है। क्लींजिंग के बाद मैं अपने चेहरे पर गुलाब जल लगाती हूँ। त्वचा को मॉइश्चराइज करना भी जरूरी होता है, चाहे आपकी त्वचा मेरी तरह तैलीय हो। मैं एलो वेरा जेल में टी ट्री ऑइल की कुछ बूंदें मिलाकर इस्तेमाल करती हूँ। यह हल्का-फुल्का मॉइश्चराइजर मेरी त्वचा को हाइड्रेट करता है और मुंहासे बनने से रोकने में मददगार होता है। आप तो जानते ही हैं कि मानसून में मुहांसे होना एक आम समस्या है।’’

‘हप्पू की उलटन पलटन‘ की राजेश, ऊर्फ गीतांजलि मिश्रा ने बताया, ‘‘इस सीजन में मुझे नियमित रूप से अपना चेहरा धोना पसंद है। मेरे भरोसेमंद नुस्खों में से एक है मुल्तानी मिट्टी, नीम और लौंग का बना एक नैचुरल मास्क, जो मेरी माँ ने बताया था। इसे बनाने के लिये मैं एक साफ-सुथरे कटोरे में दो बड़े चम्मच मुल्तानी मिट्टी अथवा फुलर्स अर्थ, एक बड़ा चम्मच नीम पाउडर और आधा छोटा चम्मच लौंग मिलाती हूँ। फिर उसमें धीरे-धीरे गुलाब जल डालकर एक चिकना पेस्ट बना लेती हूँ। गुलाब जल त्वचा को संतुलित और मजबूत रखने में मदद करता है। अपना चेहरा धोने और उसे अच्छे से पोंछने के बाद मैं यह मास्क पूरे चेहरे और गर्दन पर बराबरी से लगाती हूँ। मैं इसे आँखों वाले भाग पर नहीं लगाती हूँ और फिर पूरा सूखने तक 15-20 मिनट के लिये छोड़ देती हूँ। फिर हल्का गर्म पानी लगाकर एक्सफोलियेशन के लिये सर्कुलर मोशन में मालिश करती हूँ। चेहरा सूख जाने के बाद मैं अपनी त्वचा को हाइड्रेटेड रखने के लिये एलो वेरा जेल या बादाम का तेल जैसे प्राकृतिक मॉइश्चराइजर लगाती हूँ। इस मास्क में मुल्तानी मिट्टी होती है, जिसमें तेल को सोखने और अशुद्धियों को हटाने जैसे गुण होते हैं। नीम में एंटी-इनफ्लैमेटरी और एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं, जबकि लौंग में कीटाणुओं से लड़ने की शक्ति होती है।

# लालच करना बुरी बात, सभी को मिलना चाहिए बराबर का हक : मोहित साहू



रायपुर। 5 जुलाई को 50 से अधिक सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली छत्तीसगढ़ी फिल्म हण्डा के निर्माता मोहित साहू, निर्देशक व हीरो अमलेश नागेश व अन्य कलाकार शनिवार को ओपन मीट के माध्यम से आम जनता से रुबरू हुए। इस दौरान मोहित ने बताया कि इस फिल्म के माध्यम से वे जनता को यह संदेश देना चाहते हैं कि लालच करना बूरी बात है और हम सभी को मिल जुलकर रहना चाहिए और जो भी चीज हमें मिले उसे मिल बांटकर खाना चाहिए किसी को ज्यादा या कम नहीं, सभी को बराबर का हक मिले।

निर्माता मोहित साहू ने ओपन मीट के माध्यम से दर्शकों से कहा कि पुराने जमाने की कहातव हैं कि जिसके घर में हण्डा मिल जाए तो वह आदमी इतना अमीर हो जाता था कि दूसरों की चिंता करना ही भूल जाता था या वह इतना कर्ज में डूब जाता है कि जीवन चलाना मुश्किल हो जाता था। वे अपने दादा-परदा से यह सुनते थे कि जिनके घर में हण्डा मिल जाता था तो वह दूसरों को इसकी जानकारी नहीं देते थे और कुछ ही दिनों में वह इतना अमीर हो जाता था कि झोपड़ी नुमा मकान देखते ही देखते आलीशान मकान में तब्दील हो जाता था। वहीं एक ऐसा हण्डा भी था जो उसे मिल तो जाया करता था लेकिन वह उससे इतने कर्ज में डाल देता था कि कंगाल हो जाता था। इन्हीं सब कहानियों को लेकर उन्होंने हण्डा फिल्म का निर्माण किया जिसके निर्देशक भैरा कका यानी अमलेश नागेश है और एडिटर गौरांग त्रिवेदी व उमेश ध्रुव ने किया है। इस फिल्म के माध्यम से वह छत्तीसगढ़ के लोगों को यह संदेश देना चाहते हैं कि जब कभी भी हमें ऐसी कोई भी चीज मिले तो हमें लालच नहीं करना चाहिए क्योंकि लालच का फल कभी भी मीठा नहीं होता हैं, हमें इन चीजों को मिल बांटकर रखना चाहिए.

## अभिनेत्री शमिता शेट्टी ने लंदन में अपनी यात्रा की तस्वीरें साझा की

शमिता शेट्टी भारतीय सिनेमा की सबसे प्रतिभाशाली अभिनेत्रियों में से एक हैं। चाहे ऑन-स्क्रीन हो या ऑफ-स्क्रीन, शमिता अपने व्यक्तित्व से दर्शकों को चकित करने में कभी असफल नहीं होती हैं। अभिनेत्री के सोशल मीडिया पर 4.8 मिलियन फ़ॉलोअर हैं और वह अक्सर अपनी रोज़मर्रा की ज़िंदगी, फिटनेस पोस्ट और वीडियो के ज़रिए दर्शकों का मनोरंजन करती नज़र आती हैं। हाल ही में, अभिनेत्री ने लंदन जाते समय अपनी यात्रा डायरी से कई तस्वीरें और वीडियो साझा किए। अभिनेत्री ने वार्नर ब्रदर्स स्टूडियो का दौरा किया। इंटरनेशनल स्टूडियो की अपनी यात्रा पर। उन्होंने पुरानी यादों को ताज़ा किया और वहाँ हैरी पॉटर थीम स्टूडियो में मौज-मस्ती की। सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए शमिता शेट्टी ने कैप्शन दिया, "जब मैंने हैरी पॉटर की जादुई दुनिया के कुछ पलों और किरदारों को फिर से जिया तो मेरी आंखें विस्मय और विस्मय से चमक उठीं!!! मुझे इसका हर पल बहुत पसंद आया! शमिता की ट्रैवल डायरी की तस्वीरों और वीडियो को सभी ने बहुत पसंद किया और दर्शकों ने कमेंट सेक्शन में प्यार की बाढ़ ला दी।

## पंजाबी फिल्म मियां बीबी राजी तो की करेंगे भाजी शूटिंग समाप्त,जल्द मचाएगी सिनेमा में धूम

**मुंबई।** मुंबई के फ्यूचर स्टूडियो में पंजाबी फिल्म मियां बीबी राजी तो की करेंगे भाजी का का आखिरी दिन की शूटिंग कर ली गयी, आखिरी दिन पर फिल्म के प्रोडूसर अनिल मेहता खास बातचीत हुयी और इस बातचीत मेहता को फिल्म को लेकर हर्ष



उत्साह में देखा गया । यह एक कॉमेडी फिल्म है। और इस फिल्म में मुख्य भूमिका मशहूर गायक और राजनीतिज्ञ हंसराज हंस के बेटे युवराज हंस निभा रहे हैं। फिल्म के प्रोड्यूसर अनिल मेहता और निर्देशक हैरी मेहता है। अभिनेत्री शहनाज है। फिल्म के निर्देशक हैरी मेहता ने बताया कि जैसा कि नाम से ही पता चल रहा है इस फिल्म में मनोरंजन का पूरा ध्यान रखा गया है। यह कॉमेडी से भरी हुई है। प्रत्येक सीन को बेहतर बनाने के लिए मैं पूरी कोशिश कर रहा हूं। फिल्म के आखिरी दिन शादी की शूटिंग हुई और कहनी का अंतिम रूप दिया गया । फिल्म के प्रोड्यूसर अनिल मेहता ने कहा कि फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली गयी है और जल्द ही सिनेमा हॉल में ये फिल्म आएगी और सबको हसांएगी | मेहता कहते है की मानसिक तनाव के इस दौर में लोगों को हंसना हंसाना बहुत जरूरी है। इसलिए विशुद्ध रूप से एक कॉमेडी फिल्म बनाने का निर्णय लिया है।

# बुलबुल के 4 साल: फिल्म में देखें तृप्ति का शानदार अभिनय

ब्लॉकबस्टर फ़िल्म एनिमल की सफ़लता के बाद नेशनल क्रश त्रिप्ति डिमरी बॉलीवुड की सबसे ज़्यादा पसंद की जाने वाली प्रतिभाओं में से एक बन गई हैं। फ़िलहाल, वह इस साल चार फ़िल्मों की रिलीज़ के लिए तैयार हैं, जिनमें बैड न्यूज़, विक्की विद्या का वो वाला वीडियो, धड़क 2 और भूल भुलैया 3 शामिल हैं। इन प्रोजेक्ट्स में त्रिप्ति को अलग-अलग किरदारों में दिखाया जाएगा, जो एक अभिनेत्री के रूप में उनकी बहुमुखी प्रतिभा को और मज़बूत करेगा। जैसा कि हम उनकी आने वाली फ़िल्मों की रिलीज़ का इंतज़ार कर रहे हैं, उनके पिछले काम का जश्न मनाना और उन्हें याद करना उचित है। त्रिप्ति के स्टारडम की यात्रा बुलबुल में उनकी ब्रेकआउट भूमिका से शुरू हुई, जो अन्विता दत्त द्वारा लिखित और निर्देशित एक पीरियड हॉरर फ़िल्म थी। आज फ़िल्म ने अपनी चौथी सालगिरह मनाई है। 24 जून, 2020 को नेटफ्लिक्स पर रिलीज़ हुई बुलबुल एक मज़बूत नारीवादी बयान देती है और इसने अपनी आकर्षक कथा और अलौकिक तत्वों से दर्शकों पर अपनी छाप



छोड़ी है। बुलबुल में मुख्य किरदार के रूप में त्रिप्ति के चित्रण ने न केवल उन्हें व्यापक पहचान दिलाई, बल्कि उन्हें घर-घर में जाना जाने लगा। उनके अभिनय में बुलबुल की यात्रा के तीन अलग-अलग चरण शामिल हैं। शुरुआत में, वह एक छोटी बालिका वधू की मासूमियत और भोलेपन को दर्शाती हैं, जो बुलबुल की कमज़ोरी को दर्शाता है। जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, डिमरी बुलबुल की यातना और बलात्कार के दर्दनाक दृश्यों को गहन यथार्थवाद के साथ पेश करती है, उसकी पीड़ा और लाचारी को व्यक्त करती है। अंत में, वह एक भयंकर, प्रतिशोधी व्यक्ति में बदल जाती है, जो बुलबुल के विकास को सूक्ष्मता और तीव्रता के साथ एक शक्तिशाली बदला लेने वाले के रूप में प्रदर्शित करती है। यह परिवर्तन डिमरी की अविश्वसनीय रेंज और प्रतिभा को उजागर करता है। अक्सर पुरुष-केंद्रित कथाओं के वर्चस्व वाले उद्योग में, बुलबुल में त्रिप्ति डिमरी की भूमिका स्त्री शक्ति और लचीलेपन का एक ताज़ा और शक्तिशाली चित्रण है। उनका किरदार विपरीत परिस्थितियों पर काबू पाने वाली एक महिला की भावना का प्रतीक है, जो बुलबुल को एक प्रेरणादायक और भरोसेमंद व्यक्ति बनाता है। डिमरी की मासूम बालिका वधू से लेकर पीड़ित पीड़ित और अंततः एक शक्तिशाली बदला लेने वाली में सहज रूप से बदलाव लाने की क्षमता उसकी असाधारण प्रतिभा और अपने काम के प्रति समर्पण को दर्शाती है। बुलबुल में त्रिप्ति डिमरी के अभिनय की आलोचकों द्वारा व्यापक रूप से प्रशंसा की गई है।

## जान्हवी कपूर ने पूरी म्यूजिक टीम के साथ मुंबई में मिस्टर एंड मिसेज माही का एलबम लॉन्च किया

शुक्रवार को, साल की सबसे बहुप्रतीक्षित रिलीज में से एक, मिस्टर एंड मिसेज माही के कलाकार और पूरी म्यूजिक टीम मुंबई में एक विशेष अनुभव पर फिल्म का एल्बम लॉन्च करने के लिए एक साथ आई। दुनिया के अग्रणी ऑडियो स्ट्रीमिंग प्लेटफ़ॉर्म Spotify और सोनी म्यूज़िक इंडिया ने जान्हवी कपूर के साथ-साथ निर्देशक शरण शर्मा और फ़िल्म के साउंडट्रैक के पीछे के संगीतकारों तनिष्क बागची, विशाल मिश्रा, जुबिन नौटियाल, जानी और उनकी टीम, कौसर मुनीर, नीति मोहन, कविता सेठ, लक्ष्य कपूर, अचिंत, मोहम्मद फ़ैज़, ध्रुव ढल्ला को एक साथ लाया, जहाँ दोपहर में परफ़ॉर्मेंस और बातचीत हुई, जिसके बाद 7 गानों वाला एल्बम रिलीज़ किया गया। फ़िल्म के दो गाने, 'देखा तेनु' और 'अगर हो तुम' रिलीज़ हो चुके हैं और दुनिया भर के श्रोताओं के बीच पहले से ही धूम मचा रहे हैं।

## मोरक्को में मावाज़ीन फेस्टिवल में परफॉर्म करने वाली पहली भारतीय कलाकार बनीं ज़हरा एस खान

मशहूर ब्रिटिश-भारतीय गायिका और अदाकारा ज़हरा एस खान, भारतीय संगीत के लिए एक ऐतिहासिक क्षण में, मावाज़ीन फेस्टिवल में प्रतिष्ठित मंच पर परफ़ॉर्म करने वाली पहली भारतीय कलाकार बन गईं। अपनी मनमोहक आवाज़ और ऑन-स्क्रीन मौजूदगी के लिए मशहूर ज़हरा के साथ मशहूर म्यूज़िक प्रोड्यूसर अलावन भी शामिल हुईं, जब उन्होंने फेस्टिवल में अपने चार्ट-टॉपिंग हिट्स में से एक, "कुसु कुसु" को अलावन द्वारा रीमिक्स करके परफ़ॉर्म किया। उन्होंने अलावन के साथ मिलकर BTS का गाना "डायनामाइट" भी गाया। ज़हरा की दमदार आवाज़ और स्टेज पर मौजूदगी ने इस शानदार परफ़ॉर्मेंस को दुनिया भर के दर्शकों पर एक अमिट छाप छोड़ी। ज़हरा का ऐतिहासिक परफ़ॉर्मेंस भारतीय संगीत की अंतरराष्ट्रीय पहचान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। "मावाज़ीन में परफ़ॉर्म करना एक सपने के सच होने जैसा था," ज़हरा ने मुस्कुराते हुए कहा। "उस मंच पर खड़े होकर, ATEEZ, मेट्रो बूमिन, निकी मिनाज, कैमिला कैबेलो, सेंट्रल सी, केल्विन हैरिस जैसे वैश्विक आइकन के साथ भारत का प्रतिनिधित्व करना वास्तव में अभिभूत करने वाला था। लेकिन सबसे अविश्वसनीय हिस्सा? भीड़! यह दुनिया भर से आए चेहरों का एक समुद्र था, जो संगीत की शक्ति से एकजुट थे। मैं एलन और भीड़ के लिए अविश्वसनीय रूप से आभारी हूं, जिन्होंने इस विद्युत ऊर्जा का प्रदर्शन किया।



# टीवी कलाकारों के रिहर्सल के दौरान किये गये अनौपचारिक संवाद, जो शो की स्क्रिप्ट का हिस्सा बन गये

इंटरनेशनल जोक्स डे पर हम हास्य से भरपूर उन चीजों का जश्न मनाते हैं, जो हमारी जिंदगी में खुशियां भरते हैं। इस साल टेलीविजन के कलाकारों ने सेट पर अनस्क्रिप्टेड मोमेंट्स के अपने व्यक्तिगत अनुभवों के बारे में बताया, जिनसे मशहूर डायग्लॉग्स का जन्म हुआ। उन्होंने बताया कि कैसे वे अक्सर शूटिंग के दौरान इम्प्रोवाइज करते हैं या किसी सीन के दौरान चुटकुले सुनाते हैं और कई बार ये बातें इतनी मजेदार होती हैं कि स्क्रिप्ट का हिस्सा बन जाती हैं। ये त्वरित और बिना किसी पूर्व योजना के बोले गये डायलॉग प्रत्येक कलाकार की रचनात्मकता को दिखाते हैं और उनके परफॉर्मेंस को और भी ज्यादा वास्तविक एवं आकर्षक बनाते हैं। इन कलाकारों में शामिल हैं - आसिफ शेख (‘भाबीजी घर पर हैं‘ के विभूति मिश्रा) और गीतांजलि मिश्रा (‘हप्पू की उलटन पलटन‘ की राजेश)।



गीतांजलि मिश्रा ऊर्फ ‘हप्पू की उलटन पलटन‘ की राजेश ने कहा, ‘‘हास्य में हमारे दिन को रौशन करने और लोगों को एक ऐसे तरीके से एकजुट करने की ताकत होती है, जिसे हरकोई समझ सकता है। जिंदगी हमें हंसने और जोक्स शेयर करने के कई मौके देती है। मुझे याद है कि हाल ही में हमारे शो के नये एपिसोड्स के लिये मैं कटोरी अम्मा (हिमानी शिवपुरी) और बिमलेश (सपना सिकरवार) के साथ एक मॉर्निंग सीन की शूटिंग कर रही थी। उस सीन में मुझे बिमलेश को यह कहते हुये छेड़ना था कि वह अपने पति के साथ कभी भी मस्ती कर सकती है, क्योंकि वह अकेले रहती है, लेकिन मैं अपने नौ बच्चों की देखभाल की जिम्मेदारी की वजह से अपने पति को महीनों तक देख नहीं पाती हूं। मेरी लाइन के बाद कटोरी अम्मा ने मुझे यह कहकर छेड़ा कि ‘‘एक दूसरे की शक्ल देखे बिना तुमने नौ बच्चे पैदा कर लिये। सोचो यदि तुम गांधारी और धृतराष्ट्र की तरह एकसाथ रह रहे होते, तो कितनी संतानों को जन्म देते। मुझे यह लाइन बहुत पसंद आई और यह इतना मजेदार था कि हमारे डायरेक्टर ने भी इसे खूब सराहा और सीन में इसे शामिल कर लिया। यह सीन बहुत हिट हुआ और सोशल मीडिया पर इसे 40 मिलियन से ज्यादा व्यूज मिले। यह एक यादगार अनुभव था कि सहज और वास्तविक हास्य कैसे दर्शकों के साथ गहराई से जुड़ सकता है और इससे हमारे शो में यादगार एवं खुशनुमा पलों को संजोने का भी मौका मिला।

## क्या अंशुल गर्ग ग्लोबल सुपरस्टार सेलेना गोम्ज के साथ अगला अंतर्राष्ट्रीय सहयोग करने के लिए हैं तैयार ?

अंशुल गर्ग अपने लेबल प्ले डीएमएफ के साथ भारत में सर्वश्रेष्ठ ग्लोबल म्यूजिक लेकर आ रहे हैं। गुली माता में मोरक्कन गायक साद लामजारेड (Saad Lamjarred) , यिम्मी यिम्मी में फ्रांसीसी गायक टायक और ज़ालिमा में अरबी कलाकार डिस्टिंक्ट के साथ काम करने के बाद, ऐसा लगता है कि अंशुल अब तक के अपने सबसे बड़े सहयोग के लिए तैयार हो रहे हैं। अफवाहों की मानें तो निर्माता वैश्विक सुपरस्टार सेलेना गोम्ज़ के साथ मिलकर काम करने की योजना बना रहे हैं। सेलेना दुनिया की सबसे प्रसिद्ध एक्टर -पॉपस्टार में से एक हैं, जिन्होंने सेम ओल्ड लव, हैंड्स टू माईसेल्फ, ताकी ताकी और कैलम डाउन जैसे कई हिट गाने दिए हैं। करीबी सूत्र की माने तो , ‘‘दुनिया के विभिन्न कोनों से कलाकारों को भारत लाने के बाद, अंशुल अपने अगले गाने के साथ सेलेना गोम्ज़ को देश में लाने की योजना बना रहे हैं। गुली माता , यिम्मी यिम्मी और ज़ालिमा में अरबी के बाद वे भारतीय म्यूजिक को एक अलग ऊचाईं पर ले जाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। यह वास्तव में भारत और अमेरिका के सर्वश्रेष्ठ लोगों के एक साथ आने का एक स्वप्निल सहयोग होगा।" यदि खबरों की मानें तो भारत में सेलेना का पहला गाना हो सकता है.



## ‘हप्पू की उलटन पलटन’ में हुई रेनकोट की चोरी!

चिलचिलाती गर्मी के बाद आए बारिश के मौसम का मजा हर कोई ले रहा है, लेकिन एण्डटीवी के शो ‘हप्पू की उलटन पलटन‘ में दरोगा हप्पू सिंह और उसकी दबंग दुल्हनिया राजेश एक मुश्किल में फंस गए हैं। दरअसल होता यह है कि एक रेनकोट की चोरी उन्हें तनाव की स्थिति में पहुँचा देती है, क्योंकि इसके पीछे एक राज छुपा है, जो उनकी किस्मत भी बदल सकता है। मानसून की इस दिलचस्प कहानी के बारे में दरोगा हप्पू सिंह की भूमिका निभा रहे योगेश त्रिपाठी ने कहा, ‘‘एक रहस्यमय आदमी रेस्टोरेन्ट में कमिश्नर (किशोर भानुशाली) का छाता चुरा लेता है और शायरी जैसा कुछ लिखकर जाता है, जिससे कमिश्नर चौंक जाता है। इस बीच, राजेश (गीतांजलि मिश्रा) को अपने स्वर्गीय दादाजी का रेनकोट मिलता है और वह भावुक हो जाती है। हप्पू के पुलिस स्टेशन जाते वक्त भारी बारिश होने लगती है और वह राजेश से रेनकोट मांगता है। राजेश हिचकिचाती है,



क्योंकि रेनकोट से उसकी भावनाएं जुड़ी हैं। लेकिन हप्पू उसे शाम तक रेनकोट सुरक्षित लौटाने का वादा करके मना लेता है।’’ इसके आगे गीतांजलि मिश्रा, ऊर्फ राजेश ने बताया, ‘‘कमिश्नर अपना छाता खो जाने के कारण पुलिस स्टेशन से निकलते वक्त हप्पू का रेनकोट ले जाता है। जब राजेश के पिता गब्बर (साहब सिंह माणिकपुरी) को पता चलता है कि उसने रेनकोट हप्पू को दिया है, तब वह रेनकोट का राज बताते हैं कि उसमें एक खजाने का पता छिपा है। यह सुनकर राजेश चौंक जाती है। उनकी बात सुनकर कटोरी अम्मा (हिमानी शिवपुरी) तुरंत हप्पू को यह जानकारी देती हैं। वापस लौटते वक्त कमिश्नर के साथ दुर्घटना हो जाती है और कोई उससे रेनकोट भी चुरा लेता है। जब हप्पू घर आता है, तब राजेश गुस्सा हो जाती है, क्योंकि उसका कीमती रेनकोट खो गया। इधर हप्पू इसलिये नाराज है.

## अंगूरी करना चाहती है विभूति से प्यार का इजहार!

एण्डटीवी के शो ‘भाबीजी घर पर हैं‘ में विभूति नारायण मिश्रा (आसिफ शेख) कभी भी अंगूरी (शुभांगी अत्रे) पर डोरे डालने का मौका नहीं छोड़ता है। लेकिन अंगूरी उसके जज्बातों को हमेशा मजाक में लेती है। अब एक रोमांचक ट्विस्ट में हम देखेंगे कि अंगूरी, विभूति को ‘आई लव यू’ कह रही है। इसके बारे में आसिफ शेख, ऊर्फ विभूति ने बताया, ‘‘जब अंगूरी (शुभांगी अत्रे) की याददाश्त चली जाती है, तब अम्माजी (सोमा राठौड़) उसे सलाह देती हैं कि वह सभी के सामने किसी पराये मर्द को ‘आई लव यू’ कहे। अंगूरी जब विभूति के पास जाती है, वह रोमांचित हो जाता है। इस बीच, तिवारी (रोहिताश्व गौड़), अनीता को यह कहते सुन लेता है कि उसे बारिश में भीगने वाले आदमी पसंद हैं। तिवारी उसे इम्प्रेस करने के लिये सक्सेना (सानंद वर्मा) की पेंटिंग का सब्जेक्ट बन जाता है। अनीता की तारीफ से तिवारी का आत्मविश्वास बढ़ जाता है। इधर डेविड चाचा (अनूप उपाध्याय) के साथ कसरत करते हुए, विभूति को चक्कर आ जाते हैं, जब वह डेविड की पीठ पर निशान देखता है। डॉक्टर बताता है कि विभूति को बिजली गिरते देखने से सदमा लगता है।



## अपने योग रुटीन को पर्सनलाइज करने और इसके फायदे बढ़ाने के लिये कलाकारों के डीआईवाय प्रॉप्स!

मानसिक एवं शारीरिक सेहत को बेहतर बनाने के लिये योग एक बेहतरीन उपाय है। यह खुद को ज्यादा मजबूत और ज्यादा स्वस्थ बनाने की दिशा में की जाने वाली एक यात्रा है। कुछ लोग, जैसे कि एण्डटीवी के कलाकार अपने योग रुटीन को ज्यादा असरदार बनाने के लिए अपने घर पर ही मेकशिफ्ट प्रॉप्स तैयार कर लेते हैं। जिम जाने के बजाए यह तरीका उन्हें अपने हिसाब से शेप में रहने की ताकत देता है। योग करने वाले लोग अक्सर तरह-तरह की चीजों का इस्तेमाल करते हैं, ताकि उनका अभ्यास बेहतर हो। इसमें आम घरेलू चीजों से भी काम लिया जाता है। यह असली और घर पर कस्टमाइज किये गये प्रॉप्स मनोबल बढ़ाने के साथ-साथ वांछित काम भी कर देते हैं। एण्डटीवी के कलाकार ‘अटल‘, ‘हप्पू की उलटन पलटन‘ और ‘भाबीजी घर पर हैं‘ जैसे लोकप्रिय शोज में अपने किरदारों के लिये मशहूर हैं। उन्होंने घर पर योग करते समय अपने इस्तेमाल में आने वाले तरह-तरह के प्रॉप्स के बारे में बात की।



# कलाकारों ने पुराने कपड़ों से बनाए खूबसूरत, इको-फ्रेंडली बैग्स!

इंटरनेशनल प्लास्टिक बैग फ्री डे हर साल मनाया जाता है। इस दिन सिंगल-यूज प्लास्टिक बैग्स से पर्यावरण को होने वाले नुकसान पर जागरूकता बढ़ाई जाती है। यह दिन दुनियाभर के लोगों, समुदायों और व्यवसायों को प्लास्टिक की थैलियों पर निर्भरता कम करने की याद दिलाता है। कई लोगों ने इस पहल को अपनाया है, इसके दूसरे विकल्प खोजे हैं और पुनःचक्रण के लिये प्रयास किये हैं। ऐसे लोगों में एण्डटीवी के कलाकार भी शामिल हैं। उन्होंने अपने पुराने कपड़ों से थैलियाँ बनाई हैं और अपने कार्बन फुटप्रिंट को काफी कम किया है। पर्यावरण के अनुकूल जीवनशैली अपनाने के लिये उनका समर्पण वाकई प्रेरणादायक है और हमें भी इसमें अपनी भूमिका के लिये प्रेरणा लेनी चाहिये। यह कलाकार हैं प्रचिती अहिरराव (विमला, ‘अटल’), हिमानी शिवपुरी (कटोरी अम्मा, ‘हप्पू की उलटन पलटन’) और शुभांगी अत्रे (अंगूरी भाबी, ‘भाबीजी घर पर हैं’)। अटल में विमला की भूमिका के लिये मशहूर प्रचिती अहिरराव ने कहा, ‘‘हम सभी के लिये यह बेहद चिंता की बात है कि सिंगल-यूज प्लास्टिक से हमारे पर्यावरण को कितना नुकसान होता है। मैंने कई साल पहले प्लास्टिक की थैलियों का इस्तेमाल बंद कर दिया था। हम रोजाना के कामों के लिये उन पर बहुत निर्भर करते हैं, लेकिन इसके कई विकल्प भी उपलब्ध हैं। अगर हम दुनिया को बचाना चाहते हैं, तो रिसाइकलिंग और अपसाइकलिंग बहुत मायने रखती है। रोजाना की जरूरतों के लिये मैं पुराने कपड़ों से बनी थैलियों का इस्तेमाल करती हूँ। मुझे कला की उस ताकत पर भरोसा है, जो बदलाव ला



सकती है। मैंने अपने कई पुराने कपड़ों को रिसाइकल करके फैशनेबल और इस्तेमाल करने के लायक थैलियाँ बनाई हैं। मैंने छोटे कैरी बैग्स बनाने के लिये पुराने, बुने हुए मफलर्स और स्वेटर्स के फैब्रिक स्ट्रिप्स का इस्तेमाल किया है। मेरा एक दोस्त ऐसा ब्राण्ड चलाता है, जिसमें कचरे को रिसाइकल करके स्टाइलिश बैग बनाये जाते हैं। उनका इस्तेमाल मैं तब करती हूँ, जब मुझे कुछ फैशनेबल चाहिये होता है। मैंने ऐसे बैग कई दोस्तों और साथी कलाकारों को भी दिये हैं और उन्हें वे पसंद आये हैं। कई लोगों ने तो बड़े-बड़े ब्राण्ड्स से खरीदारी बंद कर दी है और वे पर्यावरण के अनुकूल यह विकल्प अपना रहे हैं।

# वर्ल्ड म्यूजिक डे पर कलाकारों ने बताया कि वे संगीत में कितने बड़े उस्ताद हैं!

संगीत में भावनाओं को जगाने, उत्साह बढ़ाने और मुश्किल वक्त में राहत देने की ताकत होती है। किसी वाद्ययंत्र को बजाने या संगीत सुनने से थेरैपी जैसा अनुभव भी मिलता है। वर्ल्ड म्यूजिक डे पर एण्डटीवी के कलाकार संगीत और वाद्ययंत्रों के लिये अपने प्यार के बारे में बता रहे हैं। यह कलाकार हैं राहुल जेठवा (अवध बिहारी वाजपेयी, ‘अटल’), गीतांजलि मिश्रा (राजेश, ‘हप्पू की उलटन पलटन’) और शुभांगी अत्रे (अंगूरी भाबी, ‘भाबीजी घर पर हैं’)। अटल में अवध बिहारी वाजपेयी की भूमिका निभा रहे राहुल जेठवा ने बताया, ‘‘संगीत मेरे लिये शांति पाने का जरिया है। मेरा भाई और मैं एक्टर होने के अलावा संगीतकार भी हैं। बचपन में युगल गीतों पर परफॉर्म करने और साथ मिलकर वाद्ययंत्र बजाने की प्यारी यादें हमारे साथ हैं। हमने अपने खाली वक्त में कुछ गाने बनाये और कम्पोज किये हैं। हम और भी गाने रिकॉर्ड करना चाहते हैं। गाने के अलावा, मैं गिटार और हारमोनियम बजा सकता हूँ। मैं जब भी शूटिंग नहीं कर रहा होता हूँ, तब घर पर संगीत की रचना करना मुझे पसंद है। हारमोनियम बजाने की मेरे दिल में एक खास जगह है। उसकी गहरी और गूंजने वाली आवाज में कुछ तो ऐसा होता है, जो बड़ी राहत देता है। मैं अक्सर मेलोडीज में खो जाता हूँ, मेरा तनाव दूर हो जाता है और हर नोट मेरी चिंताओं को खत्म करता जाता है। हारमोनियम में मुझे अपनी उंगली की गति से अपनी सांस का समन्वय रखना पड़ता है। और रिदम का यह तरीका लगभग ध्यान करने जैसा हो जाता है। इससे मुझे एकाग्र रहने में मदद मिलती है और मेरे दिमाग को शांति तथा संतुलन का अनुभव होता है। संगीत के बिना तो दुनिया भी बेरंग होती। ’’‘हप्पू की उलटन पलटन‘ में अपने किरदार राजेश के लिये मशहूर गीतांजलि मिश्रा ने बताया, ‘‘संगीत के लिये मेरा सफर घर से शुरू हुआ था। मैं पारिवारिक आयोजनों में दादी माँ को पारंपरिक लोकगीत गाते सुनती थी।



# सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए जिले की टीम बस्तर रवाना



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उत्तर बस्तर कांकेर, 30 जून।** संभाग स्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल चयन प्रतियोगिता जगदलपुर में आयोजित की जा रही है, जिसके लिए जिला स्तरीय चयन प्रतियोगिता का आयोजन जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार पटेल के निर्देशन में किया गया। क्रीड़ा अधिकारी आबिद खान ने बताया की 15 वर्ष आयु वर्ग के बालक एवं 17 वर्ष आयु वर्ग के बालक-बालिका के मध्य मैच आयोजित किया गया था, जिसमें विजेता टीम 15 वर्ष बालक सेजेस नरहरपुर, 17 वर्ष बालक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरोना, विकासखंड नरहरपुर, 17 वर्ष बालिका में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जेपरा विकासखंड चारामा की टीम विजेता रही। उक्त तीनो टीमों को संभागीय चयन हेतु जगदलपुर के लिए रवाना किया गया।

## समाचार संक्षेप

### मुख्य सचिव ने वीसी लेकर की राष्ट्रीय राजमार्ग के प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा



**उत्तर बस्तर कांकेर, 30 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रदेश के मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक लेकर प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्ग के कार्यों की समीक्षा करते हुए भूमि अधिग्रहण, मुआवजा एवं वन विभाग से क्लियरेंस के प्रकरणों के निराकरण के निर्देश दिए। साथ ही मुख्य सचिव ने प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों में मोबाइल टॉवर स्थापना से संबंधित कार्यों की प्रगति की भी जानकारी ली। जिला कार्यालय के सभाकक्ष से कलेक्टर नीलेश कुमार क्षीरसागर भी बैठक में वर्चुअल रूप से शामिल हुए। मुख्य सचिव ने बैठक में जिलेवार लंबित प्रकरणों की जानकारी ली और कहा कि राज्य में एनएच एवं एनएचएआई के कई महत्वपूर्ण परियोजना निर्माणाधीन हैं। इन परियोजनाओं के पूरा होने से निश्चित ही राज्य में औद्योगिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। साथ ही राज्य की अर्थव्यवस्था में भी बढ़ोत्तरी होगी। उन्होंने कहा कि राज्य की प्रक्रियाधीन परियोजनाओं के अंतर्गत आने वाले जिले के संबंधित कलेक्टर राष्ट्रीय राजमार्गों के लिए भूमि अधिग्रहण से संबंधित जिला स्तर पर लंबित विभिन्न कार्यों और नामांतरण के प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाएं। कलेक्टर क्षीरसागर ने बैठक में जिले में मोबाइल टावर स्थापना के लिए लंबित प्रकरणों पर कहा कि जिले के संवेदनशील क्षेत्रों के कुछ गांवों में कार्य लंबित है। उक्त लंबित कार्यों को जल्द शुरू करने के लिए आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। बैठक में जिला कार्यालय से एडीएम जितेन्द्र कुमार कुर्रे सहित संबंधित विभागों के अधिकारी भी उपस्थित थे।

■ **कलेक्टर ने वर्चुअल बैठक में दी निराकृत और लंबित कार्यों की जानकारी**

### विधायक ने किया पीडीएस गोदाम का लोकार्पण



**उत्तर बस्तर कांकेर, 30 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कांकेर विधानसभा क्षेत्र के क्षेत्रीय विधायक आशाराम नेताम ने शुक्रवार को नरहरपुर ब्लाक के ग्राम पंचायत देवगांव में ग्रामवासियों की मौजदूगी में रीति रिवाज से पुजा अर्चना कर नवनिर्मित पीडीएस गोदाम का लोकार्पण किया। लोकार्पण करते हुए मुख्य अतिथि विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि पिछडे क्षेत्रों का समुचित विकास करना ही मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उनकी सरकार की मंशा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में पूरे प्रदेश भर में समुचित विकास के लिए हर सम्भव समर्पित है। पूरे प्रदेश का समुचित विकास के लिए समर्पित रहने की बात कही गयी है। ग्रामीणों ने जताया विधायक आसाराम नेताम का आभार, ग्रामवासियों ने कहा कि जब से प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश और केंद्र में सरकार बनी है। तब से प्रदेश सहित जिले में भी जमकर विकास हो रहा है। ग्रामीणों की मांगे धरातल पर पूर्ण होने के बाद देवगांव पंचायत के समस्त ग्रामवासियों ने विधायक नेताम को धन्यवाद और प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त किया है। इस दौरान ग्राम के सरपंच अखिलेन्द्र नेताम, भरत मटियारा, नंदू ओझा, रामचरण कोर्राम, मनेसिंह कावड़े व भाजपा कार्यकता उपस्थित रहे।

### जावंगा के आस्था गुरुकुल परिसर में लगाये गये 6 हजार पौधे



**दंतेवाड़ा, 30 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आज जिले में चलाये वृहद वृक्षारोपण अभियान की कड़ी में जावंगा के आस्था गुरुकुल परिसर में जिले के विधायक चैतराम अटामी उपपुलिस महानिरीक्षक कमलोचन कश्यप, कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, एसपी गौरव राय, वनमण्डलाधिकारी सागर जाधव, जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्व रंजन, सहित स्कूल के छात्र छात्राओं और शिक्षकों द्वारा 6 हजार पौधे रोपित किये गये। इसके साथ ही वृक्षारोपण कार्यक्रम में ''बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ'' अभियान को बढ़ावा देने के लिए बालिकाओं के नाम से भी पौधरोपण किया गया। इस मौके पर विधायक ने कहा कि हम अक्सर अपने जन्म दिवस पर मनोरंजन प्रतिष्ठानों में जाकर अपने जन्म दिवस का जश्न मनाते है हमें प्रण लेना चाहिए कि न केवल अपने जन्म दिवस पर बल्कि अपने परिजनों के जन्म दिवसों पर भी कम से कम एक पौधा अवश्य लगायें और उसकी देखरेख करें। यही हमारे वृक्षारोपण अभियान की सच्ची सार्थकता होगी। पेड़ पौधे एवं पर्यावरण हमारी सांस्कृतिक धरोहर है पर्यावरण स्वच्छ रहेगा तो हमारा समुदाय भी स्वस्थ रहेगा। इसके साथ ही अन्य आगन्तुकों ने भी पर्यावरण को सुरक्षित रखने में पेड़ पौधों की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि धरती को मानव के रहने योग्य बनाने के लिए प्रकृति और पर्यावरण को सुरक्षित रखना चाहिए। पर्यावरण और धरती जीवन जीने के लिए सबसे आवश्यक चीजें मुहैया कराती हैं जैसे सांस लेने के लिए हवा और पेट भरने के लिए भोजन पानी। अंधाधुंध पेड़ की कटाई के कारण ऑक्सीजन की कमी हो रही है और मौसम चक्र भी बिगड़ रहा है। इसकी भरपाई केवल अधिक से अधिक पौधा लगा कर ही किया जा सकता है। इस मौके पर विधायक अटामी ने लाल चंदन, उपपुलिस महानिरीक्षक कमलोचन कश्यप, कलेक्टर ने नारियल, के पौधे लगाये। ज्ञात हो कि आज वृहद वृक्षारोपण अभियान के तहत पूरे जिले में 100000 वृक्षारोपण किए जाने का लक्ष्य रखा गया है इसके अंतर्गत जिले के समस्त शासकीय भवन स्कूल, आश्रम, छात्रावास, पोटाकेबिन, आंगनबाड़ी केंद्र, देवगुड़ी, सीआरपीएफ कैंप, स्वास्थ्य केन्द्रों में पौधे रोपित किये गये हैं।

कलेक्टर चतुर्वेदी इस मौके पर जानकारी दी है कि न केवल आज बल्कि पूरे मानसून सीजन में स्कूल परिसर, आश्रमों, शासकीय भवनों वाटिकाओं में पौधरोपण का लक्ष्य रखा गया है। पौधा रोपण हमारे सुरक्षित भविष्य का एक निवेश है न केवल पौधे लगाये जायेंगे इसके साथ ही इसके संरक्षण के लिए भी लोगों को जागरूक किया जायेगा। साथ ही जिले के ऐसे हितग्राही कृषक जो अपनी कृषि भूमि में भी व्यावसायिक पौधे लगाना चाहते है उन्हें भी इस प्रकार के पौधे दिये जायेंगे जो भविष्य में उनके लिए आय का साधन बन सके। इस वृहद वृक्षारोपण अभियान के अन्तर्गत सक्षम-1 एवं सक्षम-2 के दिव्यांग छात्र-छात्राओं ने भी पौधरोपण करके सराहनीय योगदान दिया।

## एक नजर

### जिला आबकारी विभाग से खाली कार्टून विक्रय के लिए 11 तक निविदा आमंत्रित

**दंतेवाड़ा, 30 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कार्यालय जिला आबकारी विभाग द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार जिले में स्थित 01 देशी, 04 विदेशी कुल 05 मदिरा दुकानों में वित्तीय वर्ष 2024-25 में संग्रहित खाली कार्टून (पुट्ठा) का विक्रय किया जाना है। खाली कार्टून का प्रति किलोग्राम की दर से इच्छुक निविदाकारों से सीलबंद निविदाएं (तकनीकी बिड, प्राइज बिड पृथक-पृथक) दिनांक 11 जुलाई 2024 अपरान्ह 2 बजे तक कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी सह जिला प्रबंधक छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड, जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा में आमंत्रित की गई है। सीलबंद प्राप्त निविदाएं उपस्थित निविदाकारों के समक्ष 11 जुलाई 2024 को अपरान्ह 4 बजे निविदा समिति द्वारा खोली जावेगी। निविदा की शर्तें, नियम, निविदा प्रपत्र तथा मदिरा दुकानों की अवस्थिति आदि की विस्तृत जानकारी अवकाश के दिवसों को छोड़कर निविदा प्रस्तुत करने के निर्धारित अंतिम तिथि के एक दिवस पूर्व तक कार्यालयीन समय पर खाली कार्टून निविदा फार्म 1000 की दर से कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी सह जिला प्रबंधक, छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड, संयुक्त जिला कार्यालय भवन कलेक्टोरेट परिसर (जिला आबकारी अधिकारी जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा के भू-तल कक्ष क्रमांक- 23) से प्राप्त की जा सकती है।

### प्रवेशोत्सव में गणवेश और पुस्तक पाकर नवप्रवेशी बच्चे हुए प्रफुल्लित

**दंतेवाड़ा, 30 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ''शिक्षा हर बच्चे का अधिकार है और नवप्रवेशी बच्चे के हाथों भविष्य की बागडोर भी है अतः उन्हें बेहतर शैक्षणिक वातावरण देने का सतत प्रयास होने चाहिए। शालाएं ही बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए उपयुक्त परिसर है। शिक्षा के द्वारा ही घर परिवार और समाज विकास की दिशा में अग्रसर होता है। अतः शिक्षा सुविधाओं की उपलब्धता हर शाला में होनी चाहिए। बच्चों के एक नई पीढ़ी को हमें इस उद्देश्य से सौंपा जा रहा है अतः इस दायित्व को निभाना हम सभी का कर्तव्य है''। जिला मुख्यालय के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय में जिला स्तरीय शाला प्रवेशत्सव (नवीन शैक्षणिक सत्र 2024) के अवसर पर मुख्य अतिथि के आसंदी से क्षेत्र के विधायक श्री चैतराम अटामी के द्वारा उक्त आशय के उदगार व्यक्त किया गया। उन्होंने आगे कहा कि देश के हर उत्सव के समान आज शाला प्रवेशत्सव मनाया जा रहा है और उन्हें तिलक रोली लगाकर सम्मान किया जा रहा है ताकि बच्चे मन लगाकर पढ़ाई कर सकें।

### भूसारास में हुआ जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर

**दंतेवाड़ा, 30 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के कटेकल्याण ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत भूसारास में आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों पंचायत पदाधिकारियों सहित अधिकारियों ने ग्रामीणों से रूबरू होकर उनकी समस्या, शिकायतें सुनी और निराकरण हेतु आवश्यक पहल किया। इसके साथ ही जनप्रतिनिधियों सहित अधिकारियों ने भी वृक्षारोपण किये। इस दौरान जिले के स्थानीय विधायक श्री चैतराम अटामी ने ग्रामीणों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए इन योजनाओं से लाभान्वित होकर विकास की ओर अग्रसर होने का आग्रह भी किया। उन्होंने ग्रामीणों को अपनी समस्या शिकायतों से अवगत कराने का आग्रह करते कहा कि यहां विभिन्न विभागों के अधिकारी शिविर में मौजूद हैं, उन्हें समस्या शिकायतों से संबंधित आवेदन देवें और निराकरण कराएं। इसके साथ ही उन्होंने अपनी उद्बोधन गोंडी में संबोधित करते हुए राज्य शासन एवं केंद्र शासन की योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को विस्तारपूर्वक जानकारी दिया। इसके अलावा शिविर स्थल पर अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी अपने-अपने उद्बोधन गोंडी भाषा में दिए।

### कलेक्टर क्षीरसागर ने छात्रावास अधीक्षकों की बैठक लेकर दिए निर्देश

# 'आश्रम-छात्रावास कैम्पस में बच्चों को बेहतर वातावरण सुविधा और सुरक्षा देने हरसंभव प्रयास करें'

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कांकेर, 30 जून।** कलेक्टर नीलेश महादेव क्षीरसागर ने आज आदिवासी विकास विभाग के तहत जिले में संचालित आश्रमों एवं छात्रावासों के अधीक्षकों की बैठक लेकर उपलब्ध सुविधाओं तथा आधारभूत संसाधनों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि आश्रम एवं छात्रावासों में निवासरत बच्चों को बेहतर वातावरण देने तथा परिसरों में आवश्यक सुविधाओं व सुरक्षात्मक उपाय सुनिश्चित करने हेतु हरसंभव प्रयास करने के निर्देश दिए। साथ ही यह भी कहा कि इसमें किसी प्रकार की कोताही अथवा लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जिला कार्यालय परिसर में स्थित संयुक्त भवन के सभाकक्ष में आज सुबह 11.30 बजे आयोजित बैठक में कलेक्टर ने अलग-अलग बिंदुओं पर चर्चा कर जिले के आश्रम व छात्रावासों की स्थिति की समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने निर्देशित किया कि सभी छात्रावासों में रिक्त शत-प्रतिशत सीटों पर विद्यार्थियों को प्रवेश दें। इसके लिए छात्रावास अधीक्षकों को व्यक्तिगत रुचि लेते हुए पालकों से सतत् संपर्क कर उन्हें प्रोत्साहित करने तथा छात्रावासों में अनुकूल वातावरण निर्मित करने के लिए सार्थक प्रयास एवं पहल करने की बात कलेक्टर ने कही। इसके अलावा कलेक्टर ने छात्रावास परिसर में अतिजर्जर हो चुके भवनों का डिस्मेंटल करने हेतु प्रस्ताव तैयार कर सहायक आयुक्त आदिवासी विकास को प्रेषित करने के निर्देश दिए। इसी तरह जिन छात्रावास कैम्पस में हाईटेंशन विद्युत तार एवं ट्रांसफार्मर जैसे जोखिम भरे उपकरणों को परिसर से हटाने के लिए भी प्रस्ताव तैयार कर उच्च कार्यालय को सूचित करने के निर्देश छात्रावास अधीक्षकों को दिए। जहां नवीन भवन बन चुके हैं उन्हें तत्काल आधिपत्य में लेकर कक्षाएं संचालित करने के लिए भी उन्होंने निर्देशित किया। कलेक्टर ने जिले के आश्रमों एवं छात्रावासों को और अधिक अनुकूल और बेहतर बनाने के लिए नवाचार करने हेतु अधीक्षकों को प्रोत्साहित किया। साथ ही आदर्श छात्रावास के तौर पर उन्हें विकसित करने अतिरिक्त संसाधन की मांग उच्च कार्यालय से करने की बात भी कहीं। उन्होंने सभी अधीक्षकों को बिना अनुमति के छात्रावास नहीं छोड़ने, प्रतिदिन भोजन की गुणवत्ता परखने, बच्चों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराने व सुरक्षा व्यवस्था की मॉनिटरिंग करने के भी सख्त निर्देश दिए। इसके अलावा बंद पड़े सीसीटीवी कैमरों को तत्काल दुरुस्त कराने, स्नानगृह, शौचालय, बोरवेल्स, स्वच्छ पेयजल की समुचित व्यवस्था करने और आश्रम-छात्रावास परिसर में किचन गार्डन व वृक्षारोपण करने के लिए भी सभी अधीक्षकों को कलेक्टर ने निर्देशित किया। इसके अतिरिक्त विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर कलेक्टर ने चर्चा की तथा आश्रम-छात्रावासों को और अधिक बेहतर बनाने अधीक्षकों से फीडबैक लिया।

इसके पहले, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास एल.आर. कुर्रे ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में कुल 198 आश्रम-छात्रावास संचालित हैं, जिनमें 121 छात्रावास, 76 आश्रम शाला सम्मिलित हैं। इनमें 20 पोस्ट मैट्रिक छात्रावास हैं, जहां 10 बालक और 10 कन्या छात्रावास हैं। इसी तरह 101 प्री-मैट्रिक छात्रावास संचालित हैं, जिनमें 71 बालक और 30 कन्या छात्रावास शामिल हैं। इसी तरह 76 आश्रमों में से 43 बालक और 34 कन्या आश्रम तथा 01 अशासकीय संस्था भी संचालित हैं। कलेक्टर ने जिले में अधीक्षक के रिक्त पदों की पूर्ति के लिए शासन स्तर पर पत्राचार करने के लिए सहायक आयुक्त को निर्देशित किया। बैठक में सभी ब्लॉक के मण्डल संयोजक तथा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### संकुल केंद्र एजूकेशन सिटी सुकमा के प्राथमिक/माध्यमिक शाला में प्रवेशोत्सव आयोजित

# नव प्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर, माला पहनाकर गणवेश और पुस्तक वितरण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा, 30 जून।** 26 जून को शासकीय प्राथमिक/माध्यमिक शाला कुम्हाररास सुकमा, संकुल केंद्र एजूकेशन सिटी सुकमा, विकासखंड सुकमा, जिला सुकमा में शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा नेता दिलीप पेद्दी रहे द्य कार्यक्रम की अध्यक्षता कुसुम शर्मा प्रधान अध्यापक, शीला सिंह प्रधान पाठक द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ मुख्य अतिथि दिलीप पेद्दी जी के माध्यम से किया गया तथ पश्चात नव प्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर, माला पहनाकर निः शुल्क गणवेश व पुस्तक वितरण मुख्य अतिथि व एस. एम.सी. सदस्यों के हाथों से करवाया गया द्य कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए भाजपा नेता दिलीप पेद्दी ने कार्यक्रम में उपस्थित समस्त बच्चों को अच्छे से पढ़ने, अपना व अपने माता पिता के साथ पूरे जिले व राज्य का नाम रौशन करने के लिए अनुशासन व लगन के साथ शिक्षा ग्रहण करने की बात कही एवं साथ ही प्रेरणास्त्रोत शब्दो से बच्चों को स्कूल प्रतिदिन आने की समझाईश दिया व पालको को भी शिक्षा के महत्व को समझाते हुए अपने बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजने के लिए समझाईश दिया। साथ ही राज्य व केंद्र सरकार शिक्षा को बढ़ावा देने जिस नीति से कार्य कर रही है उसकी प्रशंसा करते हुए उपस्थित बच्चों व पालको को अधिक से अधिक लाभ लेते हुए बच्चों को शिक्षा का लाभ लेने प्रेरित करने की अपील किए द्य साथ ही विद्यालय मे कुछ कमी होने पर जिला कलेक्टर व जिला शिक्षा अधिकारी के आलावा राज्य सरकार को अवगत करा कर समस्या का समाधान करवाने की बात कही। शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम मे मनोज मण्डल, समर पाइक, अंजना पोया संकुल प्रभारी, लोकेन्द्र नायक संकुल शैक्षणिक समन्वयक, एस. एम. सी. सदस्य गण, पालकगण शिक्षक, शिक्षिकाएं, व स्कूल बच्चे उपस्थित रहे।

### प्रवेशोत्सव में कराया न्यौता भोज

**सुकमा, 30 जून।** प्रदेश सरकार एवं शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शाला प्रवेश उत्सव एवं भोज न्योता उत्सव प्राथमिक, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झापरा में रखा गया था जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए भाजपा जिला अध्यक्ष धनीराम बारसे जी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य माड़े बारसे, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष डमरू नाग, सरपंच झापरा जोगा बारसे, जिला शिक्षा अधिकारी, गिरीश मांडवी, क्क्षह्र श्रीसुखराम देवगन, क्क्रष्ट दीपक बारसे, प्रिंसिपल बी.एल खुदराम, दिर्धा दुला, बारसे राजू, देवा बारसे, सुकड़ा दिर्धी, महेश ताती, एवं समस्त शिक्षक पालकगण और शाला विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### दक्षिण डिविजन कमेटी ने नकली नोट छापने की निंदा की

**सुकमा, 30 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सुकमा एसपी द्वारा विगत हफ्ताहभर से हमारी पार्टी की दक्षिण बस्तर डिजिवन इलाके में नकली नोट छापने व स्थानीय हाट-बाजारों में खपा ने की झूठे प्रचार की हमारी पार्टी की दक्षिण बस्तर डिविजन कमेटी घोर निंदा करती है. आपको यहां बता दें कि दक्षिण बस्तर डिविजन कमेटी इकाई की कोन्टा एरिया कमेटी के सदस्य भगोड़े गजेन द्वारा डम्प करके रखा हुआ सामान जो कि गजेन 19 जून को भागकर पुलिस के सामने घुटने टेकने के बाद दिखा दिया था. उसमें पार्टी साहित्य पर्चा, पोस्टर, पुस्तिका छापने का केवल एक ब्लॉक लेजरजेट, और एक इंकजेट प्रिंटर इसके अलावा वॉकी-टॉकी, मेग्जीन पोच आदि सामान था. बल्कि नकली नोट छापने का वहां कोई उपकरण है ही नहीं. और न ही ऐसा कोई फेक करेंसी छापी गई. आत्मसमर्पित गद्दारों की झूठें बयानों के आधार पर पुलिस की मनगढ़ंत कहानी मात्र है. केंद्र एवं छत्तीसगढ़ की जनविरोधी राज्य सरकारों द्वारा क्रांतिकारी आंदोलन के खिलाफ जारी प्रतिक्रांतिकारी सूरजकुंड रणनीतिक दमन योजना 'कगार के तहत एक ओर कत्लेआम हमलों को तेज करते हुए दूसरी ओर मनोवैज्ञानिक युद्ध के तहत असत्यों, अर्धसत्यों, सफेद झूठों के साथ एवं वास्तविकताओं को तोड़ मारोड़कर पार्टी के खिलाफझूठा व विषैला प्रचार बढ़ा-चढ़ाकर किया जा रहा है. हमारे कैडर व क्रांतिकारी जनता ऐसे झूठे प्रचार की जद में नहीं आते हैं, लेकिन संघर्षरत इलाकों से दूर रहने वाली उत्पीड़ित जनता और जनपक्षधर बुद्धिजीवियों, पार्टी समर्थकों व हमदर्दी को भटकाने व भ्रम में डालने की कुचेष्टा के तहत ऐसा झूठा प्रचार किया जा रहा है. परंतु झूठे प्रचार के सहारे सच्चाई पर हमेशा के लिए परदा नहीं डाला जा सकता है. हमारी पार्टी न ही कभी ऐसी घृणित कार्य करेगी. जनयुद्ध जनता पर निर्भर होकर आगे बढ़ेगी. सरकारों के इस झूठे प्रचार व मनोवैज्ञानिक हमले की कड़ी निंदा करने, जोरदार विरोध करने, वर्ग संघर्ष और छापामार युद्ध/जनयुद्ध में और सक्रियता के साथ शामिल होने दक्षिण बस्तर डिविजन कमेटी तमाम उत्पीड़ित वर्गों व सामाजिक तबकों की जनता, जनवादियों, देशभक्त ताकतों का आहवान करती है।

### सालेपाल में आयोजित ब्लॉक स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव में नवप्रवेशी स्कूली बच्चों का रोली-टीका लगाकर किया गया स्वागत

# विधायक चित्रकोट गोयल ने कहा- विकास के लिए शिक्षा जरूरी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**जगदलपुर, 30 जून।** जिले के विकासखण्ड तोकापाल के अंतर्गत सालेपाल में गुरुवार को आयोजित ब्लॉक स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव में नवप्रवेशी स्कूली बच्चों को रोली-टीका लगाकर एवं मिष्ठान खिलाकर स्वागत किया गया। उक्त ब्लॉक स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव के मुख्य अतिथि विधायक चित्रकोट विनायक गोयल ने चहुंओर शिक्षा का उजियारा फैलाने का आग्रह करते हुए कहा कि विकास के लिए शिक्षा जरूरी है। शिक्षा के द्वारा ही स्वयं के साथ घर-परिवार और समाज को विकास की दिशा में अग्रसर कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा प्रदान करने के लिए सरकार हरसंभव प्रयास कर शिक्षा सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कर रही है। निःशुल्क गणवेश, पाठ्य पुस्तक सहित मध्यान्ह भोजन इत्यादि के माध्यम से बच्चों को स्कूल से जोड़ने प्रोत्साहित किया जा रहा है। वहीं बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सरस्वती सायकिल योजनान्तर्गत लक्षित वर्ग के निर्धन परिवारों के छात्राओं को निःशुल्क सायकल प्रदान करने सहित छात्रवृत्ति दी जा रही है। सरकार जरूरत के अनुरूप नये स्कूल खोलने के साथ ही शिक्षकों की व्यवस्था कर रही है। विधायक गोयल ने बच्चों के माता-पिता और अभिभावकों से प्रत्येक बच्चे को नियमित रूप से स्कूल भेजने का आग्रह किया। वहीं इस शिक्षा सत्र में बोर्ड परीक्षाओं का शत-प्रतिशत रिजल्ट लाने की दिशा में शिक्षक-शिक्षिकाओं को छात्र-छात्राओं की पढ़ाई पर फोकस कर सकारात्मक प्रयास किये जाने की आवश्यकता बताई।

सालेपाल में आयोजित ब्लॉक स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव के दौरान नवप्रवेशी स्कूली बच्चों को निःशुल्क बस्ता, पाठ्य पुस्तकें और गणवेश भेंटकर उन्हें नियमित तौर पर स्कूल आने प्रेरित किया गया। इस मौके पर स्कूली छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों सहित जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल और विभिन्न विभागों के खंड स्तरीय अधिकारी, शिक्षक-शिक्षिकाएं, बड़ी संख्या में स्कूली बच्चें एवं उनके माता-पिता तथा अभिभावक मौजूद रहे।

# राजस्व प्रकरणों का निराकरण जल्द एवं गंभीरतापूर्वक करें: अग्रवाल

## कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली, बंदोबस्त त्रुटि 1 वर्ष में भी पूर्ण न होने पर कलेक्टर ने जताई नाराजगी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**गरियाबंद 30 जून।** कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने आज राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर पिछली राजस्व बैठक के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा करते हुए सभी अविवादित नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, राजस्व वसूली, नक्शा बटांकन, अभिलेखों की शुद्धता, डायवर्सन की गहन समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने विभागीय प्रकरणों के निराकरण में लेटलतीफी करने वाले अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए लंबित प्रकरणों को त्वरित रूप से निराकृत कर दायित्वों का निर्वहन सर्वोच्च प्राथमिकता से करने को कहा। सामाजिक संस्थाओं से संबंधित जमीन के मामलों को भी शीघ्रता से समय सीमा के भीतर पूर्ण करने कहा।

कलेक्टर ने उपस्थित राजस्व अधिकारीयो से उनके न्यायालयों में लंबित राजस्व प्रकरणों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने भू-अर्जन के लंबित प्रकरणों एवं मुआवजा भुगतान, राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के प्रकरणों का भी त्वरित निराकरण करने निर्देश दिए, जिससे प्रभावित लोगों को मुआवजा प्रदान करने में किसी भी प्रकार का विलंब न हो। कलेक्टर ने बंदोबस्त त्रुटि सुधार के एक वर्ष से अधिक लंबित प्रकरणों पर नाराजगी जाहिर करते हुए सभी लंबित प्रकरणों को समय-सीमा में निराकृत करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। उन्होंने सभी सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख को आबंटित तहसीलों की शाखाओं का निरीक्षण कर उचित कार्यवाही करते हुए एसडीएम को सूचित करने के निर्देश दिए। पटवारियों को रिकॉर्ड दुरुस्त करने में लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश दिये। उन्होंने राजस्व ग्रामों में पटेल एवं कोटवारों की लंबित भर्ती को शीघ्र पूरा करने के भी निर्देश दिये। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जिले में सभी ग्रामों के नक्शों के जियो रेफ्रेन्सिंग के संबंध में तहसीलवार समीक्षा की। कलेक्टर ने सीपीग्राम्स, जनशिकायत, जनचौपाल इत्यादि प्रकरणों को अभियान चलाकर जल्द ही निराकृत करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। उन्होंने बैठक में अविवादित नामांतरण, अविवादित बटवारा, विवादित नामांतरण, विवादित बटवारा, सीमांकन, व्यपवर्तन, नगरीय क्षेत्रों में शासकीय व नजूल भूमि का आबंटन, वृक्ष कटाई की अनुमति, ई-कोर्ट पोर्टल में दर्ज प्रकरणों की स्थिति संबंधी न्यायालयीन प्रकरणों के साथ-साथ ऑनलाईन नामांतरण पंजी, डिजिटल हस्ताक्षर, आधार प्रविष्टि, अभिलेख शुद्धता, नक्शा बटांकन, आर.बी.सी.-6-4, जाति-आय-निवास प्रमाण-पत्र, पटवारी की उसके मुख्यालय ग्राम में उपस्थिति, भू-बंटन, भू-अर्जन, वसूली, अवैध उत्खनन, अतिक्रमण, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, भूमि आबंटन-व्यवस्थापन, लोकसेवा गारंटी एवं वन अधिकार पत्रों का दावा निपटान जैसे महत्वपूर्ण कार्यों की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने अविवादित नामांतरण, बटवारा एवं विवादित नामांतरण बटवारा के समय सीमा के बाहर लंबित प्रकरणों पर अप्रसन्नता व्यक्त की तथा उक्त मामलों के समय-सीमा के बाहर एवं समय-सीमा के भीतर लंबित सभी प्रकरणों का शत-प्रतिशत निराकरण अगले बैठक के पूर्व करने के निर्देश दिए। साथ ही उक्त मामलों के निराकरण हेतु राजस्व निरीक्षक एवं पटवारियों के साथ विशेष अभियान चलाकर अगले बैठक के पूर्व शत-प्रतिशत निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में वन अधिकार पट्टा, लोक सेवा के आवेदनों की स्थिति, स्लम पट्टा, नजूल पट्टा, आबादी पट्टों की संख्या के प्रगति की समीक्षा की।

## एक नजर

### राजस्व प्रकरणों का निराकरण समय-सीमा में करें सुनिश्चित: कलेक्टर



**बीजापुर 30 जून।** कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय की अध्यक्षता में राजस्व अधिकारियों की बैठक सम्पन्न हुई जिसमें कलेक्टर ने कहा कि राजस्व विभाग छ.ग. शासन की महत्वपूर्ण अंग है। वहीं सरकार बनने के बाद नए प्रकरणों, किसानों की ऋण पुस्तिका सहित अन्य दस्तावेजों को दूरुस्त करने के निर्देश दिए।उन्होने कहा कि समय-सीमा से बाहर वाले सभी अविवादित नामांतरण और सीमांकन के प्रकरणों को राजस्व अधिकारी तत्काल निराकरण करना सुनिश्चित करें। सभी अनुविभागीय दंडाधिकारी व्यक्तिगत रूप से सीमांकन नामांतरण बंटवारा सहित सभी प्रकार के राजस्व प्रकरणों का निराकरण में तेजी लाने के निर्देश दिए।

### ओवैसी पर राष्ट्रद्रोह का मामला दर्ज करने की मांग

**जगदलपुर 30 जून।** बीते दिनों सांसद भवन में शपथ के दौरान ओवैसी ने फिलिस्तीन जिन्दाबाद के नारे लगाकर पूरे भारत की एकता व अखण्डता को ठेस पहुंचाने जैसा कार्य किया है। ओवैसी के खिलाफ राष्ट्रद्रोह का मामला दर्ज होना चाहिए जिससे कि फिर कोई राष्ट्र विरोधी बात कहने की हिम्मत न कर सके। ओवैसी जैसे लोग इस प्रकार की सोच रखते हैं।भारत में ऐसे राष्ट्र विरोधियों द्वारा धर्म के नाम पर आपस में लड़वाने का प्रयास किया जाता है। इससे पूरे देश में भय का माहौल बनता है। शिव सेना ने राष्ट्रपति से निवेदन किया है कि ओवैसी को सांसद पद से बर्खास्त करते हुए राष्ट द्रोह का मामला दर्ज किया जावे।

### पीएम के मन की बात की शुरुआत आज से

**राजनांदगांव30 जून ।** राष्ट के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का देशभर में लोकप्रिय तथा जन-जन के लिये उपयोगी मन की बात कार्यक्रम का पुनः प्रसारण कल 30 जून से प्रारंभ हो रहा है। मन की बात का यह प्रसारण 111 वीं कड़ी होगी, इस कार्यक्रम के व्यापक प्रसारण के के लिये जिला भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष रमेश पटेल ने वृहद योजना तैयार की है, जिसके तहत जिलेभर के सभी 835 बूथों में मन की बात का यह कार्यक्रम सुना जा सके, इसकी व्यवस्था की गई है। भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार कल रविवार को सुबह 11 बजे प्रसारित होने वाले इस कार्यक्रम के लिये जिला भाजपा के दोनों उपाध्यक्षों लीलाधर साहू व आभा तिवारी को क्रमशः संयोजक व सह संयोजक बनाया गया है।

# सामाजिक एवं भावनात्मक शिक्षा पर प्रशिक्षित हुए शिक्षक

■ सामाजिक एवं भावनात्मक शिक्षा पर शिक्षकों की कार्यशाला हुआ संपन्न

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर 30 जून।** कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय के निर्देशानुसार एवं जिला शिक्षा अधिकारी श्री रमेश कुमार निषाद के सफल मार्गदर्शन मे जिला प्रशासन , यूनिसेफ एवं छत्तीसगढ़ एग्रीकॉन समिति के संयुक्त तत्वाधान में बीजादूतीर अंतर्गत आयोजित एस सी एल सामाजिक एवं भावनात्मक शिक्षा पंथक पर प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षकों का बीजापुर जिला पंचायत सभा कक्ष में एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया. इस प्रशिक्षण का उद्देश्य प्राथमिक और माध्यमिक स्कूल के बच्चों के सामाजिक एवम भावनात्मक समझ को शिक्षक अनुभव कर पाएं ताकि बच्चों के दिन चर्चा और पढाई के दौरान बच्चों को भावनात्मक रूप से समझने में आसानी हों. छत्तीसगढ एग्रीकान समिति के राज्य समन्वयक सह मास्टर ट्रेनर दानिश के हुसैन द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। चर्चा के दौरान शिक्षकों ने बताया की बीजापुर जिले मे वर्तमान स्थिति में काफी बच्चें शाला त्यागी है शाला त्यागी होने के कारण जानने पर चर्चा हुई। इसी कड़ी में शिक्षकों ने बताया की बच्चें आर्थिक स्थिति के कारण पढाई में मन ना लगना, पालक व शिक्षक भावनात्मक रूप से बच्चें को ना समझ पाना एवं पालक शिक्षा के महत्व को नही समझना अन्य कारणों पर सभी शिक्षकों ने पर अपनी प्रतिक्रिया दी।इन सभी कारणों को कैसे दूर करें कार्य करने की समझ विकसित की गयी।बच्चों में आत्म जागरूकता मे व्यक्तिगत विकास, भावनात्मक जागरूकता स्वयम को जानना,दूसरों की भावनाओं की पहचान,अनुभूति करना,भावनात्मक नियंत्रण, विकासशील मानसिकता, स्थिर मानसिकता , बच्चों के मन मे स्कूल आने व शिक्षकों आदि से डर एवं तनाव से बाहर निकालना , सामाजिक एवं भावनात्मक शिक्षा पर विस्तृत चर्चा की गयी. बच्चों की स्थिर मानसिकता को दूर करके बच्चें शाला त्यागी ना बने, पढाई में मन लगे इस विकासशील मानसिकता व सकारात्मकता को लाने पर लक्ष्य बनाया गया। इस प्रशिक्षण में राज्य समन्वयक सह प्रशिक्षक दानिश के हुसैन , बीजादूतीर जिला समन्वयक अशोक पांडेय, ब्लॉक समन्वयक हर्षिता पंडा, भारत कारम सहित 30 से अधिक शिक्षक एवं बीजादूतीर स्वयं सेवक उपस्थित थे।

## समाचार संक्षेप

### जागरूकता रथ को हरि झंडी दिखाकर पुलिस अधीक्षक ने किया रवाना



**बीजापुर 30 जून।** पूर्व में लागू भारतीय दंड सहिता का भारतीय न्याय संहिता-2023, दंड प्रक्रिया संहिता का भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता -2023 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम का स्थान भारतीय साक्ष्य संहिता 2023 में बदलाव के सबंध में जिले में किये जायेंगं व्यापक प्रचार प्रसार। नवीन कानून नागरिकों पर केंद्रित, न्याय की अवधारणा को लिए हुए, त्वरित रूप से न्याय सुलभ कराने हेतु नए भारत का नवीन कानून है। बीजापुर, भैरमगढ़, मद्देड, भोपालपतनाम एवं नैमेड़ में जागरूकता रथ के माध्यम से जन सामान्य के मध्य व्यापक प्रचार प्रसार किया गया। भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 एवं भारतीय साक्ष्य संहिता 2023 तीन नए कानूनों के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु दिनांक 28/06/2024 को पुलिस अधीक्षक बीजापुर डॉ0 जितेन्द्र कुमार यादव के द्वारा जागरूकता रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया । तीनों कानूनों में हुए बदलाव को पाम्पलेट एवं फ्लैक्स के माध्यम से जिले में व्यापक प्रचार प्रसार किया जायेगा ।बीजापुर, भैरमगढ़ भोपालपत्तनम,नैमेड़, मद्देड आदि स्थानों में जाकर सार्वजनिक स्थान पर जागरूकता रथ एवं पाम्पलेट के माध्यम से नये संशोधित कानून का प्रचार प्रसार किया जा रहा है ।

### युवती से छेड़छाड़ का आरोपी जेल दाखिल

**रायगढ़, 30 जून।** 26 जून को थाना सिटी कोतवाली में स्थानीय युवती द्वारा सावित्री नगर मोदी पारा में रहने वाले राजेश उर्फ राजू सिदार पर छेडख़ानी और धमकाने की रिपोर्ट आवेदन देकर दर्ज कराया गया। युवती बताई कि 25 जून के शाम काम कर घर लौटते समय अलंकर होटल के नजदीक गली में राजेश उसका हाथ बांह पडक़र छेडख़ानी किया। युवती बदनामी के डर से घटना किसी को नहीं बताई । दूसरे दिन युवती अपने काम पर गई थी जहां राजेश उसे काम नहीं करने की धमकी देकर गंदी नीयत से छेडख़ानी किया। युवती के लिखित आवेदन पर थाना कोतवाली में धारा 354, 506 आईपीसी के तहत अपराध पंजीबद्ध कर किया गया। अपराध कायम होने के बाद से आरोपी फरार था जिसे आज मुखबिर सूचना पर हिरासत में लिया गया। आरोपी राजेश सिदार उर्फ राजू सिदार पिता स्वर्गीय कालाचंद सिदार उम्र 27 वर्ष निवासी कोतरारोड़ सावित्री नगर मोदीपारा थाना कोतवाली रायगढ़ को आज कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार का न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।



### आरोपिया से कारतूस का खाली खोखा, जिंदा कारतूस बरामद

**भिलाई 30 जून।** गोलीकांड का फरार आरोपी अमित जोश के अवैध कब्जों को ढहाते समय आरोपी की मां बिज्जी मोरिस के घर का सामान हटाते समय 2 नग 8 एमएम का खाली कारतूस और 4 नग जिंदा कारतूस जब्त किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि बिज्जी मोरिस से पूछताछ करने पर बताई कि उसका बेटा अमित जोस जेल से छूटकर आने के बाद दोनों खाली कारतूस, 4 जिंदा कारतूस छिपाकर रखने के लिये देना स्वीकार किया। आरोपिया बिज्जी मोरिस के कब्जे से कारतूस को खाली खोखा, जिंदा कारतूस बरामद किया। महिला के खिलाफ पुलिस ने धारा 25-26 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई किया है। इसके अलावा बिज्जी मोरिस के कब्जे से अन्य आपत्तिजनक सामग्री भी पुलिस ने बरामद हुई है। आरोपी अमित जोस की बहन प्रियंका जार्ज और जीजा बी लक्की जार्ज के व्दारा सेक्टर-5 स्थित बीएसपी के शासकीय आवास को अवैध कब्जा कर अनाधिकृत रूप से रहते थे। जिसे बीएसपी ने अतिक्रमण मुक्त किया। इस दौरान बी. लक्की जार्ज के कब्जे से एक पिस्टल 2 मैगजीन, 5 जिंदा कारतूस बरामद किया है। आरोपी बी लक्की जार्ज से पूछताछ करने पर पुलिस को बताया कि उसका साला अमित जोस अपने दोस्त यशवंत नायडू, अंकुर शर्मा, सागर बाघ उर्फ डॉगी के साथ उसके घर में शराब पीकर रात 12.30 बजे बाइक में घूमने निकले थे। वापस आकर आरोपी अमित जोस ने प्रियंका जार्ज को ग्लोब चौक के आगे दो युवकों को गोली मारना स्वीकार किया। घटना में उपयोग किए गए पिस्टल 2, मैगजीन, 5 नग जिंदा कारतूस को छिपाने के लिए प्रियंका जार्ज को दिया था। इस दौरान भिलाई नगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी, भिलाई नगर टीआई राजकुमार लहरे शामिल थे जीजा-बहन के यहां मिला आलमारी में हथियार प्रियंका जार्ज ने उक्त पिस्टल, समेत अन्य हथियार को छिपाकर रखी हुई थी।





■ मानसून की पहली बारिश से क्षेत्र के कृषि कार्यों में आई तेजी।

# नियद नेल्लानार अंतर्गत आंगनबाड़ी के संचालन को लेकर महिला एवं बाल विकास विभाग की गई समीक्षा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर 30 जून।** कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग का समीक्षा मिंगाचल सभा कक्ष में किया गया इस दौरान जिले में जिले में कुपोषण की दर में व्यापक कमी हेतु प्रयास पर चर्चा किया गया एवं नियद नेल्लानार क्षेत्र अंतर्गत आंगनबाडी के संचालन एवं विभाग द्वारा प्रदाय दी जाने वाली सेवाओं के संबंध में विस्तृत निर्देश देते हुए कहा गया कि ऐसे सभी क्षेत्र जहॉ पर वर्तमान में आंगनबाडी केन्द्र संचालित नही है, उन सभी स्थानो पर बेस लाईन सर्वे कर बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को पोषण आहार से लाभांवित किया जाना है, इन क्षेत्रों में बच्चों एवं महिलाओं के पोषण पर विशेष ध्यान देते हुए इनके व्यवहार परिवर्तन की दिशा में कार्य करना है, शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ दिलाया जाना है, कुपोषित बच्चों का चिन्हांकन सही रूप से हो इसका सतत् निगरानी करे, आंगनबाडी केन्द्र पर दी जाने वाली पोषण आहार सही रूप से मिलना चाहिए साथ ही स्वच्छता का विशेष ध्यान कार्यकर्ता एवं सहायिका रखे। प्रत्येक 15 दिवस में आंगनबाडी केन्द्र के समस्त बच्चों का वजन, उचाई का माप हो और गंभीर कुपोषित बच्चे, को पोषण पुनर्वास भर्ती किया जाना है, एवं नियमित उन बच्चों के गृहभ्रमण कर परिवार के सदस्यों को परामर्श दिया जाना है ऐसे कार्यकर्ता जो कि आंगनबाडी केन्द्र समय पर नही जाते है, उन पर कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया है, सेक्टर पर्यवेक्षक को नियमित रूप से प्रत्येक केन्द्रो का निरीक्षण करने के लिए निर्देशित किया गया। स्वास्थ्य विभाग से समन्वय कर नियमित रूप से गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य परीक्षण एवं बच्चों का टीकाकरण, संस्थागत प्रसव के लिए निर्देशित किया गया है। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री हेमंत रमेश नंदनवार ने कुपोषण में कमी लाने और शासन की योजनाओं का समुचित लाभ दिलाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर श्री कैलाश वर्मा, एसडीएम बीजापुर श्री जागेश्वर कौशल, जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती प्रीति खोखर चखहियार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत व विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# नगर सेना के जवानों ने मोटर बोट टेस्ट ड्राईव कर किया अभ्यास

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 30 जून।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में मानसून-2024 में प्राकृतिक आपदा से बचाव एवं राहत व्यवस्था के संबंध में बाढ़ आपदा से निपटने हेतु आज प्रातः 7 बजे से केलो डेम लाखा, रायगढ़ में प्रारंभिक प्रशिक्षण किया गया। जिसमें नगर सेना रायगढ़ की टीम के लगभग 30 जवानों द्वारा उनके पास उपलब्ध 2 मोटर वोट टेस्ट ड्राईव कर बाढ़ आपदा से निपटने के लिए डेमो देकर उपस्थित अधिकारी-कर्मचारी एवं जनसामान्य को बताया गया। प्रारंभिक अभ्यास में बाढ़ की स्थिति निर्मित होने पर सबसे पहले क्या करना चाहिए के संबंध में डेमो देकर जानकारी दी गई।

आयोजित मॉक ड्रिल के दौरान बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदाओं के दौरान उनसे बचाव एवं बरती जाने वाली सावधानियों, सुरक्षा के नियमों और आपदा के समय दी जाने वाली फर्स्ट ऐड की विस्तार सहित जानकारी प्रदान की गई। माकड्रिल में बाढ़-आपदा एवं राहत व्यवस्था के जिला नोडल अधिकारी श्रीमती रेखा चन्द्रा, डिप्टी कलेक्टर रायगढ़, श्री ब्लासियुस कुजूर जिला सेनानी नगर सेना, श्री लोमस कुमार मिरी तहसीलदार रायगढ़, श्री सुरेश कुमार होता पीसीव्ही नगर सेना, राजस्व निरीक्षक एवं पटवारी तथा जेएसपीएल प्रबंधन के सुरक्षा अधिकारी श्री रमेश कुमार तथा नगर सेना बाढ़ बचाव दल के जवान उपस्थित रहे।



### हायर सेकेंडरी स्कूल पुसौर में मनाया गया विकास खंड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव



**रायगढ़, 30 जून।** विकास खंड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल, पुसौर में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्या देवी माँ सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्वलित कर वैदिक मंत्रोचारण के साथ किया गया। इस अवसर पर नवप्रवेशी बच्चों को अतिथियों द्वारा तिलक-वंदन कर पुष्प माला से स्वागत कर पाठ्य-पुस्तक एवं गणवेश प्रदान किया गया। कार्यक्रम में कन्या शाला पुसौर के स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग सास्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। स्वागत उद्बोधन श्री आर.के.पटेल व्याखाता हायर सेकेंडरी स्कूल पुसौर द्वारा किया गया। इस दौरान श्री रितेश थवाईत, श्री मोहित सतपथी, घनश्याम पटेल, श्री उमेश साव, श्री किशोर कसेर, श्रीमती नेहा उपाध्याय, श्री दिनेश पटेल विकास खंड शिक्षा अधिकारी पुसौर के द्वारा संबोधित करते हुये कहा कि बेहतर शिक्षा, अनुशासन एव विद्यार्थी अवस्था समग्र जीवन की नींव होती है इस विषय पर अपनी बात रखते हुये सभी बच्चों की अच्छे पढ़ने लिये के लिये प्रेरित किया गया। शाला प्रवेशोत्सव के दौरान शासन के निर्देशानुसार मध्यान्ह भोजन के साथ न्योता भोज का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में सेल्फी जोन बनाया गया था जिसमें बच्चे सेल्फी लेने के लिये उत्साहित रहे। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन शैलेन्द्र मिश्रा बी आर सी पुसौर द्वारा किया गया। कार्यक्रम संचालन रघुनाथ साव, नैमिष पाणिग्राही, मुरलीधर गुप्ता के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में लिटिल एंगल तडोला एवं हायर सेकेंडरी स्कूल पुसौर का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

# 5 लाख की पीपीसीएम एवं 1 लाख की ईनामी सीएनएम ने किया आत्मसमर्पण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर 30 जून।** पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज एवं उप पुलिस महानिरीक्षक दंतेवाड़ा रेंज दंतेवाड़ा के मार्ग दर्शन में जिले में चलाये जा रहे माओवादी उन्मूलन अभियान के दौरान डीआरजी, बस्तर फाईटर, कोबरा 202, केरिपु 222 एवं 85वी वाहिनी के द्वारा किये जा रहे संयुक्त प्रयासो से छ0ग0 शासन की पुनर्वास एवं आत्मसर्पण नीति से प्रभावित होकर भैरमगढ एरिया कमेटी, गंगालूर एरिया कमेटी एवं नेशनल पार्क एरिया कमेटी के निम्नलिखित माओवादियों ने आज दिनांक 29/06/2024 को उप महानिरीक्षक केरिपु श्री देवेंद्र सिंह नेगी, पुलिस अधीक्षक बीजापुर डॉ0जितेन्द्र कुमार यादव, कमांडेंट 222 केरिपु श्री विनोद मोहरिल, कमांडेंट 85वी वाहिनी श्री व्ही0 तुसिंग, कमांडेंट कोबरा 202, श्री अमित कुमार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, ऑप्स श्री वैभव बैंकर, उप पुलिस अधीक्षक ऑप्स श्री सुदीप सरकार, उप पुलिस अधीक्षक डीआरजी बीजापुर श्री विनित साहू के समक्ष माओवादियो की खोखली विचारधारा, भेदभाव पूर्ण व्यवहार, उपेक्षा व प्रताड़ना से तंग आकर एवं छत्तीसगढ़ शासन के पुनर्वास एवं आत्मसमर्पण नीति से प्रभावित होकर आत्मसमर्पण किया । मुन्ना मोड़ियाम पिता लखमू मोडियाम उम्र 23 वर्ष जाति मुरिया निवासी कोकरा गायतापारा थाना गंगालूर जिला बीजापुर, पदनाम - नेशनल पार्क एरिया कमेटी अन्तर्गत प्लाटून नम्बर 02 पीपीसीएम (प्लाटून पार्टी कमेटी मेम्बर) ईनाम 05.00 लाख, वर्ष 2007 से सक्रिय, जननी मोड़ियम पति मुन्ना मोड़ियम उम्र 23 वर्ष जाति मुरिया निवासी कोकरा गायतापारा थाना गंगालूर जिला बीजापुर, पदनाम नेशनल पार्क एरिया कमेटी सीएनएम अध्यक्ष, ईनाम- 01.00 लाख, वर्ष 2009 से सक्रिय, राजू पूनेम ऊर्फ अनिल पिता स्व0 आयतू पूनेम उम्र 29 वर्ष जाति मुरिया निवासी पुसनार बंडीपारा थाना गंगालूर जिला बीजापुर, पदनाम पुसनार डीएकेएमएस अध्यक्ष, ईनाम 01.00 लाख, 10.00 हजार ईनाम उद्घोषित, वर्ष 2005 से सक्रिय, नन्दु माड़वी पिता स्व0 हुंगा माडवी उम्र 23 वर्ष जाति मुरिया निवासी कांवड़गांव गायतापारा थाना गंगालूर जिला बीजापुर, नेशनल पार्क एरिया कमेटी अन्तर्गत पार्टी सदस्य, वर्ष 2015 से सक्रिय , कैलाश कारम पिता लक्खू कारम उम्र 22 वर्ष जाति मुरिया निवासी एड़समेटा थाना गंगालूर जिला बीजापुर, एड़समेटा आरपीसी मिलिशिया प्लाटून डिप्टी कमांडर, वर्ष 2015 से सक्रिय, जोगी मुचाकी ऊर्फ जोगी माड़वी पति नन्दु माड़वी उम्र 20 वर्ष जाति मुरिया निवासी डोडीतुमनार काकड़ापारा थाना गंगालूर जिला बीजापुर, नेशनल पार्क एरिया कमेटी सीएनएम सदस्या, वर्ष 2014 से सक्रिय, मंगू ऊर्फ गोडील हेमला पिता लखमू हेमला उम्र 27 वर्ष जाति मुरिया निवासी गदामली लोहरापारा थाना जांगला जिला बीजापुर, गदामली आरपीसी मिलिशिया कमांडर, वर्ष 2015 से सक्रिय, चैतु पूनेम ऊर्फ आयतु पिता स्व0 सुकलु पूनेम उम्र 45 वर्ष जाति मुरिया निवासी पुसनार बंडीपारा थाना गंगालूर जिला बीजापुर, पदनाम- ग्राम पुसनार भूमकाल मिलिशिया कमांडर, वर्ष 1997 से सक्रिय, रामलू पूनेम पिता स्व0 दुला पूनेम उम्र 28 वर्ष जाति मुरिया निवासी ध्रुर्वापारा थाना गंगालूर जिला बीजापुर, पदनाम - ग्राम पुसनार न्याय शाखा सदस्य, वर्ष 2008 से सक्रिय , फागू पूनेम पिता स्व0 मंगू पूनेम उम्र 22 वर्ष निवासी पुसनार बंडीपारा थाना गंगालूर जिला बीजापुर, पदनाम- पुसनार आरपीसी मिलिशिया प्लाटून सी सेक्शन सदस्य, वर्ष्ज्ञ 2008 से सक्रिय, सुखलाल पूनेम ऊर्फ सुखराम पिता स्व0 सुकलु पूनेम उम्र 32 वर्ष जाति मुरिया निवासी पुसनार बंडीपारा थाना गंगालूर जिला बीजापुर, पदनाम- ग्राम पुसनार भूमकाल मिलिशिया पलाटून सी सेक्शन कमांडर, वर्ष 2008 से सक्रिय, बुधराम पूनेम ऊर्फ बाबू पिता स्व0 मंगू पूनेम उम्र 21 वर्ष जाति मुरिया निवासी पुसनार बंडीपारा थाना गंगालूर जिला बीजापुर, पदनाम- ग्राम पुसनार भूमकाल मिलिशिया सदस्य, वर्ष 2016 से सक्रिय।

# एसपी अग्रवाल ने भाटापारा शहर व ग्रामीण थाना का किया निरीक्षण

## मालखाना में रखे सामान एवं थाने के रजिस्टर दस्तावेज आदि का बेहतर संधारण कर सुव्यवस्थित रखने हेतु निर्देश दिया

- **थाना प्रभारी सहित दोनों थाना के पुलिस स्टाफ को आपसी समन्वय के साथ तन्मयता पूर्वक काम करने के लिए हिदायत दी**

**तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

**भाटापारा, 30 जून।** पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल द्वारा थाना भाटापारा शहर एवं भाटापारा ग्रामीण का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उनके द्वारा थाना प्रभारी कक्ष, माल खाना, विवेचक कक्ष, सीसीटीएनएस रूम आदि का अवलोकन किया गया। उन्होंने दोनों थाना प्रभारियों को थानों के दस्तावेज, रजिस्टर एवं अन्य कागजात को क्रमवार एवं सुव्यवस्थित रखने हेतु निर्देश दिया गया। साथ ही मालखाना में रखे जाने वाले सामान आदि में अपराध क्रमांक, एवं जप्ती का विवरण भी इंद्राज करने हेतु कहा गया, जिससे इसकी पहचान करने में आसानी हो। तत्पश्चात उन्होंने थाने में उपस्थित विवेचकों एवं थाना स्टाफ से चर्चा कर थाने एवं उनके कामकाज के बारे में जानकारी लिया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने दोनों थाने में उपस्थित समस्त स्टाफ को आपसी समन्वय के साथ बेहतर एवं तन्मयता पूर्वक कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया।

दोनों थानों के आकस्मिक निरीक्षण में उनके साथ हेमसागर सिदार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, आशीष अरोरा एसडीओपी भाटापारा, अमृत कुजूर उप पुलिस अधीक्षक यातायात प्रमुख एवं टी.आई.द्वय ग्रामीण एवं शहर अमित पाटले, योगिताबाली खापर्डे इस दौरान उपस्थित रहे।



## समाचार संक्षेप

### भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ धमतरी के निर्वाचन की अधिसूचना जारी

**भखारा, 30 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला आयुक्त टी.आर जगदल्ले के निर्देशन एवं जिला सचिव डी.के साहू के नेतृत्व में जिला संघ परिषद एवं कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गयी थी, जिसमें सर्वसम्मति से नवीन परिषद के निर्वाचन का प्रस्ताव पारित किया गया। नवीन परिषद के निर्वाचन हेतु लक्ष्मण राव मगर सहायक संचालक एवं कार्यालय आयुक्त को नोडल अधिकारी एवं डी के साहू जिला सचिव मुख्य निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किये गये हैं। डी के साहू मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि दिनांक 28 जून 2024 को जिला संघ निर्वाचन की अधिसूचना जारी की गयी, जिसके अनुसार 28 जून 2024 से लेकर 28 जुलाई 2024 तक सभी संवर्ग हेतु सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। 30 जुलाई 2024 को जिला संघ सदस्यों के समस्त संवर्ग सूची का प्रथम प्रकाशन शाम 4:00 तक किया जाएगा। 31 जुलाई 2024 से 7 अगस्त 2024 तक प्रथम प्रकाशित सूची पर दावा आपत्ति आमंत्रित किया जाएगा। 8 अगस्त 2024 को जिला संघ सदस्यों के समस्त संवर्ग का अंतिम प्रकाशन शाम 4:00 तक किया जाएगा तथा जिला संघ का निर्वाचन दिनांक 22 अगस्त 2024 दिन गुरुवार को सरस्वती शिशु मंदिर आमातालाब धमतरी में एक ही दिन में संपन्न किया जाएगा।



मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिला संघ की सदस्यता कोई भी ब्यक्ति धारण कर सकता है। सदस्यता धारण करने के लिए सदस्यता फॉर्म भरना अनिवार्य होगा जो कि प्रत्येक विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के साथ-साथ प्रत्येक शासकीय/अशासकीय हाई स्कूल एवं हायर सेकंडरी विद्यालय में उपलब्ध है। जिले में निवासरत व्यक्ति अपने नजदीकी कार्यालय के संस्था प्रमुख या प्राचार्य से सदस्यता फार्म प्राप्त कर सकते हैं एवं भरकर निर्धारित शुल्क के साथ वही जमा कर सकते हैं। जिला संघ धमतरी के आजीवन सदस्य बनने हेतु सदस्यता शुल्क 1000 रूपये, संस्थागत सदस्यता शुल्क 500 रूपये एवं साधारण सदस्य हेतु सदस्यता शुल्क 250 रूपये निर्धारित है। जिला संघ सदस्यता फार्म में आवेदनकर्ता के फोटो एवं व्हाट्सएप नंबर के साथ प्रस्तावक की जानकारी भरना अनिवार्य होगा। जिला संघ सदस्यता अभियान की जानकारी एवं प्रचार-प्रसार हेतु प्रत्येक विकासखंड में बैठक आयोजित की जाएगी। उक्त बैठक में स्थानीय संघ के पदाधिकारियों के साथ-साथ समस्त स्काउटर-गाइडर, आजीवन सदस्य, संस्थागत सदस्य, साधारण सदस्य एवं विशेष आमंत्रित सदस्य शामिल होंगे। बैठकों का आयोजन विकासखंड धमतरी हेतु 1 अगस्त 2024 को प्रातः 10:30 बजे डॉ शोभाराम देवांगन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धमतरी, विकासखंड नगरी हेतु 2 अगस्त 2024 को प्रातः 10:30 से बीआरसीसी कार्यालय नगरी, विकासखंड कुरूद हेतु 3 अगस्त 2024 को प्रातः 10:30 से सरस्वती शिशु मंदिर कुरूद तथा विकासखंड मगरलोड हेतु 3 अगस्त 2024 को ही दोपहर 2:00 से बीआरसी कार्यालय मगरलोड में किया जा है। डी के साहू मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने समस्त स्थानीय संघ सचिवों को बैठक में अनुपस्थित रहने वाले स्काउटर-गाइडर पर अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

## एक नजर

### गुण्डरदेही में नवीन कानून के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**बालोद, 30 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** देश में 01 जुलाई 2024 से लागू हो रहे तीन महत्वपूर्ण कानून के जागरूकता के संबंध में आज गुण्डरदेही में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें एसडीएम गुण्डरदेही सुरेश साहू ने 01 जुलाई 2024 से लागू हो रहे तीन महत्वपूर्ण कानून भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, भारतीय न्याय संहिता 2023 एंव भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के सम्बंध में विस्तृत जानकारी उपस्थित जनों को दी। उन्होंने कहा कि पहले के कानून केवल आरोपी को केंद्र में रखकर बनाया गया था। लेकिन वर्तमान कानून आरोपी एंव पीड़ित दोनों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। उन्होंने कहा कि नए कानून आरोपी एंव पीड़ित के प्रति समान भाव रखता है। सभी वर्गों के लोगों को तीनों नए कानूनों के संबंध में समुचित जानकारी रखना आवश्यक है।

### लोहे के औजार से प्राण घातक चोट पहुंचाने वाले आरोपी को किया गया गिरफ्तार



**बालोद, 30 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रार्थिया ने 22 जून को पुलिस चौकी गिरौदपुरी में लिखित आवेदन प्रस्तुत करते हुए रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 1 जून की रात्रि लगभग 04:30 बजे आरोपी द्वारा जान से मारने की नियत से ईंट तोड़ने के लोहे के औजार से प्राण घातक हमला कर मेरे सिर, चेहरा एवं गला में गंभीर चोंट पहुंचाया है। कि रिपोर्ट पर अपराध क्र. 123/2024 धारा 307 भादवि पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। घटना पश्चात प्रार्थिया को उनके परिजनों द्वारा उचित इलाज हेतु समृद्धि हॉस्पिटल बिलासपुर में भर्ती कराया गया था। इलाज होने उपरांत प्रार्थिया ने 22 जून को पुलिस चौकी गिरौदपुरी में रिपोर्ट दर्ज कराया गया है। प्रकरण में चौकी गिरौदपुरी पुलिस द्वारा आरोपी रूप नारायण उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम देवरबोड थाना बिलाईगढ़ जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ को 29 जून को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।

### शराब कोचिया गिरफ्तार

**लवन, 30 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** थाना लवन पुलिस द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले शराब कोचिंग पर कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में दिनांक 29/06/2024 को थाना लवन से प्र0आर0 विनोद बांधे व हमराह स्टाफकी पुलिस टीम द्वारा ग्राम कोनारी में घेराबंदी कर अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले 01 शराब कोचिया को गिरफ?तार किया गया है। आरोपी से कुल 10 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमत ?2000 जप्त किया गया है। आरोपी के विरूद्ध थाना लवन में अप.क. 283/2024 धारा 34 (2) आब0 एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध की गई है।

**बड़ी उपलब्धिः आयुष्मान भारत, गुणवत्ता स्वास्थ्य कार्यक्रम में किया गया राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छत्तीसगढ़ की टीम का सम्मान**

# गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के लिए आयुष्मान आरोग्य मंदिर उप स्वास्थ्य केन्द्र ससहा को मिला राष्ट्रीय सम्मान

**तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

**बलौदाबाजार, 30 जून।** विज्ञान भवन नई दिल्ली में आयोजित आयुष्मान भारत, गुणवत्ता स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य के बलौदाबाजार भाटापारा के आयुष्मान आरोग्य मंदिर ससहा व जिला चिकित्सालय कोंडागांव का दिल्ली में सम्मान किया गया। विदित हो कि स्वास्थ्य सेवाओं के गुणवत्ता पूर्ण प्रदायगी व राष्ट्रीय स्तर के कड़े मानकों पर खरा उतरने वाले अस्पतालों को ही केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण-पत्र जारी किए जाते हैं।आयुष्मान भारत, गुणवत्ता स्वास्थ्य कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय राज्य मंत्री, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, अनुप्रिया पटेल द्वारा सम्मान प्राप्त सभी राज्यों के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के मिशन संचालक डॉ. जगदीश सोनकर, उप संचालक गुणवत्ता आश्वासन डॉ डी. के. तुर्रे, राज्य कार्यक्रम प्रबंधक आनन्द साहू, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी डॉ अभ्युदय शक्ति तिवारी, राज्य कार्यक्रम प्रबंधक शहरी स्वास्थ्य डॉ प्रदीप टंडन, राज्य सलाहकार आयुष्मान आरोग्य मंदिर डॉ नरेंद्र सिन्हा, राज्य सलाहकार गुणवत्ता आश्वासन डॉ विक्रम शर्मा, राज्य सलाहकार ब्रिज कार्यक्रम अंकिता तिवारी के साथ -साथ आयुष्मान आरोग्य मंदिर ससहा के गौतम साहू, राजेन्द्र मरकाम एवं रेखा साहू सम्मिलित हुए।



सीएमएचओ डॉ एम पी महिस्वर एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक सृष्टि मिश्रा के अनुसार राष्ट्रीय स्तर के इस मानक प्रमाण पत्र के लिए दी जा रही सेवाओं का कई बिंदुओं पर परीक्षण किया जाता है। इसमें सेवाओं की गुणवत्ता, रिकॉर्ड का संधारण, मरीजों की संतुष्टि, स्टाफ के ज्ञान के आधार पर मूल्यांकन होता है। यह मूल्यांकन बाहर से निरीक्षण के लिए आई हुई टीम ने किया था। उससे पूर्व जिला और ब्लॉक टीम द्वारा केंद्र का लगातार दौरा कर तैयारी में सहयोग किया गया। बलौदाबाजार में विकासखंड पलारी के आयुष्मान आरोग्य मंदिर के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी गौतम साहू के अनुसार यह उपलब्धि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एम पी महिस्वर, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सृष्टि मिश्रा और खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ बी एस ध्रुव के मार्गदर्शन और सहयोग से हो पाई है। उन्होंने बताया यह केंद्र चार गांवों के 8 हज़ार 5 सौ की जनसंख्या को सेवा देता है.यहाँ सीएचओ के अलावा दो अन्य ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक राजेन्द्र मरकाम तथा रेखा साहू पदस्थ हैं।श्री साहू के अनुसार इस प्रमाण पत्र हेतु दी जारी 12 सेवा की पॉलसी, 108 प्रकार के रजिस्टर, 14 प्रकार की सुविधा, विभाग वार प्रचार-प्रसार का प्रदर्शन किया गया। सिटीजन चार्टर, नाक-कान -गला, गायनिक, लेबर रूम के आवश्यक उपकरण की व्यवस्था ब्लॉक तथा जिला कार्यालय की मदद से की गई। रोज की रूटीन सेवा देते हुए मरीज को संतुष्ट करते हुए सारे दस्तावेज पूर्ण किये गए। साफ-सफाई के साथ-साथ सभी के लिए अलग- अलग बायो मेडिकल वेस्ट का प्रबंधन, फायर से बचाव हेतु व्यवस्था की गई। मरीज तथा समुदाय आधारित संतुष्टि पत्र भरे गए। इस पूरी तैयारी से स्वास्थ्य केंद्र में सुविधाओं का स्तर और गुणवत्ता बेहतर हुई जिसके मूल्यांकन में प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ।

### कलेक्टर दीपक सोनी ने दी बधाई

कलेक्टर दीपक सोनी ने इस उपलब्धि के लिए स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम को बधाई दी है। उन्होंने कहा की यह पुरुस्कार बिना टीम वर्क के संभव नही है. हमे हमेशा आम जनता को अच्छी और गुणवत्ता युक्त बेहतर सेवा मिले इसके लिए नित नए प्रयास करते रहना चाहिए.आने वाले दिनों में अलग अलग स्तर में हॉस्पिटल का चिन्हांकन कर पुरुस्कार हेतु नामित करने के दिशा में आगे बढ़ने की जरूरत बताई है।

**बलौदाबाजार में मनाया गया राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस**

# निबंध स्पर्धा में सत्येन्द्र विजयी



- **जन्म मृत्यु पंजीयन सेवा प्रदाय सूचकांक जारी कर उत्कृष्ट कार्य करने वालों को किया गया सम्मानित**

**तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

**बलौदाबाजार, 30 जून।** 29 जून को देश में प्रतिवर्ष राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी क्रम में संयुक्त जिला कार्यालय के सभागार में संयुक्त कलेक्टर सुश्री सीमा ठाकुर एवं जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी सुमीत कुमार मेरावी द्वारा महान सांख्यिकीविद् प्रो. पी. सी. महालनोबिस की तैल्यचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर सभी को सांख्यिकी दिवस की शुभकामनाएँ दी गई। जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी सुमीत कुमार मेरावी द्वारा पीसी महालनोबिस के आर्थिक योजना और सांख्यिकी विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने बताया की महालनोबिस जी भारतीय सांख्यिकी संस्थान के जनक के रूप में जाने जाते है। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय द्वारा सांख्यिकी दिवस के उपलक्ष्य में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका विषय ङ्क ÷राज्य और देश के बीच समन्वय से सतत् विकास÷ था। जिसमें प्रथम स्थान सत्येन्द्र बांधे, द्वितीय स्थान लवी मलाकी एवं तृतीय स्थान देव नागवंशी ध्रुव को सम्मानित किया गया। इसी तरह जीवनांक सांख्यिकी (जन्म-मृत्यु पंजीयन) में अभिलेख संधारण, नियम प्रक्रिया सम्बंधि ज्ञान, समयबद्ध रिपोर्टिंग, उच्च कार्यालय से समन्वय, अधोसंरचना एवम आवेदनो के निराकरण के अधार पर कराये गए सर्वे मे चयनित जिला अस्पताल से पंजीयक कमलेश टेम्भूर्ने, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मोपका से आरएमए आलोक तिवारी, नगर पंचायत पलारी से सीएमओ जितेंद्र बहादुर पटेल एवं ग्राम पंचायतो से सचिव मोहन साहु, ग्रा. पंचा. बम्हनपुरी, वि.ख. बलौदाबाजार, प्रितम कुमार बघेल, ग्रा. पंचा. ओटेबंद, वि.ख. भाटापारा, तुलसी राम आंचल, ग्रा. पंचा. छरछेद, वि.ख. कसडोल, मुकेश कुमार टंडन, ग्रा. पंचा. ओड़ान, वि.ख. पलारी, कमलेश कुमार साहु ग्रा. पंचा. अमेठी, वि.ख. पलारी, मालिक राम साहू, ग्रा. पंचा. कचलोन, वि.ख. सिमगा को सम्मानित किया गया।

# किसानों की समस्याओं के निदान के लिए विधायक मिले कृषि मंत्री से

**तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**



**भाटापारा, 30 जून।** क्षेत्र के किसानों की समस्याओं को लेकर विधायक इंद्र साव ने अपने रायपुर प्रवास के दौरान कृषि मंत्री राम विचार नेताम से मिलकर उन्हें समस्याओं से अवगत कराया, तथा उनसे विभिन्न विषयों पर सार्थक चर्चा की।इस दौरान कृषि मंत्री ने विधायक साव की मांगों में सहमती जताते हुए शीघ्र ही आवश्यक कदम उठाने तथा समस्या का समाधान करने का भरोसा दिलाया।

विधायक इंद्र साव ने बतलाया क्षेत्र के किसान सरना बीज की कमी के लिए लगातार भटक रहे है, उनका केसीसी भी अब तक नहीं बन पा रहा है खेती किसानी के दिन आने के बाद किसानों को हो रही समस्या के स्थाई और जल्द निदान के लिए उन्होंने बीज निगम कार्यालय में कृषि मंत्री राम विचार नेताम से मुलाकात कर उनसे किसानो की समस्याओं से अवगत कराया गया।

साव ने बतलाया कि क्षेत्र के किसान सरना धान के बीज के लिए भटक रहे हैं सेवा सहकारी समितियों में बीज उपलब्ध नहीं है धान बोनी का समय चल रहा है ऐसे में किसान निजी क्षेत्र से महंगे दामों पर बीज खरीद रहे हैं और उसमें भी बाजार में बड़ी संख्या में नकली बीज आए हैं जिनका ठीक ढंग से अंकुरण नहीं हो रहा।इसके अलावा साव ने कृषि उपज मंडी के नये भवन के लिए चर्चा की साथ ही मंडी में चल रही अनियमितताओं और वहां आए कृषकों को हो रही परेशानियों को भी मंत्रीजी को विस्तार से बतलाया। इसके अलावा साव ने बरसात में पशुओं के टीकाकरण समय पर कराने की बात कही जिसे पर मंत्री जी ने तत्काल आवश्यक कदम उठाने तथा किसानों की समस्याओं को दूर करने का भरोसा दिलाया।

### कलेक्टर ने किया गुरूर विखं में जल संरक्षण के कार्यों और स्वसहायता समूह की गतिविधियों का अवलोकन





**बालोद, 30 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने शुक्रवार 28 जून को जिले के गुरूर विकासखण्ड में विभिन्न गतिविधियों का अवलोकन कर जायजा लिया। उन्होंने ग्राम पंचायत धनेली में मनरेगा के कार्य, वृक्षारोपण, सामुदायिक डबरी निर्माण जल संरक्षण के कार्य एवं ग्राम पंचायत छेडिया में, कार्यरत महिला स्व सहायता समुह द्वारा निर्मित अगरबती तथा ग्राम बोरतरा और बोहारडीह विद्युत सबस्टेशन का आकस्मिक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत छेडिया में निर्मित सी.सी. रोड निर्माण कार्य का अवलोकन किया साथ ही महिला स्वसहायता समुह द्वारा निर्मित अगरबती निर्माण का अवलोकन किया। उन्होंने महिलाओं से अगरबती बनाने के विधि से लेकर पैकिंग, और विक्रय के संबंध में विस्तृत चर्चा की। कलेक्टर ने ग्राम पंचायत धनेली में मनरेगा के तहत् निर्मित सामुदायिक डबरी निर्माण में मछली पालन, मुक्तिधाम में वृक्षारोपण एवं चोरहा नाला में निर्मित तटबंधान कार्य का अवलोकन किया। कलेक्टर ने विद्युत सबस्टेशन बोहारडीह एवं बोरतरा का अवलोकन भी किया। उन्होंने ग्राम बोहारडीह स्थित विद्युत ट्रांसमिशन स्टेशन में सहायक अभियंता से विभिन्न इंडीकेटर एवं फॉल्ट के बारे में चर्चा की। इसी प्रकार ग्राम बोरतरा में स्थित विद्युत ट्रांसमिशन स्टेशन में उपयंत्री से रिले ट्रांसमिशन एवं विद्युत अवरोध के बारे में जानकारी ली। इस अवसर पर उपसंचालक पंचायत आकाश सोनी, एसडीएम गुरूर पूजा बंसल, जनपद सीईओ उमेश रात्रे सहित अन्य संबंधित अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

### जिले में सिकलसेल की स्क्रीनिंग व जन-जागरूकता शिविरों का आयोजन

**बालोद, 30 जून।** भारत शासन के निर्देशानुसार जिले में सिकलसेल उन्मूलन कार्यक्रम का आयोजन 19 जून 2024 से 15 नवंबर 2024 तक सतत् रूप से क्रियान्वित किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत जिले के आम नागरिकों का सिकलसेल की स्क्रीनिंग एवं जन-जागरूकता शिविरों का आयोजन कर प्रचार-प्रसार तथा काउंसलिंग किया जा रहा है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास मेनका चन्द्राकर ने बताया कि जिले 19 जून से अब तक 234 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, उप स्वास्थ्य केन्द्रों एवं अन्य स्थानों में जनजागरूकता शिविर का आयोजन किया जा चुका है। जिसके अंतर्गत शिविरों में कुल 7971 नागरिकों का सिकल सेल की जाँच करने के साथ 4299 नागरिकों का स्क्रीनिंग एवं काउंसलिंग किया गया है। जिले में 15 नवंबर तक आदिवासी विकास विभाग के अधीनस्थ 70 छात्रावास एवं 17 आश्रमों तथा आदिवासी विखं मुख्यालय में संचालित संयुक्त एकलव्य आवासीय विद्यालय डौंडी में प्रवेशित शत् प्रतिशत बच्चों का सिकलसेल जाँच किया जाएगा।

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202406092200019**

**विषयः- ब-121**
**मामले की श्रेणीः- राजस्व**
**सनः- 2023-2024**
**डोंगरगढ़ प.ह.न. 00025 [(हे.)]**
**पक्षकारों का विवरण-**
**आवेदक पक्षकार- अरविन्द धमगाये,**
**अनावेदक पक्षकार-**

## ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अरविन्द धमगाये आ. रतन धमगाये जाति महार सा. इंदिरा नगर डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक के पत्नी रविन्द्रा धमगाये पति अरविन्द धमगाये का मृत्यु दिनांक 15.06.1993 को स्थान डोंगरगढ़ में हुआ है के नाम पर मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 04.07.2024 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 14/06/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर

**तहसीलदार**
**डोंगरगढ़**

**शासकीय माध्यमिक शाला भठेली में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव**

# शिक्षा शांति, न्याय, स्वतंत्रता व समानता प्राप्त करने का साधनः निषाद

**तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

**भखारा, 30 जून।** आज के परिवेश में शिक्षा का महत्व किसी से छुपा नही है। परंतु अज्ञानतावश या कुछ कारणों से कुछ बच्चे पढ़ाई से वंचित रह जाते है। पढ़ने का अधिकार हर बच्चों को रहता है इसलिए शासन ने सभी बच्चों का शत प्रतिशत नामांकन करने के उद्देश्य से प्रत्येक विद्यालयों में शाला प्रवेश उत्सव मनाने के निर्देश दिए है। इसी तारतम्य में शासकीय माध्यमिक शाला भठेली में भी शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस उत्सव में शाला विकास समिति के सदस्यों और जनप्रतिनिधियों के द्वारा नव प्रवेशित बच्चों का गुलाल लगाकर और मुंह मिठाकरा कर अभिनंदन किया गया।

उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि संतोषी निषाद पार्षद नें कहा कि शिक्षा सभी के लिए शांति, न्याय, स्वतंत्रता और समानता की दुनिया को प्राप्त करने का एक साधन है। इसलिए, शिक्षा सभी के लिए अत्यंत आवश्यक है। शिक्षा के बिना कोई भी अच्छा जीवन संभव नहीं है। यह मनुष्य की बुद्धि को पुष्ट करती है, उसके कौशल को विकसित करती है, तथा उसे मेहनती बनने में सक्षम बनाती है। वहीं शाला विकास समिति की अध्यक्ष रूपा साहू नें कहा बच्चों को पढ़ाई के महत्व, मोबाइल के दुरुपयोग की हानि, असाक्षर को घर पढ़ाने, माता पिता शिक्षक का सम्मान की बात कही एवं भविष्य के लिए शिक्षा की अनिवार्यता पर रोशनी डाला गया,



माध्यमिक शाला भठेली के कर्मठ शिक्षक रवि ठाकुर ने मुख्यमंत्री का बच्चों के नाम संदेश का वाचन किया और कहा की शिक्षा मानव समाज के विकास और प्रगति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह हमारे समाज में विवेक, ज्ञान, समझ और समर्पण की भावना को विकसित करती है। शिक्षा मानवीय सम्पदा को वृद्धि देती है और सभी क्षेत्रों में समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करती है। शिक्षा मानव विकास की मूलभूत आवश्यकता है।

इस अवसर को यादगार बनाने के लिए अतिथियों द्वारा विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया। शाला परिवार द्वारा बच्चो के लिए खीर पूड़ी और जलेबी के रूप में न्योता भोजन की व्यवस्था की गई। उक्त कार्यक्रम का मंच संचालन सिन्हा सर के द्वारा किया गया। प्रवेश उत्सव कार्यक्रम मे रूपा साहु, रोमन लाल, भैयाराम, जयंत्री बाई साहू, शिक्षक प्रदीप साहू, हरीश निर्मलकर, सिन्हा, रवि, कंप्यूटर शिक्षक तेजस्वी साहू, थानुराम उपस्थित रहे।

## एक नजर

### चेम्बर ने राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड को सुझाव भेजा

**रायपुर, 30 जून।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तम गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि छत्तीसगढ़ चेम्बर द्वारा पत्र प्रेषित कर आम बजट हेतु आयकर एवं जीएसटी सरलीकरण से संबंधित सुझाव दिया गया। अमर पारवानी ने पत्र के माध्यम से बताया कि औद्योगिक एवं व्यापारिक संगठनों से प्राप्त आयकर एवं जीएसटी सरलीकरण संबंधी सुझाव दिया गया है। पारवानी ने निर्मला सीतारमण, केन्द्रीय वित्तमंत्री एवं सुनील सिंघी चेयरमेन, राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड से निवेदन किया कि व्यापार एवं उद्योग के हित में आयकर एवं जीएसटी सरलीकरण से संबंधित उपरोक्त सुझावों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करें।

### 50 से अधिक एमएसएमई को किया सम्मानित

**रायपुर, 30 जून।** भारत में निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंकों में से एक, एक्सिस बैंक ने गतिशील और लचीले सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र के महत्व को रेखांकित करते हुए अंतर्राष्ट्रीय एमएसएमई दिवस पर छत्तीसगढ़ के 50 से अधिक एमएसएमई ग्राहकों को सम्मानित किया। यह समारोह रायपुर, बिलासपुर, कोरबा, रायगढ़आदि में एक्सिस बैंक की चुनिंदा शाखाओं में आयोजित किया गया। एक्सिस बैंक के वरिष्ठ प्रतिनिधि - सौरभ दत्ता, रीजनल ब्रांच बैंकिंग हेड - ईस्ट 2; पपीया घोश, लायबिलिटीज जियो ग्राफी हेड ङ्क कमर्शियल बैंकिंग कवरेज ग्रुप (सीबीजी); देबेन्द्र कुमार साहू, सर्कल हेड ङ्क रायपुर, ने एमएसएमई ग्राहकों को प्रशंसा प्रमाण पत्र प्रदान किए और उनके संबंधित क्षेत्रों और राज्य की आर्थिक वृद्धि में उनके द्वारा किए गए महत्वपूर्ण योगदान की सराहना की। इसके अतिरिक्त, कुछ एमएसएमई ग्राहकों को उनके व्यावसायिक परिसर में रिलेशनशिप मैनेजरों द्वारा सम्मानित किया गया।

### मारपीट में घायल युवक ने तोड़ा दम, हत्या का मामला दर्ज

**रायपुर, 30 जून।** बीएसयूपी कालोनी भाठागांव के ब्लाक नंबर 10 में दो युवकों ने एक युवक से मारपीट कर हत्या कर दी। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक मंगल मुर्या 21 वर्ष कुम्हारपारा जिला बस्तर का रहने वाला है। बताया जाता है कि मृतक मंगल मुर्या बीएसयूपी कालोनी भाठागांव के ब्लाक 10 में रहता थ्था। जहां आरोपी सावन डोंगरे व कोंदा नामक युवक ने पुरानी रंजिश को लेकर मंगल मुर्या से मारपीट किया। जिससे घायल मंगल की आंबेडकर अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। मामले में पुरानी बस्ती पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 302,34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### महिला से मारपीट

**रायपुर, 30 जून।** गावलीपारा बैरनबाजार में चार लोगों ने एक महिला से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया कोमल यादव 29 वर्ष गावलीपारा बैरनबाजार की रहने वाली है। बताया जाता है कि प्रार्थिया के पड़ोस में रहने वाली गुड़िया, नंदू, चिंटू व रानी यादव ने प्रार्थिया के बच्चे से गाली-गलौज कर रही थी। जिससे प्रार्थिया ने मना किया तो आरोपियों ने प्रार्थिया से गाली-गलौज कर मारपीट किया।

### घर के बाहर खड़ी बाइक पार

**रायपुर, 30 जून।** बीएसयूपी कालोनी भाठागांव में खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर पुरानी बस्ती पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी प्रमोद कुमार जोशी 35 वर्ष बीएसयूपी कालोनी भाठागांव का रहने वाला है। बताया जाता है कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एलजी 5155 को खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर पुरानी बस्ती पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

# कहां तो तय था चिरागाँ हर एक घर के लिये कहां चिराग मयस्सर नहीं शहर के लिये






एक 18वीं लोकसभा के लिये ओम बिरला दूसरी बार अध्यक्ष बने हैं, ओम बिरला अब लोकसभा अध्यक्ष बनने वाले नेता बलराम जाखड़, जीएम बालयोगी और पीए संगमा की सूची में शामिल हो गए।अगर बिरला अपना दूसरा कार्य काल पूरा कर लेते हैं तो जाखड़ के बाद ऐसा करने वाले दूसरे नेता होंगे। दूसरी बार कई नेता लोकसभा अध्यक्ष बनें, लेकिन पूरे 5-5 साल का कार्यकाल पूरे नहीं करपाए। सिर्फ जाखड़ ने ही 1980 से 1985 और 1985 से 1989 तक अपने दोनों कार्यकाल पूरे किया।

### राहुल बने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष...

पहली बार राहुल गांधी ने संसद में संवैधानिक पद लिया है।पहली बार यह भी है, जब साथ लोकसभा में उनकी माँ सोनिया गांधी नहीं होंगी।सोनिया गांधी, राज्यसभा सांसद बन गई हैं और उन्हीं की परम्परागत सीट रायबरेली से राहुल गांधी चुने गए हैं।इस बार उनके साथ प्रियंका गांधी के लोक सभा में उनके साथ होने की संभावना हैं, वे वानयाड सीट से उप चुनाव लड़ेंगी।राहुल केरल के वायनाड से भी चुनाव जीते थे लेकिन उन्होंने राय बरेली से सांसद रहना चुना। वैसे नेता प्रतिपक्ष शैडो प्रधानमंत्री होता है।पूरे विपक्ष का ना सिर्फ़ वो नेतृत्व करता है बल्कि कई ज़रूरी नियुक्तियों में पीएम के साथ बैठता है। चुनाव कैंपेन में पीएम मोदी -राहुल गांधी के बीच देखा गया है, कि दोनों एक-दूसरे पर तीखी बयानबाज़ी करते हैं।ऐसे में पीएम के साथफ़ैसले लेना, काम चलाऊ रिश्ते कायम कर पाना राहुल के लिए चुनौती होगी, अगर वो ख़ुद को एक परिपक्व नेता के तौर पर और भी मज़बूत करना चाहते हैं तो उन्हें ये करना होगा।

### पेपरलीक से इनको क्या फर्क पड़ेगा...

विदेश में पढ़ते या पढ़ चुके भाजपा नेताओं के बच्चे हैं इसलिये देश में पेपर लीक से उन्हें कोई फ़र्क़ ही नहीं पड़ता है? सरकार में पेपर लीक होना अब आम बात हो गई है। परीक्षा में धांधली, पेपर लीक ने होन हार बच्चों के भविष्य के सामने बहुत बड़ा संकट खड़ा कर दिया है। मॉं- बाप अपना पेट काटकर बच्चों को पढ़ाते हैं ताकि वो कुछ बन सके, लेकिन भाजपा सरकार लाखों करोड़ों परिवारों के सपनों को एक झटके में कुचल देती है। असल में भाजपा नेताओं को कोई फ़र्क़ नहीं पड़ता, अधिकांश नेताओं के बच्चों का तो विदेश में पढ़ाकर भविष्य सुरक्षित है लेकिन वहीं देश के करोड़ों बच्चों का भविष्य पेपरलीक से बर्बाद किया है। **शिवराज सिंह चौहान**-इस केन्द्रीय मंत्री के दो बेटे हैं। दोनों की पढ़ाई अमे रिका से हुई है। **वसुंधरा राजे सिंधिया**- राजस्थान की पूर्व सीएम के बेटे दुष्यंत की पढ़ाई नौक टेल स्विट्ज़रलैंड से पूरी हुई है। **राजनाथ सिंह**-केन्द्र में मंत्री के बेटे नीरज सिंह ने यूके की लीड्स यूनिवर्सिटी से पढ़ाई की है। **पियूष गोयल**-केंद्रीय मंत्री की बेटी राधिका, बेटे ध्रुव ने हावर्ड यूनिवर्सिटी से पढ़ाई की है **प्रकाश जावड़ेकर**-पूर्व केंद्रीय मंत्री के बेटे अपूर्व, बोस्टन यूनिवर्सिटी से पढ़ाई की है। **निर्मला सीतारमण**-इस केन्द्रीय मंत्री की बेटी वांगमयी परकला ने नॉर्थ वेस्टर्न यूनिवर्सिटी से ही पढ़ाई की है। **एस.जय शंकर**- इस केंद्रीय मंत्री के बेटे ध्रुव ने अमेरिका जॉर्ज टाउन यूनिवर्सिटी से पढ़ाई की है। वहीं बेटी मेघा ने डेनिसन यूनिवर्सिटी से पढ़ाई की है। **रविशंकर प्रसाद**-पूर्व केन्द्रीय मंत्री के बेटे आदित्य ने कॉर्नेल यूनि वर्सिटी से पढ़ाई की है **हर्षवर्धन**-पूर्व केन्द्रीय मंत्री के बेटे सचिन ने मेलबर्न के मोनाश यूनिवर्सिटी से पढ़ाई की है **गजेन्द्र सिंह शेखावत**-केंद्रीयमंत्री की बेटी सुहासिनी ने ऑक्स फ़ोर्ड यूनिवर्सिटी से पढ़ाई की है। **जितेंद्र सिंह**- मोदी सरकार में राज्यमंत्री रहे सिंह के बेटे अरुणोदय ने ऑक्सफ़ोर्ड यूनिवर्सिटी से पढ़ाई की है **संजय धोत्रे**- मोदी सरकार में संचार राज्य मंत्री रहे धोत्रे के बेटे नकुल ने कैलिफ़ोर्निया यूनि वर्सिटी से पढ़ाई की है। **हर दीपसिंह पुरी**-इस केंद्रीय मंत्री की बेटी तिलोत्तमा ने वारविक यूनिवर्सिटीकॉलेज ऑफ़लंदन से पढ़ाई की है। **ज्योतिरादित्य सिंधिया**- केंद्र के इस मंत्री के बेटे महाआर्यमन ने अमेरिका के शिकागो से पढ़ाई की है। **स्मृति ईरानी**- पूर्व केन्द्रीय मंत्री की बेटी शनैल ने वाशिंगटन डीसी से पढ़ाई की है।बेटे ज़ोहर ने वार विक यूनिवर्सिटी से पढ़ाई की है।




### नीट पेपर लीक, छग के आईएएस सुबोध सिंह...

नीट पेपर लीक को लेकर विवादों में घिरी एनटीए में बड़ा बदलाव किया गया है। केंद्र सरकार ने एनटीए के डीजी सुबोध कुमार सिंह को हटा दिया, उनकी जगह पर अब आईएएस प्रदीप सिंह खरोला को एनटीए का नया डीजी बनाया गया है।नीट को लेकर सुबोध सिंह चर्चा में आए थे।साल 1997 बैच के छत्तीसगढ़ कैडर के आईएएस सुबोध सिंह यूपी के कानपुर के रहने वाले हैं।सुबोध सिंह के पिता कानपुर में प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक थे सिंह ने स्कूली शिक्षा के बादआई आईटी रुड़की से इलेक्ट्रि कल इंजीनियरिंग में बीई की पढ़ाई की है, इसके बाद यहीं से एमई किया, फिर इग्नू से एमबीए की पढ़ाई की।सुबोध?आईएएस की ट्रेनिंग के बाद 2018 में पहली पोस्टिंग मंडला जिले में बतौर असिस्टेंट कलेक्टर पद पर हुई, इसके बाद वह कोरिया के एसडीओ बनाए गए।छत्तीसगढ़ राज्य गठन होने के बाद वह बस्तर के पहले जिला पंचायत सी ईओ बनाए गए थे।इसके बाद साल 2002 में उनकी नियुक्ति रायगढ़ डीएम के रूप में की गई, रायपुर, बिलासपुर के भी डीएम रह चुके हैं। जून 2023 में आईएएस सुबोधसिंह को एनटीए का महानिदेशक बनाया गया था।इसके बाद से वह इस पद पर बने हुए थे, पहले केंद्रीय खाद्य मंत्रा लय में एडिशनल सेक्रेटरी के पद पर कार्यरत थे।



### 4 अफसरों की दोस्ती, 2 हो गये हैं ताकतवर...

छग में सीएम के सचिव दयानन्द पी आईएएस) और आयुक्त, जनसंपर्क मयंक श्रीवास्तव (आईपी एस)एक ही बैच के हैं, पर दयानन्द अब अधिक पावरफुल हो गये हैं। वहीं सीएम सचिवालय में पदस्थ राहुल भगत (आईपीएस) और सोनमणि वोरा (आईएएस) दोनों अच्छे मित्र हैं, दिल्ली में दोनों एक ही हास्टल में रह चुके हैं। वोरा यूपीएस सी के पहले चयनित हो गये और राहुल बाद में।दोनों को छ्ग कॉडर मिला, संयोग था की राहुल, केंद्र में संचालक, श्रम थे तब सोनमणि सचिव श्रम छ्ग थे।चलो अफ़सरों की दोस्ती का लाभ छ्ग को मिल सकेगा।पर एक बात तो है कि पहले और अब में अंतर है, अब दयानन्द, राहुल भगत छग में काफ़ी पावरफूल हो गये हैं, इस लिये पहले जैसी स्थिति बनी रहेगी या नहीं यह देखना हैज्?





### और अब बस...

- » छग सरकार का कोई मंत्री ड्राप हो सकता है? विष्णु कैबिनेट में अभी सरगुजा संभाग से 4, बिलासपुर से 3 मंत्री हैं. रायपुर और बस्तर से 1-1 मंत्री ही हैं।
- » माना जा रहा है कि इस बार बस्तर, रायपुर से प्रति निधित्व बढ़ाया जा सकता है।
- » नक्सल मामले में छ्ग में अच्छी सफ्लता के बाद भी नया कार्यवाहक डीजी बनाने की चर्चा है?
- » क्या बस्तर आईजी को भी बदला जा रहा है?

# कांग्रेस सबसे बड़ी लूजर पार्टी : कौशिक

**रायपुर, 30 जून।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरम लाल कौशिक ने कहा है कि प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट अगर छत्तीसगढ़ की 11 में से 10 संसदीय क्षेत्रों में करारी पराजय के बाद भी संतोष व्यक्त कर रहे हैं, तो यह साफसमझा जा सकता है कि छत्तीसगढ़ समेत पूरे देश में कांग्रेस अब इसी लायक ही बची है। कौशिक ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की हार का जिम्मा लेने के लिए कोई तैयार नहीं है और सारे कांग्रेसी हार का ठीकरा फोड़ने के लिए एक-दूसरे का सिर तलाश रहे हैं। चुनाव से पहले से लेकर चुनाव में करारी हार और अब समीक्षा के नाम पर कांग्रेस में जिस तरह के नजारे पेश हो रहे हैं, कांग्रेस और उसके कर्णधारों के लिए इससे बड़ी राजनीतिक शर्म की बात और कुछ नहीं हो सकती।

कौशिक ने कहा कि 11 में से 10 लोकसभा सीटें हारने के बाद भी कांग्रेस पार्टी संतुष्ट है, कांग्रेस प्रभारी पायलट का बयान इस बात को प्रमाणित करता है कि कांग्रेस एक बहुत बड़ी लूजर पार्टी है और जीत उसका उद्देश्य ही नहीं है। 11 में से 10 सीट हारने के बाद भी कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अगर यह कहें कि हम एकजुटता से लड़े और वोट शेयर भी हमारा बरकरार रहा, तो राजनीति में इससे ज्यादा शर्मनाक बयान और कुछ नहीं हो सकता। कौशिक ने कहा कि छत्तीसगढ़ के नेता भी सचिन पायलट की ही सोच पर चल रहे हैं, जो हारने के बाद भी किसी प्रकार की जिम्मेदारी लेने का काम नहीं कर रहे हैं। लेकिन, पायलट को यह बताना चाहिए कि वह एकजुटता का नाटक रच रहे हैं तो कवासी लखमा का बयान क्या इशारा कर रहा है जिसमें लखमा ने कहा है कि हम आपसी फूट की वजह से हारे।



नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत का बयान कांग्रेस की किस एकजुटता का प्रदर्शन कर रहा है जिसमें महंत ने कहा था, 'मेरा किसी ने साथ नहीं दिया।' पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू का बयान साफ करता है कि कांग्रेस में जो सत्ता से लेकर संगठन तक भ्रष्टाचार व्याप्त है, वही कांग्रेस की अंतर्कलह का बड़ा कारण है। सत्ता में रहकर कांग्रेसी केवल छत्तीसगढ़ को लूटते रहे और इसके कारण आज अंतर्कलह सामने दिखाई दे रही है। कौशिक ने पायलट से यह भी जानना चाहा कि कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने जिस प्रकार भूपेश बघेल के खिलाफ मोर्चा खोला, क्या पायलट इन सब बातों को भी एकजुटता कहते हैं?

कौशिक ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज यह कहकर अपना पल्ला झाड़ रहे हैं कि कांग्रेस की हार के लिए कोई एक नेता जिम्मेदार नहीं है। अगर ऐसा है तो जो-जो नेता जिम्मेदार हैं, उनकी जवाबदेही कब तक तय की जा रही है? कांग्रेस छह माह पहले विधानसभा और अभी हाल ही के लोकसभा चुनाव में हुई अपनी शर्मनाक हार के बाद एक बार फिर अंतर्कलह से घिर गई है और अब समीक्षा बैठक के नाम पर कांग्रेस नेता और प्रत्याशी आरोप-प्रत्यारोप करके हार के लिए के एक-दूसरे पर ठीकरा फोड़ रहे हैं। कौशिक ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री बघेल विधानसभा चुनाव में अपने नेतृत्व में कांग्रेस का बेड़ा गर्क कर दिया और अब लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को रसातल में पहुँचाने के बाद बजाय अपनी जिम्मेदारी स्वीकारने के अनर्गल प्रलाप करके अपनी खीझ और हताशा का प्रदर्शन कर रहे हैं। अब कांग्रेस प्रभारी पायलट को चाहिए कि वह बघेल को विधानसभा चुनाव की करारी शिकस्त और लोकसभा चुनाव की हार के बाद राजनीतिक सच का सामना करने की ठोस नसीहत देन की हिम्मत दिखाएँ। कौशिक ने सवाल किया कि आखिर बघेल मीडिया का सामना क्यों नहीं कर रहे और क्यों नहीं बता रहे कि वह खुद क्यों हारे और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की शर्मनाक हार क्यों हुई? कौशिक ने कहा कि कांग्रेस का संगठनात्मक ढाँचा इस बुरी तरह चरमरा गया है कि वहाँ अब कोई किसी सुनने को तैयार ही नहीं है।

# देश में संकट के समय व्यापारी ही सहयोग करते हैं : पुरंदर




रायपुर, 30 जून। देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी ने बताया कि 28 जून को दानवीर भामाशाह की जयंती को पूरे देश में राष्ट्रीय व्यापारी दिवस के रूप में हर्षोल्लास मनाया जाता है। इसी कड़ी में कैट 28 जून को कैट के प्रदेश कार्यालय में शाम 4:00 बजे दानवीर भामाशाह की जंयती पर राष्ट्रीय व्यापारी दिवस के रूप मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुरेन्द्रर मिश्रा, विधायक रायपुर उत्तर विधानसभा एवं विशिष्ठ अथिति कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी सहित व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारी, कैट एवं युवा टीम के पदाधिकारी उपस्थित थे।

कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि 28 जून को दानवीर भामाशाह की जयंती को पूरे देश में राष्ट्रीय व्यापारी दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी कड़ी में कैट सी.जी. चैप्टर ने इस दिन को राष्ट्रीय व्यापारी दिवस के रूप में मनाया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुरेन्द्रर मिश्रा, विधायक रायपुर उत्तर विधानसभा एवं विशिष्ठ अथिति कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी ने दानवीर भामाशाह तस्वीर पर माल्यापर्ण कर दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभांरभ किया। तत्पश्चात् कार्यक्रम के संचालन कैट के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष परमानन्द जैन ने उपस्थित व्यापारिक संगठनों, कैट एवं युवा टीम के पदाधिकारियों का स्वागत एवं अभिनदंन किया। अमर पारवानी एवं जितेन्द्र दोशी ने कहा कि आज हम सभी व्यापारी इस मंच पर दानवीर भामाशाह की जयंती मना रहे है। उन्होनें आगे बताया कि भामाशाह (1547-1600) बाल्यकाल से मेवाड़ के राजा महाराणा प्रताप के मित्र, सहयोगी और विश्वासपात्र सलाहकार थे। जब एक समय में महाराणा प्रताप अपना किला हार गए थे। इस समय महाराणा प्रताप अपने परिवार के साथ पहाडियो में धूम रहे थे।

# रविवि के सेवानिवृत्त कर्मियों का सम्मान

**रायपुर, 30 जून।** पंडित रविशंकर शुक्ल विश्विद्यालय कर्मचारी संघ के पूर्व सचिव प्रदीप कुमार मिश्र ने बताया की लास्ट वर्किंग डे होने के कारण जून माह के समाप्ति के दो दिन पूर्व ही विवि के ये चार कर्मचारी वि वि की सेवा से सेवानिवृत हुए जिसमें प्रदीप शर्मा संपदा अधिकारी हरीश पांडे वरिष्ठ अधीक्षक सामान्य प्रशासन विभाग उपेंद्र यादव चतुर्थ श्रेणी के वरिष्ठ कर्मचारी इलेक्ट्रांनिक्स डिपार्टमेंट खिलावन यादवजी सीनियर आपरेटर विवि प्रेस शामिल हैं। कर्मचारियों के द्वारा सेवा निवृत कर्मचारीओ के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शॉल श्रीफ्ल और मोमेंटो देकर सम्मान किया गया।



# चौथे स्टेज के ओवेरियन कैंसर से ग्रसित बालिका की डॉक्टर ने बचाई जान

**रायपुर, 30 जून।** मध्य भारत के प्रसिद्ध कैंसर एवं रक्त रोग विशेषज्ञ डॉ. रवि जायसवाल पुनः एक 15 वर्षीय बालिका के लिए देवदूत साबित हुए, लड़की चौथे स्टेज के ओवेरियन कैंसर से ग्रसित थी, परिवारजन उम्मीद छोड़ चुके थे किन्तु डॉ. रवि जायसवाल के चिकित्सकीय कौशल व उचित इलाज से वह बालिका अब पूर्णतः स्वस्थ हो चुकी है, कैंसर पर विजय प्राप्त कर बालिका ने हाई स्कूल की परीक्षा को 80 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण कर अन्य कैंसर मरीजों के लिए प्रेरणास्रोत बनी है।



बसना निवासी एक 15 वर्षीय बालिका को पेट दर्द, सूजन, भूख में कमी व वजन कम होने की शिकायत हुई. वह लगातार 04-05 महीनों तक कई डॉक्टरों के पास जाकर अपना इलाज कराई किन्तु आराम नहीं मिला, बालिका ने स्कूल जाना बंद कर दिया, वह खाना भी नहीं खा पाती थी, सांस लेने में दिक्कत के साथ-साथ 02 माह में 07 किलो वजन कम हो गया तथा शरीर बहुत ज्यादा कमजोर हो गया था, उसके परिजनों ने नवम्बर 2023 में रामकृष्ण केयर हास्पिटल रायपुर में लड़की को भर्ती कराया, जहाँ पर उसका सीटीस्केन किया गया, जिसमें उसके अण्डाशय से लिम्फ्नोड मेटास्टेटिस के साथ 18 सेटीमीटर का ट्यूमर निकला, उक्त बालिका एवं उसके परिजन स्तब्ध रह गए, जब उन्हें पता चला कि इस कम उम्र में डिम्बग्रंथि में चौथे स्टेज का कैंसर हैं। डॉ. रवि जायसवाल एवं अन्य डॉक्टरों ने उसे दिलासा दिलाया कि सब ठीक हो जाएगा। डॉ. रवि जायसवाल ने पांच दिवसीय प्रोटोकाल के तहत उसकी कीमोथेरेपी इलाज प्रारंभ किया। कीमोथेरेपी के तीन चक्र के इलाज के बाद उसका ट्यूमर पूरी तरह से ठीक हो गया और उसमें कोई लक्षण नहीं दिखे, रक्त ट्यूमर मार्कर परीक्षण एवं पोस्ट कीमो सीटीस्केन में अच्छे रिजल्ट आए। बालिका को सर्जिकल टीम के पास भेजा गया, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. संदीप दवे, डॉ. सिद्धार्थ ताम्रकार, डॉ. सौरभ जैन, डॉ. विकम शर्मा की टीम ने बालिका की प्रजनन क्षमता बरकरार रखते हुए उसका सफ्ल ऑपरेशन किया।

# दादा की हत्या करने वाले पोते को आजीवन कारावास

**रायपुर, 30 जून।** राजधानी रायपुर के तेलीबांधा इलाके के सीमानगर में सवा दो साल पहले लोहे के खुरपा से हमला कर दादा खोबो तुलसी मोंगराज की हत्या करने वाले आरोपित पोते श्रीपति मोंगराज उर्फडॉक्टर (26) को कोर्ट ने आजीवन कारावास के साथ एक हजार अर्थदंड की सजा से दंडित किया है। अतिरिक्त लोक अभियोजक राजेंद्र जैन ने बताया कि 10 मार्च 2022 की रात 7.30 बजे सीमानगर, तेलीबांधा में रिक्शा चालक खोबो तुलसी मोंगराज परिवार में आयोजित शादी पार्टी के दौरान खाने-पीने की बात को लेकर आरोपित पोते श्रीपति मोंगराज उर्फ डॉक्टर का विवाद हो गया था। गुस्से में आकर उसने लोहे का खुरपा से अपने दादा खोबो तुलसी मोंगराज के सिर व जबड़े में जानलेवा हमला कर घायल कर दिया था। बाद में इलाज के दौरान तुलसी मोंगराज की मौत हो गई थी। तेलीबांधा थाना पुलिस ने मामले में हत्या का केस दर्जकर आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। प्रकरण का आरोप पत्र सप्तम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश वंदना दीपक देवांगन की कोर्ट में पेश किया गया। न्यायाधीश ने मामले की सुनवाई करते हुए पुलिस की ओर से पेश किए गए ठोस सुबूत और गवाहों के बयान के आधार पर आरोपित को दोषी ठहराते हुए 302 में आजीवन सश्रम कारावास, एक हजार रूपये अर्थदंड और धारा 325 में तीन वर्ष सश्रम कारावास के साथ पांच सौ रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई।

### गांजा के साथ दो गिरफ्तार

**रायपुर, 30 जून।** टिकरापारा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर नया बस स्टेण्ड के पास गांजा के साथ महिला व पुरूष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 13 किलो 200 ग्राम गांजा जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि नया बस स्टेण्ड भाठागांव के गेट नंबर 1 के पास एक महिला व पुरूष संदिग्ध लग रहे है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने दोनों को घेराबंदी कर पूछताछ किया तो अपना नाम पुष्पेन्द्र सिंह 25 वर्ष व विनिता सिंगोरे 32 वर्ष बताया। उन लोगों के पास रखे थैले की तलाशी ली तो उसमें 13 किलो 200 ग्राम गांजा मिला।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26